3 | राजधानी
सशक्त, समृद्ध भारत को पेश करने की तैयारी

6 | अभिमत
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की महिमा

10 | विदेश
दक्षिणी ब्राजील में तूफान से 21 मरे

12 | स्पोर्ट्स
बोपन्ना-एबडेन अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 300
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 7 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

हरित हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन

राष्ट्रीय-11

पुतिन और शी की गैरहाजिरी से जी-20 पर असर नहीं: जयशंकर

- कहा- दुनिया में भारत की साख काफी अच्छी, हर कोई काफी गंभीरता से शिखर सम्मेलन में आ रहा
- देश ने ऐसे समय में अध्यक्षता संभाली जब दुनिया कठिन दौर में गुजर रही

विदेश मंत्री एस जयशंकर जकार्ता में ईस्ट एशिया सम्मिट से इतर रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से बातचीत करते हुए

पीएनएस/एजेंसी। नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन तथा चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की गैरहाजिरी से जी20 शिखर सम्मलेन पर कोई असर नही पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि पहले भी ऐसा हुआ है और ऐसे राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री रहे हैं, जिन्होंने किन्ही कारणों से वैश्विक बैठकों में नहीं लेने का फैसला किया और उनके स्थान पर उनके देश का प्रतिनिधित्व किसी अन्य प्रतिनिधि ने किया। उन्होंने कहा कि जी20 के लिए बहुत सारे मुद्दे हैं और एक अहम संदेश यही है कि विकासशील देशों पर ध्यान केंद्रित करना है। नौ और 10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित होने जा रहे जी20 शिखर सम्मेलन से पहले एक विशेष साक्षात्कार में एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया के लिए कठिन साबित हो रहे दौर में भारत जी20 की अध्यक्षता कर रहा है। इस कोविड-19, यूक्रेन युद्ध, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों जैसी समस्या से विश्व जूझ रहा है।

शिखर सम्मलेन में साझा प्रयासों के जरिए इनका समाधान ढूंढने का प्रयास किया जाएगा। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत की छवि बहुत रचनात्मक देश की है, जिसकी साख भी काफ़ी अच्छी है। उन्होंने यह भी कहा कि हर कोई काफ़ी गंभीरता के साथ शिखर सम्मेलन में आ रहा है। एस. जयशंकर ने कहा कि मुझे लगता है कि जी20 में अलग-अलग समय पर कुछ ऐसे राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री रहे हैं, जिन्होंने किन्हीं वजहों से खुद नहीं आने का फ़ैसला किया, और उनके देश की नुमांयदगी उनके किसी प्रतिनिधि ने की। लिहाजा ऐसे कुछ मौके रहे हैं, जब एक या दो, कभी-कभी तीन, राष्ट्रपति भी खुद नहीं आए। विदेशमंत्री एस. जयशंकर इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की अनुपस्थिति का असर 9 और 10 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन पर पड़ेगा।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में एस. जयशंकर ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि इसका भारत से कोई लेना-देना है। मेरे विचार में वे जो भी फ़ैसला करते हैं, उसके बारे में उन्हीं को बेहतर जानकारी होगी। चीन के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को घोषणा की थी कि प्रधानमंत्री ली कियांग नई दिल्ली में 18वें जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। मंत्रालय द्वारा शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति शी चिनफिंग की अनुपस्थिति की कोई वजह नहीं बताई गई. उधर, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने पिछले माह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत में शिखर सम्मेलन में शिरकत करने में असमर्थता व्यक्त की थी और बताया था कि रूस का प्रतिनिधित्व विदेशमंत्री सर्गेई लावरोव करेंगे। विदेश मंत्री (शेष पेज 9)

जी-20: प्रधानमंत्री ने मेहमानों का ध्यान रखने का दिया मंत्र

- प्रधानमंत्री ने जी 20 इंडिया मोबाइल ऐप डाउनलोड करने, मेहमानों के साथ बातचीत समेत और अन्य विशेषताओं का इस्तेमाल करने को कहा
- दुनियाभर के नेताओं की मेहमान नवाजी का पूरा ख्याल रखा जाए जिससे किसी को असुविधा नहीं हो

18वीं ईस्ट एशिया समिट तथा 20वीं आसियान-भारत शिखर बैठक में भाग लेने के लिए नई दिल्ली से इंडोनेशिया रवाना होते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिखर सम्मेलन से पहले बुधवार को केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक कर इस महाआयोजन से जुड़ी कई हिदायतें दी हैं। पीएम ने मंत्रियों को बताया है कि उन्हें इन दो दिनों में क्या करना है और क्या नहीं करना है।

ताकि मेगा इवेंट में शामिल होने भारत पहुंच रहे दुनियाभर के नेताओं की मेहमान नवाजी का पूरा ख्याल रखा जाए और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। सूत्रों के मुताबिक मंत्रियों को अपने आधिकारिक वाहनों को छोड़कर भारत मंडपम समेत विभिन्न बैठकों के अन्य स्थानों तक पहुंचने के लिए खास तौर पर लगाई गई बसों का उपयोग करने के लिए कहा गया है। केंद्रीयमंत्रि परिषद की बैठक में (शेष पेज 9)

गीता का ज्ञान देगा खास ऐप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान विदेशी प्रतिनिधियों के सामने अपनी डिजिटल ताकत को प्रदर्शित करेगा जिसमें आधार और यूपीआई जैसे प्रौद्योगिकी मंचों को दर्शाने के साथ गीता ऐप के जरिए जीवन को समझने का मौका भी मिलेगा।

सम्मेलन में शामिल होने के लिए आने वाले मेहमानों के स्वागत के लिए समूचे नई दिल्ली क्षेत्र को विशेष रूप से सजाया-संवारा गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भारत मंडपम में डिजिटल इंडिया का एक अनुभव क्षेत्र भी स्थापित किया है जहां पर पिछले कुछ वर्षों में देश को हासिल प्रौद्योगिकी उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा।

यहां पर विदेशी मेहमानों को पवित्र ग्रंथ गीता की शिक्षाओं एवं उसके दर्शन को समझने का मौका एक विशेष ऐप के जरिए मिल सकेगा। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने (शेष पेज 9)

अवकाश सूचना

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में दिनांक 7 सितंबर 2023 को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 9 सितंबर 2023 को प्रकाशित होगा।

क्विक न्यूज

उपभोक्ता अब यूपीआई पर बोलकर भुगतान कर सकेंगे

मुंबई। एनपीसीआई ने बुधवार को लोकप्रिय भुगतान मंच यूपीआई पर नए भुगतान विकल्प पेश किए। इनमे बोलकर भुगतान करने की सेवा भी शामिल है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गवर्नर शक्तिकांत दास ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट मे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के उत्पाद पेश किए। एक उत्पाद हेलो यूपीआई पेश किया गया, जिसमे ऐप, फोन कॉल और आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) उपकरणो के माध्यम से हिंदी और अंग्रेजी मे आवाज से यूपीआई भुगतान किया जा सकता है।एनपीसीआई ने कहा कि यूपीआई पर क्रेडिट लाइन सुविधा से ग्राहक को इसके माध्यम से बैंको से पूर्व-स्वीकृत कर्ज लेने की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा, उपभोक्ता एक अन्य उत्पाद लाइट एक्स का उपयोग कर ऐप का लेनदेन ऑफ्लाइन भी कर सकेगा।

बिहार की कमला नदी में नाव पलटने से पांच की मौत

दरभंगा, पटना। बिहार के दरभंगा जिले मे कमला नदी मे बुधवार को नाव पलटने से दो महिलाओ और तीन बच्चियो की डूबने से मौत हो गई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने मृतको के आश्रितो को चार-चार लाख की अनुग्रह राशि अविलम्ब उपलब्ध कराने का जिला प्रशासन को निर्देश दिया है। मृतको मे जगतारण देवी (50), फूलपरी देवी (45), लक्ष्मी कुमारी (12), सोनाली कुमारी (13) एवं सोनिया कुमारी (14) शामिल है। दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रौशन ने तिलकेश्वर सहायक थानाक्षेत्र मे हुए इस हादसे के बारे मे बताया कि बुधवार दोपहर मे गढ़पुरा गांव के 13 लोग कमला नदी मे अपने निजी नाव से झाझरा बाजार से खरीदारी करके अपने गांव वापस जा रहे थे। उन्होने बताया कि उसी दौरान तेज आंधी के कारण शाहपुर चौर के पास नाव असंतुलित होकर नदी मे पलट गई जिससे उस पर सवार दो महिलाओ एवं तीन बच्चियां पानी मे डूब गईं।

पवार के आवास पर 13 को होगी इंडिया समन्वय समिति की बैठक

- सीट बंटवारे के फॉर्मूले पर आगे की रणनीति तय करने के लिए समिति की पहली बैठक होगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे के फॉर्मूले पर आगे बढ़ने के लिए 'इंडिया' गठबंधन की समन्वय समिति की पहली बैठक 13 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार के आवास पर होगी। विपक्षी गुट 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस) की तीसरी बैठक पिछले सप्ताह मुंबई में बैठक हुई थी।

इसी बैठक में 14 सदस्यीय समन्वय समिति की घोषणा की गई थी। संसद में प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग सभी दलों के नेताओं की एक बैठक मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर बुलाई गई थी, जिसमें इसी महीने में होने वाले पांच दिवसीय विशेष सत्र के दौरान बेरोजगारी, मूल्य वृद्धि, मणिपुर संकट आदि जैसे सार्वजनिक मुद्दों को उठाने का निर्णय लिया गया। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने मीडिया से कहा कि 'इंडिया' गठबंधन की समन्वय समिति की पहली बैठक 13 सितंबर को नई दिल्ली में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार के राजधानी दिल्ली स्थित आवास पर होगी।

14 सदस्यीय समिति में केसी वेणुगोपाल (कांग्रेस), शरद पवार (एनसीपी), टीआर बालू (डीएमके), हेमंत सोरेन (जेएमएम), संजय राउत (एसएस), तेजस्वी यादव (आरजेडी), अभिषेक बनर्जी (टीएमसी), राघव चड्ढा (आप), जावेद अली खान (सपा), लल्लन सिंह (जद(यू)), डी राजा (सीपीआई), उमर अब्दुल्ला (एनसी), महबूबा मुफ्ती (पीडीपी) और एक नेता सीपीआई (एम) के शामिल हैं। विपक्ष को अपना संयोजक चुनना बाकी है।

मणिपुर में कर्फ्यू का उल्लंघन करने में 40 से अधिक प्रदर्शनकारी घायल

भाषा। इंफाल

मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के फौगाकचाओ इखाई में सुरक्षा अवरोधकों को तोड़ने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले दागे जिससे 40 से अधिक व्यक्ति घायल हो गए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए बिष्णुपुर जिला अस्पताल और मोइरांग सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि कर्फ्यू का उल्लंघन करते हुए बिष्णुपुर जिले के ओइनम में सैकड़ों स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर आ गए और पुलिस और अन्य केंद्रीय बलों के उन जवानों की आवाजाही रोकने के लिए दोपहर करीब ढाई बजे सड़क के बीच में बैठ गए, जो इंफाल से फौगाकचाओ इखाई जा रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि पूर्वाह्न करीब 11.40 बजे, फौगाकचाओ इखाई जा (शेष पेज 9)

उदयनिधि को उचित जवाब की जरूरत: मोदी

- धार्मिक भावनाओं को अपमानित करने के आरोप में उदयनिधि स्टालिन और प्रियांक खड़गे के खिलाफ यूपी में केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सनातन धर्म पर द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन के दिए गए बयान पर देश भर में आक्रोश पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में बुधवार को कहा कि तमिलनाडु के मंत्री टिप्पणी को 'उचित प्रतिक्रिया की आवश्यकता है।' उनकी यह प्रतिक्रिया तब आई है जब उदयनिधि ने एक बार फिर मई में नई संसद के उद्घाटन के लिए केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को निमंत्रण न दिए जाने का उदाहरण देकर सनातन धर्म को खत्म करने संबंधी अपनी टिप्पणी को सही ठहराने का प्रयास किया। जबकि द्रमुक नेता ने इसे सनातन धर्म के अनुयायियों द्वारा भेदभाव का उदाहरण करार दिया, वहीं धार्मिक भावनाओं को अपमानित करने के आरोप में उदयनिधि स्टालिन और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक खड़गे के खिलाफ उत्तर प्रदेश के रामपुर में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने कहा कि स्टालिन पर सनातन धर्म को खत्म करने का आह्वान करने और खड़गे पर उनकी टिप्पणी का समर्थन करने के लिए मामला दर्ज किया गया है। समझा जाता है कि कैबिनेट बैठक के दौरान मंत्रियों के साथ अनौपचारिक बातचीत में मोदी ने यह मुद्दा उठाया और कहा कि मंत्रियों को 'सनातन धर्म' की बहस का उचित जवाब देना चाहिए।

सूत्रों ने कहा कि मोदी ने अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों से इस विषय पर खुद को पर्याप्त रूप से जानकारी हासिल करने और इंडिया बनाम भारत विवाद को सनातन विवाद पर हावी हुए बिना 'सनातन' विवाद में विपक्षी नेताओं का मुकाबला करने के लिए तथ्य पेश करने के लिए कहा। सूत्र ने बताया कि प्रधानमंत्री ने कहा कि केवल पार्टी प्रवक्ताओं को ही इंडिया बनाम भारत मुद्दे पर बोलना चाहिए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन अपने बयान में 'सनातन धर्म' की तुलना डेंगू और मलेरिया से करते हुए इसे खत्म करने का आह्वान किया था। उनके इस बयान नेदेशव्यापी विवाद पैदा कर दिया है।

भाजपा नेताओं ने विपक्षी गठबंधन (इंडिया) के नेताओं से सवाल किया है कि क्या यह विपक्ष की सामूहिक राय है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि सनातन धर्म पर 'हमला' 'घमंडिया' गठबंधन (भारत) के नेतृत्व वाले विपक्षी दलों द्वारा एक जानबूझकर किया गया डिजाइन है। स्टालिन के इस आरोप का खंडन करने की कोशिश करते हुए कि मुर्मू को नए संसद भवन के हालिया उद्घाटन में आमंत्रित नहीं किया गया था और यह सनातन की 'भेदभावपूर्ण' प्रथा को दर्शाता है, राज्य भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने आश्चर्य जताया कि द्रमुक ने उन्हें वोट क्यों नहीं दिया। तमिलनाडु भाजपा प्रमुख ने कहा, आदिवासी समुदाय से आने वाली द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति और देश का प्रथम नागरिक बनाया गया और वह सनातन धर्म है।

इस मुद्दे पर राजनीतिक हंगामे के अलावा, पूर्व न्यायाधीशों और नौकरशाहों सहित 260 से अधिक प्रतिष्ठित नागरिकों ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर द्रमुक नेता की टिप्पणियों पर संज्ञान लेने का आग्रह किया है और इसे 'घृणास्पद भाषण' कहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रकाश जावड़ेकर ने द्रमुक नेता की निंदा करते हुए मांग की कि उन्हें अपनी टिप्पणियों के लिए तुरंत माफी मांगनी चाहिए और कैबिनेट से इस्तीफा भी देना चाहिए। द्रमुक के गठबंधन सहयोगी कांग्रेस पर इस मुद्दे पर चुप रहने का आरोप लगाते हुए, पूर्व केंद्रीय मंत्री (शेष पेज 9)

जी-20 की तैयारी और दिल्ली में जाम का जंजाल

- यातायात और सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए मैप माय इंडिया ऐप का उपयोग करें: दिल्ली पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने इंडिया गेट और कर्तव्य पथ पर पैदल चलने, साइकिल चलाने व सैर सपाटे पर पाबंदी लगा दी है। जी-20 शिखर सम्मेलन में नौ से 10 सितंबर तक प्रगति मैदान में नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र भारत मंडपम में आयोजित होगा।

इसके मद्देनजर लुटियन दिल्ली को नियंत्रित क्षेत्र घोषित किया गया है। इसलिए पुलिस लोगों से अपील की है कि इस महाआयोजन के दौरान पिकनिक जैसी गतिविधियों से बचने की सलाह दी है। दिल्ली पुलिस ने गत सोमवार को परामर्श जारी कर कहा था कि लुटियंस दिल्ली में आम लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंधत रहेगा। बाकी दिल्ली में आने-जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। इसके बावजूद बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के चलते नई दिल्ली में क्षेत्र व दिल्ली की सीमाओ पर यातायात जाम के चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाल फिलहाल में दिल्ली वालों को इस समस्या से निजात मिलने वाली नहीं है।

पिछले दो दिनों से कारकेड रिहर्सल के चलते जगह-जगह बैरिकेड्स के कारण वाहन चालकों को सुचारू आवाजाही में बाधा आ रही है और सड़कों पर सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक वाहन चालक ने बताय कि रिहर्सल के दौरान लगी पांबदी के चलते डिफेंस कॉलोनी में जाम में करीब दो घंटे फंसा रहा। लाजपत नगर की (शेष पेज 9)

अपराधियों की एंट्री पर ही पहचान लेगा नया सॉफ्टवेयर

जी-20 शिखर सम्मेलन में आने वाले दुनियाभर के नेताओं और दूसरे वीवीआईपी हस्तियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा चाक चौबंद कर दी है। पुलिस ने एक ऐसा सॉफ्टवेयर तैयार किया है जो मेगा इवेंट के दौरान दिल्ली में किसी भी अपराधियों के प्रवेश करने पर ही पहचान लेगा। तस्वीरों और ऑडियो से जानकारी निकालने में मशहूर एआई रिसर्च फर्म स्टैक ने राष्ट्रीय राजधानी की सीमाओं की निगरानी करने (शेष पेज 9)

आगरा में बुधवार को जन्माष्टमी के अवसर पर बाल कृष्ण को यमुना नदी में मथुरा से वृंदावन ले जाने की झांकी निकालते श्रद्धालु।

तिरंगे व रंगीन लाइट से वीआईपी मार्ग जगमगाया

हिंडन स्टेशन से लेकर एनएच 9 तक जगमगा रहे मार्ग, नोएडा की सड़कें रोशनी में नहाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा/गाजियाबाद

जी-20 को लेकर नगर निगम की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। नगर निगम प्रशासन ने विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए हिंडन एयर फोर्स स्टेशन से लेकर एनएच 9 तक तिरंगा और बटरफ्लाई लाइट लगा दी है। वहीं नोएडा की सड़के भी रोशनी से जगमगा रही है।

साथ ही जहां से भी विदेशी मेहमान गुजरेंगे वहां पर स्वागत लाइट भी अपना जलवा बिखेरने को तैयार है। जी-20 को लेकर नगर निगम प्रशासन को वीआईपी रूट कहे जाने वाले हिंडन एयर फोर्स स्टेशन से लेकर एनएच 9 तक के रूट को चमकाना है।

इसके लिए नगर निगम को यूपी सरकार ने आठ करोड़ 26 लाख रुपये दिए थे। इस रूट से ही होकर लंबे समय से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जाते है। नगर निगम को बताया गया है कि सात तारीख से ही विदेशी मेहमानों का विमान हिंडन एयर फोर्स स्टेशन पर लैंड करना शुरू कर देगा। उनका काफिला सीधे स्टेशन से गोल चक्कर, करहेड़ा रोड़ और आगे एलिवेटेड रोड से होकर मेहमानों का काफिला जाएगा। इस पूरे रूट को नगर निगम ने पूरी तरह से चमका दिया है। दरअसल नगर निगम प्रशासन ने इस पूरेरूट की सडक को ठीक कर दिया। रंगाई पुताई का कार्य पूरा हो गया। राजस्थान से लाई गई पत्थर की ग्रिल बनाने का कार्य पूरा हो गया। लाइटिंग का कार्य भी पूरा कर लिया गया है।

वहीं हिंडन एयरपोर्ट को तीन दिनों तक एक अंतरराष्ट्रीय मिनी एयरपोर्ट के रूप में इस्तेमाल किया जाना है। इसके लिए केंद्र और राज्य की सरकारों के बीच सहमति बन चुकी है। अब हिंडन एयरपोर्ट सिकंदरपुर मार्ग से लेकर हिंडन एयर फोर्स गोल चक्कर से होते हुए हिंडन एलीवेटेड रोड और यूपी गेट तक लगभग तीन करोड़ रुपए की लागत से यहां की स्ट्रीट लाइटें लगाने और पुरानी खराब बंद लाइटों को सुधारने का काम किया जा रहा है।

कई प्रमुख गोल चक्कर और ब्लैक स्पॉट वाले मार्ग पर हाई मास्क लाइटें भी लगाई गई। पूरा मार्ग दूधिया रोशनी से नहाए इसका पूरा प्रबंध किया जा रहा है। इसके लिए लगभग तीन करोड़ रुपए की लागत से प्रकाश व्यवस्था की जा रही है। विदेशी मेहमानों का काफिला जब हिंडन एयरपोर्ट से उतरकर दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगा तो वह स्वतंत्रता संग्राम की गवाही वाली हिंडन नदी के पुल से भी गुजरेगा।

ऐसे में करहेड़ा के निकट हिंडन नदी के पुल के दोनों और लगी जाली को नया रंग-रोगन कराया जा रहा है। साथ ही हॉर्टिकल्चर विभाग द्वारा हरे और आकर्षक ऐसे पौधे लगाए जा रहे हैं जो दूर से ही अपनी सुंदरता प्रदान करेंगे। वहीं इस पूरे मार्ग पर जगह-जगह स्वागत बोर्ड लगाने का भी कार्यक्रम शुरू कर हो चुका है।

गाजियाबाद में बच्ची पर कुत्ते ने किया हमला

गाजियाबाद। गाजियाबाद में डॉग अटैक का एक और मामला सामने आया है। सड़क पर खड़ी बच्ची पर स्ट्रीट डॉग ने हमला बोल दिया। बच्ची को नीचे सड़क पर गिरा दिया। उसका मुंह नोंच डाला।

लोगों के पहुंचने पर कुत्ता भाग गया। बच्ची के मुंह पर कई जगह चोटों के निशान आए। हालांकि बच्ची अब पूरी तरह स्वस्थ है। वार्ड.48 के पूर्व पार्षद आसिफ चौधरी के अनुसार, ये घटनाक्रम विजयनगर थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर में 6 जुलाई का है। फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि सड़क पर एक मासूम बच्ची खड़ी हुई है। तभी पहले एक स्ट्रीट डॉग उसको घूरता है।

फिर दौड़कर बच्ची के ऊपर कूद जाता है। बच्ची इस हमले में मुंह के बल जमीन पर गिर जाती है। कुत्ता उसके मुंह को जबड़े से नोंच लेता है और फिर भाग जाता है।

आसपास दुकानों पर मौजूद लोगों ने दौड़कर बच्ची को उठाया। पूर्व पार्षद ने बताया कि ये घटना करीब दो महीने पुरानी है, लेकिन इसका सीसीटीवी अब सामने आया है। मामले की जांच जारी है।

संक्षिप्त समाचार

नोएडा में वाहन चोरी करने वाला गिरफ्तार अभियुक्त। आरोपी के कब्जे और निशानदेही से चोरी की छह मोटरसाइकिल व एक अवैध चाकू बरामद।

नोएडा पुलिस ने दो लुटेरों को किया गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा की थाना सेक्टर 20 पुलिस ने रेसिंग बाइक से लूटपाट करने वाले दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। यह लोग केटीएम बाइक पर सवार होकर मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम दिया करते थे। पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से लूटे हुए सात मोबाइल फोन, एक तमंचा, एक केटीएम मोटरसाइकिल और अवैध गांजा भी बरामद किया है। थाना सेक्टर 20 नोएडा पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 2 लुटेरों गुलशन व सन्नी को सब मॉल के पीछे पार्किंग के गेट के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लुटेरे अपनी केटीएम बाइक से कंपनियों के आस.पास घात लगाकर खड़े रहते थे। कम्पनी से काम करके निकलने वाले व्यक्तियों से मौका देखकर मोबाइल छीन लेते हैं और भाग जाते हैं। लूट की घटना करते समय अक्सर मोटरसाइकिल को गुलशन चलाता है। सनी पीछे बैठकर मोबाइल छीनता है। पकड़े गए दोनों आरोपी गाजियाबाद के रहने वाले हैं। थाना सेक्टर 20 प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में कंपनियों में काम करने वाले लोगों से मोबाइल लूट की वारदातें हो रही थी।

नव विवाहित समेत दो ने की आत्महत्या

नोएडा। थाना फेस-3 क्षेत्र के बसई गांव में रहने वाली एक 28 वर्षीय नव विवाहिता ने बीती रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के सेक्टर-56 तिहारे के पास एक प्लंबर ने पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना फेस-3 के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि पल्लवी 28 वर्ष पत्नी रवि कुमार की आठ माह पूर्व शादी हुई थी। बीती रात को उन्होंने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। अगर वे मामले में कोई शिकायत करते हैं तो घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी। थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के सेक्टर-56 तिराहे पर ध्वजामनी 42 वर्ष नामक प्लंबर ने सुबह एक पेड़ की डाल से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक उड़ीसा का रहने वाला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रालोद का भाईचारा सम्मेलन 16 को

गाजियाबाद। इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनने जा रहा राष्ट्रीय लोकदल लोकसभा चुनाव को लेकर गंभीर है। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी चाहते हैं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उनकी पार्टी की सीटों में भी मजबूत हिस्सेदारी हो। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जयंत चौधरी ने जमीनी स्तर पर पार्टी के संगठन को मजबूत करने की कवायद भी शुरू कर दी है। रालोद के प्रदेश प्रवक्ता अजयवीर सिंह एड ने बताया कि रालोद ने 11 सितंबर को नोएडा में पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है। उधर, पार्टी 16 सितंबर को मेरठ में भाईचारा सम्मेलन आयोजित करने जा रही है। दरअसल, इंडिया गठबंधन में सबकी नजरें इस ओर हैं कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, रालोद और कांग्रेस के बीच सीटों का बंटवारा कैसे होता है, समाजवादी पार्टी जहां यूपी में 50 सीटों पर अपने कैंडिडेट उतारना चाहती है तो वहीं कांग्रेस भी 25 सीटों पर दावेदारी कर रही है।

जिला अस्पताल में पैरासिटामोल सिरप के नमूने हुए फेल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● स्वास्थ्य विभाग ने दवा सप्लाई को रोका

जिला अस्पताल में मरीजों को दिया जाने वाला पेरासिटामोल सिरप के सैंपल फेल हो गए। पेरासिटामोल सिरप मानकों पर खरा ही नहीं उतर पाया। जांच में सिरप का सैंपल फेल होने पर ड्रग्स विभाग ने नोटिस जारी करते हुए फिलहाल इस पर रोक लगा दी है। ड्रग्स विभाग ने अगस्त में निरीक्षण के दौरान सिरप का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा था।

रिजल्ट आने के बाद ड्रग्स विभाग ने तत्काल प्रभाव से इस पर रोक लगा दी है। जिला अस्पताल में अब पेरासिटामोल सिरप नहीं दिया जाएगा। सीएमओ सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि विभागीय एजंसी का सप्लाई और स्टोक को वापस कर दिया गया है। ड्रग इंस्पेक्टर वैभव बब्बर ने कहा हमने स्वस्थ विभाग को जानकारी दे दी है। सीएमओ सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि अप्रैल 2022 सिरप का ऑर्डर दिया गया था।

एक महीने बाद रुड़की उत्तराखंड की ऐपल फार्मलेशन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से गौतम बुध नगर और बदायूं को भेजा गया था। 14000 सिरप की आपूर्ति ड्रग वेयर हाउस को मई 2022 में हुई थी। यहां से सिरप जिम्स, सरकारी स्वस्थ केंद्र को भेजा गया।

जुलाई में जिला अस्पताल से सिरप का नमूना लिया गया। 16 अगस्त को सिरप की रिपोर्ट आई जो मानको पर खरी नहीं थी। रिपोर्ट में तत्व 80 प्रतिशत से कम मिले। अब तक 10 हजार सिरप की आपूर्ति हो गई थी। 6 हजार बच्चे है उसे वापस कर दिया गया है।

ओके प्ले इंडिया लिमिटेड

सीआईएन : एल28219एचआर1988पीएलसी030347
पंजी. कार्यालय : 17–18, रोज–का–मेयो इंडस्ट्रियल एस्टेट, तहसील नूह, जिला मेवात, हरियाणा–122103
वेबसाइट : www.okplay.co.in ई–मेल : info@okplay.in
फोन : 011–46190000, फैक्स : 011 46190090

ओके प्ले इंडिया लिमिटेड की 34वीं वार्षिक सामान्य बैठक के संबंध में सूचना

ओके प्ले इंडिया लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की 34वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") कम्पनी अधिनियम, 2013 के सभी लागू प्रावधानों एवं तदधीन विरचित नियमों, सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015, यथा संशोधित, के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020 दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांकित 05 मई, 2020, 02/2021 दिनांकित 13 जनवरी, 2021, 19/2021 दिनांकित 8 दिसम्बर, 2021, 21/2021 दिनांकित 14 दिसम्बर, 2021, 02/2022 दिनांकित 5 मई, 2022, 10/2022 दिनांकित 28 दिसम्बर, 2022 तथा अन्य लागू सर्कुलर्स ("एमसीए सर्कुलर्स) और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर /पी/2020/79 दिनांकित 12 मई, 2020, सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर /पी/2021/11 दिनांकित 15 जनवरी, 2021, सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर /पी/2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022 तथा सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी–2/पी/सीआईआर/2023/4 दिनांकित 5 जनवरी, 2023 ("सेबी सर्कुलर्स") के अनुपालन में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से, शनिवार, 30 सितम्बर, 2023 को अप. 01.30 बजे (आईएसटी), एजीएम की सूचना ("सूचना") में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी।

एमसीए सर्कुलर्स तथा सेबी सर्कुलर्स के अनुपालन में, सूचना तथा एकीकृत रिपोर्ट एवं वार्षिक लेखा 2022–23 ("एकीकृत रिपोर्ट") इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा उन सदस्यों को भेजी जाएगी, जिनकी ई–मेल आईडी कम्पनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स ("डीपी'ज") के पास 25–08–2023 को पंजीबद्ध है तथा पूर्ण एकीकृत रिपोर्ट की भौतिक प्रति उन शेयरधारकों को भेजी जाएगी जो उसके लिए अनुरोध करेंगे। सूचना तथा एकीकृत रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट https://www.okplay.co.in पर तथा स्टॉक एक्सचेंजेज नामतः बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर और नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त, सदस्यगण एजीएम में केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से जुड़ और भाग ले सकते हैं। एजीएम से जुड़ने और भाग लेने हेतु अनुदेश एजीएम सूचना में उपलब्ध कराए जाएंगे। वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों की गणना कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत गणपूर्ति के प्रयोजनार्थ की जाएगी। भौतिक रूप में शेयरों के धारक कम्पनी के जिन सदस्यों ने अपना ई–मेल पता कम्पनी में पंजीकृत नहीं करवाया है, उनसे अनुरोध है कि उसका पंजीकरण सूचना में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार अर्थात आवश्यक प्रपत्र आईएसआर–1 समर्थन दस्तावेजों के साथ भेजकर करवा लें। प्रपत्र आईएसआर–1 https://masserv.com/downloads.asp पर तथा www.okplay.in पर और विस्तृत एफएक्यू'ज https://okplay.in/investors #1662467359558-b9167fc3-446d पर उपलब्ध हैं। जिन सदस्यों के शेयर अभौतिक रूप में हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपना ई–मेल पता अपने संबंधित डीपी'ज के पास पंजीकृत/अद्यतन करवा लें। कम्पनी सदस्यों को सूचना में सूचीबद्ध व्यवसायों पर उनका वोट डालने के लिए रिमोट ई–वोटिंग सुविधा उपलब्ध करवाएगी। इसके अलावा, कम्पनी एजीएम के दौरान ई–वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध करवाएगी। रिमोट ई–वोटिंग/एजीएम में ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने हेतु विस्तृत प्रक्रिया, जिसमें उन सदस्यों के लिए रिमोट ई–वोटिंग/एजीएम में ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का तरीका शामिल है, जिनके शेयर भौतिक रूप में हैं या जिनके द्वारा ई–मेल पता पंजीकृत नहीं करवाया गया है, सूचना में वर्णित किया जाएगा।

यह विज्ञापन एमसीए तथा सेबी के सर्कुलर्स के अनुसरण में कम्पनी के सभी सदस्यों की जानकारी और उनके हितार्थ जारी किया जा रहा है।

वास्ते ओके प्ले इंडिया लिमिटेड
हस्ता./–
मीनू गोस्वामी
कम्पनी सेक्रेटरी एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 06–09–2023

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Lalit Mohan is the owner of Residential MIG Flat bearing No. A-1/26, on Ground Floor, in Pocket No. A-1, situated in the layout plan of Housing Estate at Rohini, Sector-5, Rohini, Delhi, vide registered Will dated 14.12.2012. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/ mortgage/ litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Kulwant Singh is the owner of Property bearing No. 5-C/ 26, area measuring 78 sq. yds., out of total area measuring 200 sq. yds., out of Khasra No. 19/9 and 19/10, situated in the area of Village Khyala, in the abadi of Vishnu Garden Extension, New Delhi-110018, vide GPA, ATS & Will dated 03.11.2009. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

COSCO (INDIA) LIMITED

CIN : L25199DL1980PLC010173
Regd. Office : 2/8, Roop Nagar, Delhi-110 007
Website : www.cosco.in Email : mail@cosco.in
Tel. : 91-11-23843000 Fax : 91-11-23846000
BSE Trading Symbol: COSCO

NOTICE OF 44th ANNUAL GENERAL MEETING, REMOTE E-VOTING INFORMATION AND BOOK CLOSURE

Notice is hereby given that 44th Annual General Meeting (AGM) of the Members of Cosco (India) Limited("the Company")will be held on Saturday, September 30, 2023 at 12:00 Noon through Video Conferencing ("VC") / Other Audio Visual Means ("OAVM") to transact the business(es), as set out in the Notice of the AGM only through e-voting facility.

In compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and Rules issued thereunder and Exchange Board of India (SEBI)(Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with General Circular Nos. 20/2020 dated May 5, 2020, 10/2022 dated 28th December, 2022 issued by the Ministry of Corporate Affairs and SEBI Circular(s) Nos. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 dated 13th May, 2022, SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4 dated 5th January, 2023 issued by SEBI, along with other applicable Circulars issued in this regard by the MCA and SEBI, The AGM will be held only through VC/OAVM. The instructions for joining the AGM electronically are provided in the Notice of the AGM.

Notice of the AGM along with the Annual Report for FY 2022-23 has been sent on September 06,2023 only through electronic mode to those Members whose e-mail addresses are registered with the Company or CDSL/ NSDL ("Depositories") and will also be available on the Company's website www.cosco.in and website of the Stock Exchanges viz. BSE Ltd. at www.bseindia.com .

In compliance with the provisions of section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of Companies (Management and Administration) Rules, 2014 as amended and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Secretarial Standard-2 issued by the Institute of Company Secretaries of India and the MCA Circular(s), the member are provided with the facility to cast their vote electronically through remote e-voting (prior to AGM) and e-voting (during the AGM) services provided by National Securities Depository Limited (NSDL) on all resolution set forth in the Notice of 44th AGM.

The Company has engaged the services of M/s. Skyline Financial Services Private Limited as the authorized agency for conducting the AGM electronically. The remote e-voting period will commence from Tuesday, September 26, 2023 (9:00 a.m. IST) and ends on Friday, September 29, 2023 (5:00 p.m. IST). During this period the eligible members of the Company, holding shares either in physical form or in dematerialized form, may cast their vote electronically. The e-voting module will be disabled by NSDL for voting thereafter i.e. voting shall not be allowed beyond 5:00 p.m. on September 29, 2023. Facility for e-voting shall also be made available during the AGM to those Members who attend the AGM and who have not already cast their vote. The Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may also attend/ participate in the AGM through VC / OAVM but shall not be entitled to cast their vote again. The Company has appointed CS Ravi Sharma (Mem. No. 4468) a practicing Company Secretary as Scrutinizer to scrutinize the e-voting procedure in a fair and transparent manner.

Any person, who acquires shares of the Company and become member of the Company after dispatch of the notice and holding shares as on the cut-off date, may obtain the login ID and password by sending a request at info@skylinerta.com or admin@skylinerta.com or evoting@nsdl.co.in. to cast his/her vote. The detailed procedure for obtaining the login ID and password and exercising e-voting provided in the Notice of AGM.

The cut-off date for determining the eligibility of members for voting through remote e-voting and e-voting at the AGM is Saturday, September 23, 2023.

The results of voting will be declared within 48 hours from the conclusion of AGM i.e on or before October 03, 2023 and the results so declared along with the consolidated Scrutinizer's report will be placed on the website of the Company www.cosco.in and website of the Stock Exchanges viz. BSE Ltd. at www.bseindia.com .

In case of any queries / grievances connected with electronic voting, Shareholders may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) and E-Voting User Manual for shareholders available at the download section of www.evoting@nsdl.com under help section or write an email to evoting@nsdl.co.in.or may contact to Ms. Pallavi Mhatre , Senior Manager, email Id:- evoting@nsdl.co.in., Ph.No. 022-4886 7000 or 022-2499 7000. Alternatively, members may also write to the Company Secretary of the Company at the email ID: sudha@cosco.in

Notice is also hereby given pursuant to section 91 of the Companies Act, 2013 read with applicable Rules and Regulation 42 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from Sunday, September 24, 2023 to Saturday, September 30, 2023, both days inclusive, for the 44th AGM and for determining the entitlement of members for the purpose of AGM for the financial year ended March 31st, 2023.

By Order of the Board of Directors
For Cosco (India) Limited
Sd/-
Devinder Kumar Jain
Managing Director and CEO
(DIN: 00191539)

Place: New Delhi
Date: September 06, 2023

ADDI INDUSTRIES LIMITED

CIN: L51109DL1980PLC256335
Registered Office A-104, Third Floor, Okhla Industrial Area Phase – II, New Delhi - 110020
Phone: 011-45025469, **Email:**atul.addi@gmail.com, addiind@gmail.com
Website: www.addiindustries.com

NOTICE OF THE 41st ANNUAL GENERAL MEETING, E-VOTING INFORMATION AND BOOK CLOSURE DATE(S)

Dear Members,

The 41st Annual General Meeting ('AGM') of the members of **Addi Industries Limited** ("the Company") will be held on **Saturday, 30th September, 2023 at 9:00 A.M.** through Video Conferencing ('VC')/Other Audio Visual Means ('OAVM') facility to transact the businesses as set out in the Notice of AGM in compliance with General Circular 10/2022 issued by the Ministry of Corporate Affairs (MCA) dated 28th December, 2022 and SEBI circular No. SEBI/HO/CFD/PoD-2/PICIR/2023/4 dated 5th January, 2023 (hereinafter collectively referred to as "the Circulars") and all other applicable laws. The members intending to attend the AGM through VC / OAVM may attend the AGM by following the procedure prescribed in the AGM Notice.

In compliance with the aforesaid Circulars, the Notice of AGM and Annual Report for the Financial Year 2022-23 have been sent on **6th September, 2023** to all the members, through electronic mode whose e-mail address are registered / available with the Company / Depository Participants (DP) / Registrar and Transfer Agents ("RTA").

In compliance with Section 108 of the Companies Act, 2013, Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and aforesaid Circular(s), the Members are provided with the facility to attend AGM through Video Conferencing (VC) / Other Audio Visual Means (OAVM), to cast their vote electronically through the Remote e-voting before the AGM and through e-voting during the AGM, through the Authorised Agency, **Central Depository Securities Limited (CDSL).**

The process and manner of Remote e-voting / e-voting during the AGM and instructions for participation at the AGM through VC/OAVM are provided in the Notice of AGM.

Pursuant to Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2015 as amended, Members are hereby informed that:

a) the Ordinary Business and the Special Business as set out in the Notice of 41st AGM will be transacted through voting by electronic means;
b) the Remote e-voting shall commence on **Wednesday, 27th September, 2023 at 09.00 A.M;**
c) the Remote e-voting shall end on **Friday, 29th September, 2023 at 05.00 P.M.** Thereafter, the facility of Remote e-voting shall be disabled by CDSL.
d) the e-voting rights of the Members shall be in proportion to the paid-up value of their Shares in the Equity Share Capital of the Company. Members of the Company holding Shares either in physical form or in dematerialized form, as on **the cut-off date i.e. Saturday 23rd September 2023**, may cast their vote by Remote e-voting before AGM / e-voting at AGM.
e) Any person who acquires Shares of the Company and becomes member of the Company after dispatch of the Notice and holding Shares as on **the cut-off date i.e. Saturday 23rd September, 2023** may follow the login process mentioned in the notice.
f) **Members may further note that:**
   (i) Once the vote on a resolution is cast by the Member. the Member shall not be allowed to change it subsequently.
   (ii) Members who have voted through Remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again at the meeting.
   (iii) A person whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the depositories as on the cut-off date shall be entitled to avail the facility of Remote e-voting attend the AGM through VC/OAVM and e-voting at the AGM.
   (iv) The Notice of AGM and Annual Report are available on the website of the Company at **www.addiindustries.com** , website of the stock Exchange i.e. BSE Limited at **www.bseindia.com** and website of CDSL at **www.evotingindia.com**.
   (v) In case of any grievance connected with the facility for voting by electronic means, Members can directly contact Mr. Rakesh Dalivi Sr. Manager (CDSL), Central Depository Services (India) Limited e-mail ID**: helpdesk.evoting@cdslindia.com** or call on **Toll Free No.: 1800-22-55-33**. Members may also write to the Company at the e-mail ID**: atul.addi@gmail.com**

Book Closure: Pursuant to the provisions of Section 91 of the Companies Act, 2013 and Regulation 42 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Register of Members and Share Transfer Books will remain closed from **Sunday, 24thSeptember, 2023 to Saturday, 30th September, 2023** (both days inclusive) for the purpose of this AGM.

The result of voting on the resolutions set out in the Notice of the AGM shall be declared within 2 working days of conclusion of the AGM. The results declared along with the report of the Scrutinizer shall be placed on the website of the Company **www.addiindustries.com** and on the website of CDSL immediately after the declaration of result by the Chairman or a person authorized by him and the results shall also be communicated to the Stock Exchange.

For ADDI Industries Limited
Sd/-
Taranjeet Kaur
Company Secretary, Membership No. 8991

Date : 06.09.2023
Place : New Delhi

NOTICE

TWENTY FIRST CENTURY MEDICARE LIMITED
Plot No. 22, LSC, Madangir, New Delhi-110062
CIN-U24239DL1985PLC022113, E-Mail: mpd.humanity@gmail.com

NOTICE is hereby given that the 38th Annual General Meeting (AGM) of the Company will be held on Thursday, 28th, September, 2023 at 10.00 A.M. at Plot No.22, L.S.C. Madangir, New Delhi-110062, to transact the business, as set out in the Notice of AGM. The Company has completed dispatch of the Annual Report for financial year 2022-23 to Members through permitted mode by Tuesday, September 5th, 2023.

In compliance with Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended from time to time, Members are provided with the facility to cast their votes on all resolutions set forth in the Notice of the AGM using electronic voting system provided by Central Depository Services (India) Limited (CDSL) from a place other than the venue of the AGM ('remote e-voting') and the business may be transacted through such voting. The voting rights of Members shall be in proportion to the equity shares held by them in the paid-up equity share capital of the Company as on Friday, September 22nd, 2023 ('cut-off date').

The facility for voting, either through electronic voting system or polling paper shall also be made available at the AGM. The Members who have cast their vote by remote e-voting may attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again.

The e-voting period commences on September 25th, 2023, Monday at 09:00 a.m. and ends on September 27th, 2023, Wednesday at 05.00 p.m., thereafter the said facility shall be blocked. During this period, Members may cast their vote electronically. The e-voting module shall be disabled by CDSL thereafter.

A person who has acquired shares and become a Member of the Company after the dispatch of notice of AGM and holding shares as of cut-off date, may obtain the login ID and password by sending a request at helpdesk.evoting@cdslindia.com.

However, if the person is already registered with CDSL for remote e-voting then the existing user ID and password can be used for casting vote.

For details relating to remote e-voting, please refer to the Notice of the AGM. In case of any queries relating to voting by electronic means, please refer to the Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting user manual for Shareholders available at www.evotingindia.com or contact at toll free no. 1800225533 or send a request at **helpdesk.evoting@cdslindia.com.** In case of any grievances connected with facility for voting by electronic means, please contact to the Manager (CDSL), Central Depository Services (India) Limited, A Wing, 25th Floor, Marathon Futurex, Mafatlal Mill Compounds, N M Joshi Marg, Lower Parel (East), Mumbai - 400013 or send an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or call on 022-23058542/43.

The Notice of AGM is also available on the website of the CDSL at www.evoting.cdsl.com and at the website of Skyline Financial Services Private Limited, the Registrar and Share Transfer Agent at www.skylinerta.com.

For **Twenty First Century Medicare Limited**
Rajni Sharma
DIRECTOR
DIN:00144238

DATE: 07-09-2023
Place: New Delhi

जिंदल लीजफिन लिमिटेड

सीआईएन : एल74899डीएल1994पीएलसी059252
पंजी. कार्यालय : 110, बाबर रोड, नई दिल्ली–110001
फोन : 011–46201000 फैक्स : 011–46201002, ई–मेल : jindal@jindal.bz, taxation@jindal.bz, वेबसाइट : www.jlltd.co.in

29वीं वार्षिक सामान्य बैठक, ई–वोटिंग जानकारी तथा बही बंदी की सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि जिंदल लीजफिन लिमिटेड के सदस्यों की 29वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) शनिवार, 30 सितम्बर, 2023 को पूर्वा. 10.00 बजे केजरीवाल फार्म हाउस, होलाम्बी कलां, नरेला, दिल्ली–110082 में आयोजित होगी।

सूचना, वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित इलेक्ट्रानिक विधि से उन सभी सदस्यों को भेजी जा चुकी है, जिनकी ई–मेल आईडी'ज कम्पनी/ डिपॉजिटरी सहभागी के पास पंजीबद्ध हैं। अन्य सभी सदस्यों को सूचना की भौतिक प्रतियां, वार्षिक रिपोर्ट सहित उनके पंजीकृत पते पर भेजी जा चुकी हैं।

सदस्यगण इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सीडीएसएल द्वारा उपलब्ध कराई गई रिमोट ई–वोटिंग सर्विसेज के माध्यम से कर सकते हैं। वोटिंग अधिकार की गणना कट ऑफ तिथि अर्थात 23 सितम्बर, 2023 को सदस्य/लाभार्थी स्वामी के नाम में पंजीकृत शेयरों के प्रदत्त मूल्य पर की जाएगी। कोई व्यक्ति, जो बैठक की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है और कट ऑफ तिथि अर्थात 23 सितम्बर, 2023 को शेयरों का धारक है, वह beetlarta@gmail.com पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

रिमोट ई–वोटिंग अवधि बुधवार, 27 सितम्बर, 2023 को पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी) आरंभ होगी तथा शुक्रवार, 29 सितम्बर, 2023 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। कृपया नोट करें कि 29 सितम्बर, 2023 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) के पश्चात रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।

एजीएम स्थल पर मतपत्र द्वारा वोट डालने की सुविधा बैठक में उपस्थित उन सदस्यों को उपलब्ध होगी, जिनके द्वारा रिमोट ई–वोटिंग द्वारा वोट नहीं डाला गया है। एजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा वोट डाल चुके सदस्य भी बैठक में भाग ले सकते हैं, परंतु उनको एजीएम में पुनः वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।

सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट : www.jlltd.co.in से डाउनलोड भी की जा सकती है। ई–वोटिंग संबंधी कोई भी शिकायत अधोहस्ताक्षरी को संबोधित की जा सकती है। कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के साथ पठित तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (एलओडीआर) विनियमावली, 2015 के विनियम 42 के अनुसरण में कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर अंतरण बहियां 25 सितम्बर, 2022 से 30 सितम्बर, 2023 तक वार्षिक सामान्य बैठक के प्रयोजन हेतु बंद रहेंगी।

वास्ते जिंदल लीजफिन लिमिटेड
हस्ता./–
सुरेन्द्र कुमार जिंदल
प्रबंध निदेशक

तिथि : 06–09–2023
स्थान : दिल्ली

बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI
अंचल कार्यालय : गाजियाबाद अंचल, पताः बी–32, सेक्टर–62, नोएडा–201307

(नियम 8(1)) कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के **बैंक ऑफ इंडिया**, बुलंदशहर शाखा का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (2002 का 54) के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत **उधारकर्ता–** श्री जुगेन्द्र सिंह पुत्र श्री महेन्द्र सिंह, गाँव–रजवाना, परगना– अगौता, तहसील– एवं जिला– बुलन्दशहर, यू.पी. – 203001 उधारकर्ता ग्राम–रजवाना, परगना–अगौता, तहसील– एवं जिला–बुलंदशहर, यूपी–203001 (रिहायशी पता) एवं मकान नं. 46/1, वार्ड सं. 02, ग्राम–अकबरपुर (सुशीला विहार–1) तहसील एवं जिला–बुलंदशहर, उ.प्र. (संपत्ति पता), को मांग सूचना दिनांक **27-06-2023** को जारी किया था जिसमें सूचना में उल्लेखित राशि रु. **8,72,892.48** (रु. आठ लाख बहत्तर हजार आठ सौ बान्वे और पैसे अडतालीस) दिनांक 27.06.2023 तक और भविष्य का ब्याज, लागत, खर्चे एवं अन्य आकस्मिक प्रभार इत्यादि सहित उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/गारंटर राशि का प्रतिभुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियम 2002 के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत दिनांक **04.09.2023** को लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार/गारंटर तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **बैंक ऑफ इंडिया,** बुलन्दशहर शाखा, शर्मा इंटर कॉलेज के विपरीत, सिविल लाइन (हॉस्पिटल रोड) बुलन्दशहर, (उ.प्र.) के प्रभार वास्ते रु. **8,72,892.48** (रु. आठ लाख बहत्तर हजार आठ सौ बान्वे और पैसे अडतालीस) दिनांक 27.06.2023 तक और भविष्य का ब्याज, लागत, खर्चे एवं अन्य आकस्मिक प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा।

उधारकर्ताओं का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि रिहायशी सम्पत्ति मकान नं. 46/1, वार्ड नं. 02, गाँव अकबरपुर (सुशीला विहार – 1) तहसील एवं जिला–बुलंदशहर, उ.प्र.–203001 में स्थित, क्षेत्रफल 105.00 वर्ग मी., यह सम्पत्ति श्री जुगेंद्र सिंह पुत्र श्री महेंद्र सिंह (उधारकर्ता और बंधककर्ता) के नाम पर है। चौहद्दी : पूरब में – श्री भीम सिंह का मकान, पश्चिम में – रोड़, उत्तर में – मुकीर का प्लॉट, दक्षिण में – महेंद्र सिंह का मकान

दिनांक : 04-09-2023, स्थान : बुलंदशहर — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI
अंचल कार्यालय : गाजियाबाद अंचल, पताः बी–32, सेक्टर–62, नोएडा–201307

(नियम 8(1)) कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के **बैंक ऑफ इंडिया**, बुलंदशहर शाखा का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (2002 का 54) के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत **उधारकर्ता–** श्रीमती इजहार बेगम पत्नी श्री सुजात अली, मकान नं. .214, धमेड़ा अड्डा नयागांव, बुलन्दशहर यू.पी. – 203001 और श्री सुजात अली पुत्र शौकत अली, मकान नं. 214, धमेड़ा अड्डा, नयागांव, बुलन्दशहर यू.पी.–203001 (आवासीय पता) एवं खेत नं. 225, ग्राम–नयागांव, परगना–बारां, जिला बुलन्दशहर, उत्तर प्रदेश (संपत्ति पता), को मांग सूचना दिनांक **27-06-2023** को जारी किया था जिसमें सूचना में उल्लेखित राशि **रु. 43,90,770.79 (रु. तैतालीस लाख नब्बे हजार सात सौ सत्तर और पैसे उनासी) दिनांक 27.06.2023 तक और भविष्य का ब्याज, लागत, खर्चे एवं अन्य आकस्मिक प्रभार इत्यादि सहित** उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/गारंटर राशि का प्रतिभुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियम 2002 के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत दिनांक **04.09.2023** को लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार/गारंटर तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **बैंक ऑफ इंडिया,** बुलन्दशहर शाखा, शर्मा इंटर कॉलेज के विपरीत, सिविल लाइन (हॉस्पिटल रोड) बुलन्दशहर, (उ.प्र.) के प्रभार वास्ते **रु. 43,90,770.79 (रु. तैतालीस लाख नब्बे हजार सात सौ सत्तर और पैसे उनासी) दिनांक 27.06.2023 तक और भविष्य का ब्याज, लागत, खर्चे एवं अन्य आकस्मिक प्रभार इत्यादि सहित** के अधीन होगा।

उधारकर्ताओं का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि रिहायशी सम्पत्ति खेत नं. 225, ग्राम– नयागांव बुलन्दशहर, उ.प्र.,–203001 में स्थित, क्षेत्रफल 83.66 वर्ग मी., यह सम्पत्ति श्रीमती इजहार बेगम पत्नी सुजात अली और श्री सुजात अली पुत्र शौकत अली के नाम पर है। चौहद्दी: पूरब में – हाजी आरिफ का मकान, पश्चिम में – साबिर सेफी का मकान, उत्तर में – अनिल कुमार लोधी का खेत, दक्षिण में – रास्ता सड़क ढकौली रोड

दिनांक : 04-09-2023, स्थान : बुलंदशहर — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 7 सितंबर, 2023

जी-20 शिखर सम्मेलन

मेट्रो तीन दिन सुबह चार बजे से दौड़ेगी

सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन को छोड़कर सभी स्टेशन आम जनता के लिए खुले रहेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जी-20 शिखर सम्मेलन को देखते हुए आठ से 10 सितंबर तक दिल्ली मेट्रो की सभी लाइनों पर टर्मिनल स्टेशनों से ट्रेन सेवा सुबह चार बजे शुरू होगी। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने बताया कि इसके अलावा, उच्चतम न्यायालय, पटेल चौक और आर के आश्रम मार्ग मेट्रो स्टेशन पर पार्किंग की सुविधा आठ सितंबर सुबह चार बजे से 11 सितंबर दोपहर तक बंद रहेगी।

उन्होंने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए ड्यूटी देने वाले अधिकारियों, सुरक्षा, कानून और व्यवस्था, यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात लोगों और पुलिस जवान और अन्य सहायक एजेंसियों के कर्मचारियों की सुविधा के लिए यह कदम उठाया गया है।

यह विशाल कार्यक्रम नौ से 10 सितंबर तक प्रगति मैदान में नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र भारत मंडपम में आयोजित होगा। डीएमआरसी ने एक बयान में कहा कि दिल्ली मेट्रो की सभी लाइनों पर ट्रेन सेवाएं तीन दिन यानी आठ, नौ और 10 सितंबर को टर्मिनल स्टेशनों से सुबह चार बजे से शुरू होंगी। उन्होंने बताया कि सुबह छह बजे तक सभी लाइनों पर 30 मिनट के अंतराल पर ट्रेन चलेंगी और इसके बाद सामान्य दिनों की समय सारिणी के अनुसार ट्रेन चलेंगी।

राजघाट पर जी-20 सदस्य देशों के लहराते राष्ट्रीय ध्वज। फोटो: रंजन डिमरी

दिल्ली पुलिस ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

- कई सुरक्षा एजेंसियां समेत 19 दक्ष निशानेबाज महिला कमांडो रहेंगी तैनात

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने जी20 शिखर सम्मेलन के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं, जिसके तहत कई सुरक्षा एजेंसियां और 19 दक्ष निशानेबाज महिला कमांडो की तैनाती के अलावा विशेष पुलिस आयुक्त स्तर के अधिकारी आयोजन स्थल के कमांडर के रूप में सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा होंगे।

अधिकारियों ने बताया कि 50,000 से अधिक कर्मियों, श्वान दस्तों और घुड़सवार पुलिस की सहायता से दिल्ली पुलिस शिखर सम्मेलन के दौरान कड़ी निगरानी रखेगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हवाई अड्डे से होटल तक और होटल से जी20 शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थलों तक, विदेशी प्रतिनिधियों को शिखर सम्मेलन के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा कड़ी सुरक्षा प्रदान की जाएगी। व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए दिल्ली पुलिस को भारतीय वायु सेना, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) जैसी विशेष केंद्रीय एजेंसियों द्वारा भी सहायता दी जा रही है। मध्य प्रदेश के करेरा में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के प्रशिक्षण केंद्र में चार सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण सत्र पूरा करने वाली कुल 19 निशानेबाज महिला कमांडों को भी शिखर सम्मेलन के दौरान तैनात किया जाएगा।

पुलिस ने पिछले जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान अन्य देशों में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय समूहों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शनों का व्यापक मूल्यांकन भी किया है। ऐसे किसी भी विरोध-प्रदर्शन से निपटने के लिए भी दिल्ली पुलिस पूरी तरह तैयार है। पुलिस ने कहा कि जहां तक आयोजन स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का सवाल है, विशेष पुलिस आयुक्त रैंक के अधिकारी कमांडर के रूप में जबकि पुलिस उपायुक्त रैंक के अधिकारी जोनल कमांडर के रूप में तैनात रहेंगे। कि ऐसी व्यवस्था की गई है कि शिखर सम्मेलन के दौरान किसी तरह की घुसपैठ, आतंकवादी घटना या गड़बड़ी न हो।

आपात काल के लिए 80 चिकित्सा दल, 130 एम्बुलेंस रहेगी तैनात

- आयोजन सफल बनाने में आप सरकार ने केंद्र को दिया पूरा समर्थन : सौरभ

सौरभ भारद्वाज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि दिल्ली सरकार ने केंद्र को पूरा समर्थन दिया है और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं। उन्होंने कहा, उन्नत जीवन रक्षक (एएलएस) प्रणाली सभी काफिलों के साथ रहेगी। इसमें किसी भी चिकित्सा आपात स्थिति से निपटने के लिए वरिष्ठ डॉक्टर तैनात होंगे।

जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान चिकित्सा आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों के तहत चिकित्साकर्मियों की 80 टीम, 130 एम्बुलेंस और वीवीआईपी काफिले की सुरक्षा के लिए उन्नत जीवन रक्षक टीम तैनात की जाएंगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इनके अलावा, शिखर सम्मेलन के मद्देनजर पांच सरकारी अस्पतालों और तीन निजी चिकित्सा सुविधाओं को हाई अलर्ट पर रखा गया है। जी20 नेताओं का शिखर सम्मेलन 9-10 सितंबर को यहां प्रगति मैदान में नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा।

भारत जी20 के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में इस प्रभावशाली समूह के शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। सम्मेलन में 30 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों, यूरोपीय संघ और आमंत्रित अतिथि देशों के शीर्ष अधिकारियों और 14 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों के हिस्सा लेने की संभावना है।

अधिकारियों ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने होटलों में चिकित्सा संबंधी और आपात स्थितियों से निपटने के लिए डॉक्टरों और नर्सिंग कर्मियों की 80 टीम बनाई हैं। उन्होंने बताया कि इनमें से 75 टीम पालियों में काम करेंगी। अधिकारियों ने बताया कि आयोजन के लिए 130 एम्बुलेंस तैनात होंगी। उन्होंने बताया कि जिन पांच सरकारी अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा गया है, उनमें लोक नायक अस्पताल, जीबी पंत अस्पताल, जीटीबी अस्पताल, दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल और बाबासाहेब आंबेडकर अस्पताल जबकि निजी अस्पतालों में प्राइमस अस्पताल (चाणक्यपुरी), मैक्स अस्पताल (साकेत) और मणिपाल अस्पताल (द्वारका) शामिल हैं।

अधिकारियों ने कहा कि निजी अस्पतालों का चयन उन होटलों से उनकी निकटता को ध्यान में रखकर किया गया है जहां मेहमान ठहरेंगे। भारत मंडपम के परिसर में एक अत्याधुनिक चिकित्सा आपातकालीन सुविधा भी स्थापित की गई है।

सूत्रों ने कहा कि शिखर सम्मेलन के मद्देनजर राम महोहर लोहिया अस्पताल और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने कहा कि अन्य सरकारी और निजी अस्पतालों को भी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। दिल्ली पुलिस ने चिकित्सा आपातकालीन वाहनों को सहायता प्रदान करने की भी व्यवस्था की है।

इंडिगो ने उड़ानों के रद्द होने की जानकारी यात्रियों को दी

नई दिल्ली। एयरलाइन इंडिगो ने कहा कि यात्रियों को दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ाने रद्द होने के बारे में सूचित कर दिया गया है। इंडिगो की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन 2023 के मद्देनजर इंडिगो आठ से 11 सितंबर 2023 के बीच दिल्ली से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक बार की छूट की पेशकश कर रहा है। कंपनी ने कहा, ग्राहकों को पैसे वापस लेने के साथ ही उड़ानें पुनर्निर्धारित या रद्द करने का विकल्प दिया जा रहा है। यात्रियों को उड़ान रद्द होने और समय-सारणी में बदलाव के बारे में पहले से सूचित कर दिया गया है।

शिखर सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी : आतिशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी विदेशी प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए तैयार है और जी-20 शिखर सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

कैबिनेट मंत्रियों आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आयोजन के लिए दिल्ली सरकार द्वारा की गई तैयारियों का विवरण साझा किया।

आतिशी ने कहा, यह बहुत गर्व की बात है कि हमारा देश जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। मैं प्रगति मैदान में एक भव्य सम्मेलन केंद्र बनाने के लिए केंद्र को बधाई देती हूं जहां जी-20 शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा, जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए दस सड़कों का कायाकल्प और व्यापक सौंदर्यीकरण किया गया है। शिखर सम्मेलन के लिए किए गए नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण कार्यों पर भारद्वाज ने भी आतिशी जैसे ही विचार व्यक्त किए। हालांकि, मंगलवार को देखे गए यातायात जाम के बारे में पूछे जाने पर भारद्वाज ने कहा, इस पर उपराज्यपाल द्वारा बेहतर योजना बनाई जानी चाहिए थी। काफिले का अभ्यास शनिवार और रविवार को किया जाना चाहिए था।

शिक्षा विभाग कर्मचारियों को दिल्ली में रहने के निर्देश

नई दिल्ली। *जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने सात से 10 सितंबर तक सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया है, लेकिन इस दौरान उसने मानव संसाधन से जुड़ी किसी भी जरूरत को पूरा करने के लिए शिक्षा विभाग के कर्मचारियों से उक्त चार दिनों तक शहर में ही रहने को कहा है। दिल्ली सरकार ने एक परिपत्र में कहा- जी20 शिखर सम्मेलन के कारण दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में आठ से 10 सितंबर तक सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है और उससे पहले सात सितंबर को जन्माष्टमी के कारण राजपत्रित अवकाश है। इसमें कहा गया है, कार्यक्रम की गंभीरता और मानव संसाधन की संभावित आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि शिक्षा विभाग के सभी कर्मचारी... शहर में ही रहें। परिपत्र के मुताबिक, सभी कर्मचारियों को फोन पर उपलब्ध रहना होगा और इस अवधि के दौरान किसी को भी दिल्ली से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी, क्योंकि उनकी सेवाओं की किसी भी समय आवश्यकता हो सकती है।*

हवाईअड्डे पर उड़ानों की निगरानी के लिए दल गठित

नई दिल्ली । दिल्ली हवाई अड्डा संचालक दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने बुधवार को कहा कि उसने जी-20 शिखर सम्मेलन से संबंधित उड़ानों के आगमन और प्रस्थान की निगरानी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का एक दल बनाया है। राष्ट्रीय राजधानी में नौ और 10 सितंबर को शिखर सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। डायल ने एक विज्ञप्ति में बताया कि उसने शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों के लिए हवाई अड्डे पर कई प्रावधानों की सतर्कतापूर्ण व्यवस्था की है। विज्ञप्ति में बताया गया कि डायल ने वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम बनाई है जो आने वाले प्रतिनिधियों के लिए सर्वोत्तम अनुभव सुनिश्चित करने के लिए जी20 से संबंधित आगमन और प्रस्थान संचालन की निगरानी करेगी। हवाई अड्डा संचालक, अतिथियों की सुविधाओं के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करने हेतु विदेश मंत्रालय (एमईए), गृह मंत्रालय (एमएचए) और दिल्ली सरकार जैसे विभिन्न सरकारी विभागों के साथ काम कर रही है। राष्ट्रीय राजधानी में डायल द्वारा संचालित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा है और इस पर प्रतिदिन लगभग 1,300 उड़ानों का संचालन होता है। डायल, जीएमआर समूह के नेतृत्व वाली कंपनी है।

निगम ने ऐतिहासिक धरोहर वाले लगाये 450 बैनर

- जी-20 मेहमानों के स्वागत के लिए शहर को सुंदर बनाने में जुटी एमसीडी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जी-20 शिखर सम्मेलन में विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने ऐतिहासिक धरोहरों की झलक वाले करीब 450 बड़े बैनर लगाए हैं।

इन बैनरों पर लाल किला, हुमायूं का मकबरा, लोटस मंदिर और दिल्ली में स्थित अन्य ऐतिसाहिक धरोहर स्थलों की तस्वीरें लगी हैं। दिल्ली में ऐतिहासिक धरोहरों की चित्रों के साथ लगे ये बैनर विदेशी मेहमानों का स्वागत करेंगे। शहर को सुंदर बनाने के लिए एमसीडी ने दीवारों पर नये भित्ति चित्र उकेरे हैं। इसके जरिए भारत की सांस्कृतिक धरोहरों को दिखाने का प्रयास किया गया है। इन चित्रों के जरिए चांद पर चंद्रयान-3 के सफलतापूर्वक लैंडिंग को भी दर्शाया गया है। बड़े-बड़े बैनरों के जरिए जी 20 के लोगो, जी 20 के थीम 'वसुधैव कुटुंबकम, एक पृथ्वी-एक परिवार-एक भविष्य है' को भी दर्शाया गया है। निगम के एक अधिकारी ने कहा, हमने तय किया है कि दिल्ली में जी-20 समिट के लिए स्वागत बैनर लगाए हैं। यह देश के लिए बड़ा आयोजन है और दिल्ली इसका केंद्र है। हमने लाल किला, हुमायूं का मकबरा, कुतुब मीनार, लोटस टेम्पल सहित अन्य धरोहरों को बैनरों के जरिए दिखाया है। पूरे शहर में करीब 450 बैनर लगाए गए हैं। एमसीडी को 12 जोन में बांटा गया है।

इनमें सेंट्रल जोन, साउथ जोन, सिटी-सदर पहाड़गंज, नजफगढ़ जोन, वेस्ट जोन, सिविल लाइंस जोन और नॉर्थ शहादरा जोन शामिल है। यह बड़े बैनर शहर के सभी हिस्सों मेंलगाए गए हैं। थीम आधारित यह बैनर डीडीयू मार्ग, लोधी रोड, रिंग रोड और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से सटे इलाकों में देखे जा सकते हैं। पूरी दिल्ली जी 20 मेहमानों का स्वागत कर रही है। एमसीडी इन मेहमानों का स्वागत कर गर्व से भर गया है। कलात्मक चित्रकारी के अलावा भारतीय संस्कृति से जुड़ी धरोहरें भी कई सार्वजनिक दीवारों पर पेंट की गई है।

इसके अलावा प्रचार के लिए मौजूद कई जगहों का इस्तेमला जी-20 थीम पोस्टर के लिए किया गया है। विनोबापुरी मेट्रो स्टेशन के नजदीक दीवारों पर चंद्रायन-3 से जुड़े पोस्टर लगाए गए हैं।

जन्माष्टमी के अवसर पर लक्ष्मी नारायण मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया, इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु झांकी देखने पहुंचे। फोटो : रंजन डिमरी

अतिथि लेंगे मोटे अनाज के व्यंजनों का स्वाद

- विदेशी गेस्ट और उनकी पत्नियों के लिए किया गया खास इंतजाम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बैठक में शीर्ष नेता जिस समय भू-राजनीति पर चर्चा कर रहे होंगे, उस वक्त प्रथम महिलाओं और इन नेताओं के जीवनसाथियों को यहां पूसा परिसर के दौरे के समय आयोजित एक प्रदर्शनी में मोटे अनाज से जुड़े व्यंजनों का लुत्फ लेने का मौका मिलेगा।

भारत में हरित क्रांति के उद्गम स्थल माने जाने वाले 1,200 एकड़ में फैले पूसा-आईएआरआई परिसर का एक सुनियोजित दौरा नौ सितंबर को जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले नेताओं की पत्नियों के लिए आयोजित किया गया है ताकि उन्हें भारत की समृद्ध कृषि विरासत के बारे में जानने में मदद मिल सके और अतिथि प्रसिद्ध सेलिब्रिटी शेफ द्वारा तैयार मोटे अनाज-आधारित दावत का स्वाद ले सकें। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा सहित अधिकांश जी20 नेताओं ने पहले ही शिखर सम्मेलन में अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है।

प्रथम महिलाओं और जीवनसाथियों की सुरक्षा एक अन्य अर्धसैनिक बल - सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के विशेष रूप से प्रशिक्षित पुरुष और महिला कमांडो द्वारा की जाएगी। तैयारियों से जुड़े एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा, जी20 देशों के भाग लेने वाले प्रमुखों की प्रथम महिलाओं और उनके जीवनसाथियों को एक कृषि प्रदर्शनी के लिए विशेष निमंत्रण दिया गया है। उनके पास कुणाल कपूर, अजय चोपड़ा और अनाहिता धोंडी सहित प्रसिद्ध सेलिब्रिटी शेफ द्वारा तैयार मोटे अनाज-आधारित दावत का जीवंत स्वाद लेने का एक अनूठा अवसर होगा। इन शेफ में आईटीसी समूह के दो पाक-कला विशेषज्ञ- कुशा माथुर और निकिता मेहरा भी शामिल होंगे।

इस दौरान इन लोगों को भारत की समृद्ध कृषि विरासत, प्रथाओं और सफलता की कहानियों के बारे में जानने के लिए किसानों और कृषि-स्टार्टअप के साथ बातचीत करने का भी मौका मिलेगा।

कांग्रेस में कई नेता पार्टी में करेंगे वापसी : लवली

- कहा, पार्टी में ढांचागत बदलावों के साथ खुद को फिर से करेंगे खड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर लवली ने बुधवार को कहा कि पार्टी जल्द ही ढांचागत बदलावों के साथ खुद को फिर से खड़ा करेगी और जो नेता दूसरे दलों में चले गए हैं, वो वापसी कर सकते हैं।

लवली ने से कहा, हम राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी को पुनर्जीवित करने और शहर के प्रत्येक कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता की भावना को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इंतजार करें और देखें कि कितने नेता जिन्होंने पहले दलबदल किया था, वे कांग्रेस में लौटते हैं। पूर्व मंत्री लवली को हाल में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रमुख नियुक्त किया गया था। हाल के कुछ वर्षों में कांग्रेस छोड़ने वाले कुछ नेताओं में महाबल मिश्रा, प्रह्लाद सिंह साहनी, शोएब इकबाल, धनवती चंदेला, राजकुमारी ढिल्लों और सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू शामिल हैं। जहां महाबल मिश्रा 2022 में दिल्ली नगर निगम चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी में शामिल हुए, वहीं 1998 से 2015 के बीच चांदनी चौक विधानसभा क्षेत्र से चार बार कांग्रेस विधायक रहे साहनी 2019 में आप में शामिल हुए।

प्याज व दाल उचित मूल्य पर पहुंचाएंगे: चौबे

- केंद्रीय राज्यमंत्री ने 75 मोबाइल वैन का दिखाई हरी झंडी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर के उपभोक्ताओं को प्याज और दाल उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने बुधवार को 75 मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

केंद्रीय मंत्री ने नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड के हौज खास कार्यालय से इन मोबाइल वैनों को रवाना किया। चौबे ने कहा कि वैन का संचालन एचसीएफ द्वारा किया जा रहा है। हाल ही में टमाटर की बिक्री की सफलता के बाद उपभोक्ताओं और किसानों के हितों को देखते हुए यह वैन चलाने का निर्णय लिया गया है।

आगे एनसीसीएफ व नेफेड क्रमश 500-500 वैन चलाएंगे। उपभोक्ताओं और किसानों को इससे काफी लाभ मिलेगा। मंत्रालय का उद्देश्य है कि रसोई तक किफायती दरों पर खाद्य सामग्री पहुंचे। इन वैनों में मिलेट्स आदि की भी उपलब्धता होगी। साथ ही भविष्य में अन्य खाद्य सामग्रियां भी किफायती दरों पर बिक्री के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।

वैन के माध्यम से मौजूदा समय मे प्याज 25 रुपये व दाल 60 रुपये प्रति किलो मिलेगा। इस मौके पर एचसीसीएफ के अध्यक्ष विशाल, उपभोक्ता मामले के सचिव रोहित सिंह, एनसीएफ की प्रबंध निदेशक एनसी जोसेफ चंद्रा उपस्थित थे।

गुरुग्राम में होगा परिणीति चोपड़ा व राघव चड्ढा की शादी का रिसेप्शन

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

फिल्म अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा व आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा की शादी आगामी 23 व 24 सितम्बर को उदयपुर में होगी। करीब 200 मेहमानों की मौजूदगी में वहां होटल द लीला पैलेस में शादी के बाद रिसेप्शन गुरुग्राम में होगा। खबर है कि इसके लिए होटल द लीला को चुना गया है। राघव चड्ढा के सर्कल के ज्यादातर लोग भी एनसीआर में हैं। इसलिए रिसेप्शन की यह बातें सामने आई हैं। हालांकि परिवार की तरफ से यहां का कार्यक्रम सार्वजनिक नहीं किया गया है।

मूलरूप से हरियाणा के अम्बाला की रहने वाली फिल्म अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा व आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा की 13 मई 2023 को दिल्ली स्थित कपूरथला हाउस में सगाई हुई थी। सगाई के बाद से ही उनकी जल्द ही शादी के भी कयास जाने लगे थे। सगाई के दो महीने बाद ही दोनों के माता-पिता ने शादी की तैयारियां करनी शुरू कर दी। खबरें ऐसी भी आ रही थी कि परिणीति चोपड़ा-राघव चड्ढा तीन स्थानों मुंबई, चंडीगढ़ और गुरुग्राम में रिसेप्शन करेंगे।

होटल द लीला में रिसेप्शन के आयोजन की मिल रही खबरें

दोनों के माता-पिता कर चुके हैं फूड टेस्टिंग

23 व 24 सितम्बर को होटल लीला पैलेस उदयपुर में होगी शादी

सगाई के दौरान परिणीति चोपड़ा-राघव चड्ढा।

शादी उदयपुर के होटल लीला पैलेस में होगी : शादी समारोह के लिए उदयपुर स्थित होटल लीला पैलेस बुक किया गया है। इसी महीने यानी 23 सितम्बर को हल्दी, मेहंदी व संगीत के कार्यक्रम होंगे। अगले दिन 24 सितम्बर को शाही अंदाज में परिणीति-राघव शादी के बंधन में बंध जाएंगे। उदयपुर के होटल लीला पैलेस में शादी की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इस शादी में सिर्फ बॉलीवुड सेलेब्स ही नहीं दिखेंगे, बल्कि कई बड़ी राजनीतिक हस्तियां भी पहुंचेंगी। ऐसे में इस हाई प्रोफाइल शादी की हर तैयारी को खास तरह से अंजाम दिया जा रहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवन्त मान शादी में खास मेहमान होंगे। राघव चड्ढा आम आदमी पार्टी में कद्दावर नेता हैं। शादी के बाद रिसेप्शन को लेकर भी मंथन हो रहा है, जिसके गुरुग्राम के होटल लीला में होने की खबरें हैं। गुरुग्राम में रिसेप्शन के इसलिए कयास जा रहे हैं कि जुलाई के दूसरे सप्ताह में दोनों के माता-पिता पवन चोपड़ा-रीना चोपड़ा और सुनील चड्ढा-अल्का चड्ढा फूड टेस्टिंग भी कर चुके हैं। दोनों का परिवार शादी की तैयारियों में जोरो शोरों से लगा हुआ है।

संक्षिप्त समाचार

शातिर वाहन चोर से चोरी की चार बाइक बरामद

सोहना। सोहना सदर थाना पुलिस ने शातिर चोर को गिरफ्तार कर 7 वाहन चोरी का खुलाशा किया है। गिरफ्तार शातिर ने दो दिन पहले ही अपने ही गांव में बाइक चोरी की थी। पुलिस ने पूछताछ के दौरान आरोपी से कुल चोरी की 4 बाइकें बरामद की है। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि सोमवार को गांव भोगपुर मंडी निवासी सुमित ने उन्हे अपनी बाइक चोरी होने की लिखित शिकायत दी थी। उनकी टीम ने उक्त शिकायत पर चोरी हुई बाइक की तलाश करते हुए गांव के ही दीपक पर चोरी की हुई बाइक बरामद हुई। बाइक चोरी के मामले को लेकर दीपक से की गई पूछताछ में तीन अन्य चोरी की बाइक बरामद की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि दीपक ने अब तक वाहन चोरी की 7 वारदातों को स्वीकार किया है। दीपक को उनकी टीम ने निमौठ चौकी नाका पर चोरी की गई बाइक समेत गिरफ्तार किया था। थाना प्रभारी ने बताया कि बुधवार को वाहन चोर दीपक को अदालत में पेश किया। अदालत ने अन्य वाहनों की पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर सौंपा है। दीपक से चोरी की अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ शुरु कर दी है।

नाबालिग 14 वर्षीय किशोरी के साथ छह युवकों ने किया गैंगरेप

सोहना। शहर थाना सीमा क्षेत्र में नाबालिक 14 वर्षीय किशोरी के साथ छह युवकों द्वारा गैंगरेप करने का मामला प्रकाश में आया है। सभी आरोपी अपना-अपना घर छोड़ फरार हो गए है। पुलिस ने पीडिता की डॉक्टरी जांच कराने के बाद मामला दर्ज कर लिया है। मामला बुधवार की सुबह नौ बजे का है। 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी के माता-पिता रिश्तेदारी में हुई मौत में शोक जताने के लिए मंगलवार की देर रात चले गए थे। वह और उसकी पांच छोटें बहन भाई घर ही सौ रहे थे। बुधवार की सुबह 5-6 नौजवान युवक उनके घर में घुस आए। दो युवकों ने मास्क लगाया हुआ था। युवक उसे पडोस में बना रहा मकान में ले गए। जहां उन्होने बारी-बारी से उसके साथ गलत काम किया। गलत काम करने से पहले उसके मुंह में कपड़ा भर दिया था। ताकि उसके चिल्लाने के शोर को कोई सुन न सके। उसी समय उसका ताऊ वहा से निकलकर जा रहा था। जिससे देख सभी आरोपी मौके से भाग गए। पीडिता ने 6 में से 4 आरोपियों को पहचाने का दावा करते हुए उनका नाम तसलीम, आसिफ, नासीर व तोहित बताया है। मास्क लगाकर आए युवकों के पहचान न होने की बात कही है। शहर थाना पुलिस ने पीडिता किशोरी का नागरिक अस्पताल में डॉक्टरी जांच कराने के बाद चार नामजद आरोपियों समेत 6 पर गैंगरेप का मामला दर्ज कर लिया है।

पलवल मार्ग पर फिर से अवैध कॉलोनी काटने की कवायद शुरू

सोहना। शहर के पलवल मार्ग पर फिर एक और अवैध कॉलोनी काटने की कवायद शुरु हो गई है। अवैध कॉलोनी काटने वालों ने नक्शा तैयार करके ग्राहकों को कागजों के ऊपर ही विश्वास दिलाकर प्लाट बेचने का सिलसिला शुरु हो गया है। वहीं ग्राहकों का मुंगेरीलाल के सपनें दिखाए जा रहे है। एक तरफप्रदेश सरकार आम नागरिकों को अपना आशियाना वैध कॉलोनी में बनाने का अवसर अवैध कॉलोनियों को वैध करके दे रही है। वहीं दूसरी और कॉलोनाइजर ग्राहकों को मुंगेरीलाल के सपने दिखाकर कृषि योग जमीन पर अवैध प्लाटिंग करके बेचना शुरु कर दिया है। जानकार सूत्रों के अनुसार कालोनाइजरों द्वारा 3 से 4 एकड़ जमीन पर अवैध प्लाटिंग करना शुरु कर दिया है। ग्राहकों को अवैध कॉलोनी का नक्शा पर ही प्लाट दिखाकर बेचे जा रहे है। साथ ही फ्री में कॉलोनी में पार्क से लेकर हरेभरे पेड़-पौधों से रास्ते और अन्य सुविधाएं मुहैया करने के सपने दिखाएं जा रहे है। भू माफ्रिया ग्राहकों को पहले तो फूल पेमेंट एग्रीमेंट करते हुए जल्द ही रजिस्ट्रियां कराने का आश्वासन दे रहे है। भूमाफ्रिया ग्राहकों को कॉलोनी में मकान बनने के साथ ही बिजली, पानी और सीवर की सुविधा देने का भरोसा दे रहे है। सरकार ने सभी सरकारी विभागों को अवैध कॉलोनियों में सुविधाएं देने से सख्त इंकार करते हुए संबंधित अधिकारी के प्रति सख्ती का रुख बनाया है। शहर में काटी जा रही अवैध कॉलोनी से नगर परिषद के अधिकारियों से लेकर डीटीपी विभाग के अधिकारी अनभिज्ञ बने हुए है।

मंडी में बाजरे की आवक शुरू

सोहना। स्थानीय मंडी में बाजरें की आवक शुरु हो गई है। किसानों ने अपने बाजरे की फसल को सरकारी खरीद शुरु होने से पहले ही औने-पौने भाव में बेचना शुरु कर दिया है। अभी तक स्थानीय मंडी में 500 क्विंटल बाजरे की आवक हो चुकी है। समय से पहले बाजरे बिजाई करने वाले किसानों ने पकने के बाद कटा और अब मंडी में लाकर बेचने की कवायद शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार जिन किसानों को आर्थिक की आवश्यकता है। उन्होने बाजरे की फसल को सरकारी खरीद का इंतजार किए बिना ही मंडी में लाकर निजी एजेंसियों को बेच रहे है। ताकि उन्हे समय पर आर्थिक मदद की जरुरत पूरी हो सके। इस बार प्रदेश सरकार द्वारा बाजरे की सरकारी मूल्य 2400 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। लेकिन किसानों द्वारा मंडी में लाकर बेचा रहा बाजरे को निजी एजेंसियां 1800 से 1900 रुपये में खरीद रही है।

साइक्लोथॉन से प्रदेश में पहुंच रहा नशे की बुराई को उखाड़ने का संदेश: सुधीर सिंगला

रैली को विधायक ने झंडी दिखाकर पलवल किया रवाना

शहर के कई क्षेत्रों में दिया नशा मुक्त हरियाणा का संदेश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पलवल के लिए साइक्लोथॉन रैली को रवाना करते समय टीम के सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत करते विधायक सुधीर सिंगला व साइकिलों पर रवाना हुए सदस्य।

स्वस्थ जीवन जीने के लिए साइक्लोथॉन-एक साइकिल रैली नशा मुक्त हरियाणा के नाम प्रदेश में घूम रही साइकिल रैली बुधवार की सुबह गुरुग्राम से पलवल के लिए रवाना हो गई। रैली को विधायक सुधीर सिंगला ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व उन्होंने सभी सदस्यों का मालाएं पहनाकर स्वागत किया और उनके इस अभियान की सराहना की।

ड्रग्स फ्री हरियाणा के संकल्प के साथ जारी साइक्लोथॉन बुधवार की सुबह गुरुग्राम से पलवल जिला के लिए रवाना हुई। गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने सेक्टर-4-7 के चौक से साइक्लोथॉन रैली को हरी झंडी दिखाई।

डीसी निशांत कुमार यादव ने भी साइक्लोथॉन में शामिल प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। साइक्लोथॉन को लेकर गुरुग्राम शहर वासियों ने भी अच्छा उत्साह दिखाया, बुधवार की अल सुबह ही विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व नगरवासी सेक्टर 4-7 के चौक पर एकत्रित हुए और रंगोली व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए नशे से बचाव के प्रति जागरूकता की मुहिम में शामिल हुए। विधायक सुधीर सिंगला ने साइक्लोथॉन में शामिल प्रतिभागियों व शहरवासियों को अपने संदेश में कहा कि यह यात्रा एक नेक उद्देश्य को लेकर शुरु हुई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संकल्प नशा मुक्त हरियाणा को प्रदेश के सभी जिलों में ले जाने का कार्य यह यात्रा कर रही है।

डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि साइक्लोथॉन को लेकर गुरुग्राम के लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। यह साइकिल रैली हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के संदेश के साथ चल रही है। गुरुग्राम में साइक्लोथॉन को सफल बनाने के लिए खेल विभाग, पुलिस, सिविल डिफेंस, राहगीरी फाउंडेशन व अन्य संस्थाओं की सराहनीय भागीदारी रही। इस अवसर पर सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के उपाध्यक्ष बोधराज सिकरी, एसडीएम रविंद्र यादव, जिला खेल अधिकारी संधु बाला, राहगीरी फाउंडेशन व अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

रैली की रवानगी से पूर्व मंगलवार की रात को यात्रा के सम्मान में जिला प्रशासन की ओर से राजकीय कन्या महाविद्यालय, सेक्टर-14 में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।

केंद्रीय राज्य मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह ने मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने ड्रग फ्री हरियाणा के संकल्प पर आगे बढ़ने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। कलाग्राम व हरियाणा कला परिषद के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से युवाओं को नशा मुक्त हरियाणा का संदेश दिया।

कद बढ़ाने के लिए लें अच्छा आहार, करें योग: डॉ. नीतिका शर्मा

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

राष्ट्रीय पोषण अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता बढ़ाने के लिए दौलताबाद स्कूल में योग कराती प्रशिक्षक।

राष्ट्रीय पोषण अभियान के अंतर्गत आयुष विभाग गुरुग्राम द्वारा डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन व जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मंजू कुमारी के दिशा-निर्देशन में सभी आयुष केन्द्रों के नजदीकी स्कूलों एवं आगनबाड़ी केन्द्रों में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए लेक्चर्स का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न आयुष केन्द्रों द्वारा आयुर्वेदिक एंव होम्योपैथिक दवाओं तथा औषधीय पौधो का नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है।

बुधवार को विभाग द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दौलताबाद में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत पोषण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में डिस्पेंसरी दौलताबाद की होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीतिका शर्मा ने किशोरियों व अन्य बच्चों को खून की कमी से बचने व उसे पूरा करने के उपाय तथा किशोरियों को स्वास्थ्य से संबंधित अन्य जानकारी दी। डॉ. नीतिका शर्मा ने बताया कि ज्यादातर बच्चों में गलत खानपान की वजह से तरह-तरह की बीमारियां हो जाती हैं जैसे कैल्शियम की कमी व विपरीत प्रकृति का खान-पान जैसे अचार के साथ दूध या चाय पीने से व पेट में कीड़े की वजह से सफेद दाग धब्बे, असमय बाल सफेद होना, खून की कमी आदि। अच्छे आहार विहार से इस कमी को पूरा किया जा सकता है। जिसे गुड़, चना, मूंगफली व मौसम के अनुसार हरी सब्जियां व फल खाकर पूरा किया जा सकता है। कद बढ़ाने के लिए अच्छे आहार-विहार के साथ योग अत्यंत आवश्यक है। इन दोनों के बिना यह लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या मीनाक्षी सहित स्कूल का स्टाफ उपस्थित रहा।

गुरुग्राम के अस्पताल में एसपीजी के निदेशक अरुण सिन्हा का निधन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

अरुण कुमार सिन्हा।

स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) के निदेशक अरुण कुमार सिन्हा का बुधवार को गुरुग्राम में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार थे और यहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। वे 61 वर्ष के थे। सेवानिवृत के बाद उन्हें अनुबंध के आधार पर 31 मई को एक साल का सेवा विस्तार दिया गया था।

1987 बैच के केरल कैडर के आईपीएस अधिकारी अरुण सिन्हा मार्च 2016 में पुलिस महानिदेशक के वेतनमान पर एसपीजी के 12वें निदेशक के रूप में नियुक्त हुए थे। अरुण सिन्हा को कुछ दिन पूर्व लीवर की बीमारी के इलाज के लिए गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनकी हालत में कोई सुधार नहीं आ रहा था। बुधवार को डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के करीबी थे। एसपीजी इन दोनों शीर्ष नेताओं को सुरक्षा कवर देती है। सिन्हा ने पहले अपने कैडर राज्य केरल और केंद्र में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में विभिन्न पदों पर कार्य किया था। उन्होंने अपने जीवन का अधिकतर समय केरल में बिताया। तिरुवनंतपुरम में केरल पुलिस के डीसीपी, पुलिस आयुक्त, रेंज आईजी, इंटेलिजेंस आईजी और प्रशासन आईजी के रूप में कार्य किया है।

विभाजन के बाद पंजाबी समाज ने कड़ी मेहनत से खुद को स्थापित किया: राव इंद्रजीत सिंह

चालीसा पाठ का रिकार्ड बनाना अभिनंदनीय: स्वामी धर्मदेव महाराज

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम में आयोजित जन्माष्टमी समारोह में मंचासीन अतिथि।

पंचनद गुरुग्राम इकाई, पंजाबी बिरादरी महा संगठन गुरुग्राम और भारतीय पंजाबी युवा एकता मंच के संयुक्त तत्वावधान में गुरुग्राम में भव्य जन्माष्टमी समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह मुख्य अतिथि, करनाल के सांसद संजय भाटिया की अध्यक्षता रही। थानेसर के विधायक व पंचनद हरियाणा प्रदेश के अध्यक्ष सुभाष सुधा विशिष्ट अतिथि रहे। जन्माष्टमी कार्यक्रम के दौरान बोधराज सीकरी की हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम के तहत हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन हुआ। गजेंद्र गोसाईं ने डॉक्टर अलका सुर, पंडित भीम दत्त के साथ व्यास गद्दी से श्री हनुमान चालीसा पाठ का संगीतमय तरीके से शुभारंभ किया। यहां 2500 से अधिक लोगों ने 5-5 बार पाठ किया। जामपुर शिव मंदिर ईस्ट ऑफ कैलाश में 60 लोगों ने 5-5 बार पाठ किया। श्री हनुमान चालीसा के पाठ की कुल संख्या 3,05,064 हो गई है। जन्माष्टमी कार्यक्रम में संगीत सम्राट संजय नागपाल ने गणेश वंदना से अपने सुरों की छटा बिखेरी। स्वामी धर्मदेव जी महाराज ने बोधराज सीकरी के समाज सेवा के कार्यों की जमकर तारीफ की। सांसद संजय भाटिया ने भी बोधराज सीकरी के व्यक्तित्व की प्रशंसा की। बोधराज सीकरी के प्रयासों की भी खुले दिल से तारीफ की। विधायक सुभाष सुधा ने विभाजन विभीषिका पर सबका मन मोह लिया और सीकरी की कार्य शैली की तारीफ की। सुभाष सुधा ने पंचनद प्रदेश अध्यक्ष के नाते नरेश चावला को गुरुग्राम इकाई के प्रधान की विधिवत घोषणा और दीवान दुरेजा को प्रांत कार्यकारिणी सदस्य की नियुक्ति की विधिवत घोषणा की। पनचंद गुरुग्राम इकाई के अध्यक्ष नरेश चावला और पंचनद गुरुग्राम जिला के अध्यक्ष प्रमोद सलूजा और पंजाबी बिरादरी महासंगठन के वरिष्ठ उपप्रधान ओमप्रकाश कथूरिया ने अपनी भूमिका का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। संयोजन कार्य रामलाल ग्रोवर, धर्मेंद्र बजाज, राम किशन गांधी एवं सुरेंद्र खुल्लर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बिमला चौधरी, निवर्तमान मेयर मधु आजाद अशोक आजाद भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में उद्योगपति पीके दत्त, दिनेश नागपाल, संगीतज्ञ संजय नागपाल, नरेंद्र यादव, प्रदीप कौशिक, दलीप लूथरा, दमन दीवान, विशाल खनेजा, अभिषेक खनेजा, नवीन गोयल और डॉक्टर डीपी गोयल, संजीव कुमार आदि मौजूद थे।

डोर टू डोर कूड़ा न उठने से शहर में सफाई व्यवस्था बुरी तरह चरमराई

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

सोहना के फव्वारा चौक से दमदम मोड़ जाने वाले रास्ता में लगा कूड़े का ढेर।

नगर में पिछले एक साल से डोर टू डोर कूड़ा उठाने की जिम्मेदारी निभा रही पूजा कंश्यूलेशन एजेंसी का कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद शहर में कूड़े के ढेर लगे हुआ है। शहरवासी अपने घरों के कूड़े को आसपास बना अस्थाई कूड़ा केन्द्र या सार्वजनिक स्थानों पर फेंक रहे है। जिससे बाजारों में लगे कूड़ें ढेरों को परिषद के कर्मचारी दोपहर तक उठा रहे है।

शहर में पिछले 5 दिन से लगे कूड़ें के ढेरों से चारों तरफ गंदगी की गंदगी नजर आ रही है। क्योकि बाजारों से लेकर सार्वजनिक स्थान, कॉलोनियों और आबादी क्षेत्र के आम रास्तों में पड़ें कूड़े के ढेरों से आ रही बदबू ने नागरिकों को चैन की सास भी नहीं लेने दे रही है। बाजार के आम रास्तों से लेकर चौक चौराहों पर दोपहर तक कूड़े के ढ़ेर पड़े होने से दुकानदारों में नप प्रशासन के प्रति भारी रोष पनपने लगा है। नगर परिषद अपने स्तर पर कूड़ा उठाने का काम कर रही है। लेकिन डोर टू डोर कूड़ा न उठाएं जाने से शहरवासियों भारी रोष पनप रहा है।

ठेका हुआ समाप्त : 31 अगस्त को पिछले एक साल से डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली पूजा कंश्यूलेशन एजेंसी का कार्यकाल समाप्त हो गया है। एजेंसी ने अपने वाहन और कर्मचारियों को वापस लेते हुए डोर टू डोर कूड़ा उठाने की प्रक्रिया को बंद कर दिया है। जिसके कारण बाजार में पिछले पांच दिन से सफाई व्यवस्था चरमरा गई है।

परिषद की सदन बैठक में गूंजा मुद्दा : सोमवार को नगर परिषद सदन की बैठक हुई थी। इस बैठक में चेयरपर्सन समेत परिषद के अधिकारी और 12 पार्षदगण मौजूद थे। वार्ड-14 के पार्षद नीरज सिंगला ने डोर टू डोर कूड़ा उठाने से लेकर शहर में खराब सफाई व्यवस्था को लेकर सवाल उठाएं। मनीष सिंगला ने परिषद प्रशासन के मौजूद अधिकारियों से जल्द से जल्द नई एजेंसी को डोर टू डोर कूड़ा उठाने के लिए ठेका छोड़ने और शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की। जिसका बैठक में मौजूद सभी पार्षद व चेयरपर्सन ने हाथ उठाकर समर्थन किया।

शहर में सफाई व्यवस्था को जल्द से जल्द सुधारा जाएगा। जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया की कवायद शुरु कर दी है। शहर में सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने लिए जल्द ही कोई समाधान निकाला जाएगा। ताकि शहर में डोर टू डोर तथा बाजारों में लगे कूड़े के ढेरों को समय पर उठाया जा सके।

(राजपाल खटाना-एसडीओ नगर परिषद)

फोनपे स्मार्टस्पीकर्स ने अमिताभ बच्चन के साथ अपनी तरह का पहला सेलिब्रिटी वॉयस फीचर पेश किया है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

फोनपे ने आज प्रतिष्ठित भारतीय अभिनेता श्री अमिताभ बच्चन के सहयोग से अपने स्मार्टस्पीकर पर अपनी तरह का पहला सेलिब्रिटी वॉयस फीचर लॉन्च करने की घोषणा की। यह नई सुविधा भारत भर में फोनपे स्मार्टस्पीकरों को बच्चन की विशिष्ट आवाज़ में ग्राहक भुगतान को पुष्टि करने की अनुमति देगी। यह उद्योग की पहली सेलिब्रिटी वॉयस सुविधा वर्तमान में हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है, भविष्य में इसे अन्य भाषाओं में भी शुरू करने की योजना है।

फोनपे स्मार्ट स्पीकर एक साल पहले लॉन्च हुआ है, और तब से, 19,000 पोस्टल कोड (देश के 90% से अधिक को कवर करते हुए) में चार मिलियन डिवाइस का उपयोग मर्चेंट पार्टनर द्वारा किया जा रहा है। उनकी लोकप्रियता का सच्चा प्रमाण यह है कि स्मार्टस्पीकर देश भर में 100 करोड़ (1000 मिलियन) लेनदेन की पुष्टि करते हैं। श्री अमिताभ बच्चन की विशेषता वाली एक सेलिब्रिटी आवाज के शामिल होने से व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए भुगतान का अनुभव बेहतर होगा, जिससे यह पहले से कहीं अधिक इंटरैक्टिव हो जाएगा।

इस अनोखी नई सुविधा के बारे में बोलते हुए, फोनपे के ऑफलाइन बिजनेस के प्रमुख विवेक लोहचेब ने कहा, हमें पूरे भारत में मर्चेंट पार्टनर के लिए अपने स्मार्टस्पीकर के लिए एक अनोखी सेलिब्रिटी वॉयस सुविधा लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। बच्चन की आवाज तुरंत और सबके लिए यह एक जाना पहचाना विश्व विख्यात व्यक्ति की आवाज है जिसे देश भर के लोग कभी भूल नहीं सकते हैं।

चार में से एक भारतीय द्वारा उपयोग किया जाने वाला एक लोकप्रिय भारतीय ऐप होने के नाते, हमारा मानना है कि यह सहयोग मर्चेंट और ग्राहकों के लिए फोनपे स्मार्टस्पीकर की लोकप्रियता को और बढ़ाएगा।

भारत जोड़ो यात्रा के एक वर्ष पूरे होने पर आज निकाली जाएगी पदयात्रा: करण सिंह दलाल

गुरुग्राम स्थित कांग्रेस भवन में स्थानीय नेताओं के साथ गुरुग्राम प्रभारी करण सिंह दलाल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

बीते साल हुई कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को एक साल पूरा हो चुका है। इस उपलक्ष्य में कांग्रेस द्वारा देश के तमाम कांग्रेस मुख्यालयों से पदयात्रा निकाली जाएगी। गुरुग्राम में गुरुवार को जिला प्रभारी और स्थानीय नेताओं की मौजूदगी में पदयात्रा आयोजित की जाएगी। जिसमें कांग्रेस के जिला स्तर के हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा को एक वर्ष पूरा हो चुका है। पदयात्रा के बारे में जानकारी देने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता करण सिंह दलाल गुरुग्राम कांग्रेस कार्यलय पहुंचे। तमाम कार्यकताओं के साथ बैठक की। पदयात्रा की रणनीति तैयार की, ताकि यात्रा को सफल बनाया जा सके। करण सिंह दलाल ने जिले में होने वाली यात्रा के लिए कार्यकताओं के सुझाव और सलाह भी ली, ताकि गुरुग्राम में होने वाली पदयात्रा सफल हो। हर एक कार्यकर्ता इस यात्रा में जरूर शामिल हो। कांग्रेस नेता करण सिंह दलाल ने बताया कि हर जिले में प्रभारी पदयात्रा को लीड करेंगे। अपने-अपने जिले में होने वाली पदयात्रा में कांग्रेस के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता शामिल होकर पदयात्रा को सफल बनाने का प्रयास करेंगे।

कांग्रेस नेता करण सिंह दलाल ने मुख्यमंत्री की ड्रग फ्री साइकिल रैली पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और पुलिस के लिए शर्म की बात है पुलिस खुद नशा बेचने वालों के साथ नशे को बढ़ावा देते है। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विरेन्द्र यादव, राव कमलबीर, पंकज डावर, मुकेश शर्मा, निर्मल यादव, पूजा शर्मा, महाराज सिंह, सतबीर पहलवान, सतबीर गुर्जर, गजे सिंह कबलाना, जितेन्द्र राणा, सतपाल दौलताबाद, पर्ल चौधरी, जय सिंह हुड्डा, अमित शर्मा, शुभम शर्मा, जिले सिंह, सतीश सांगवान, सुनील प्रकाश, सतबीर कोच, ओमप्रकाश पंचाल, महेन्द्र राठी, मुकेश सिंगला, विपिन तनेजा, जितेन्द्र बरवाल, जीतू यादव, गुरुद्रजीत, सोमबीर, एडवोकेट सूबे सिंह यादव शेखर त्यागी, अनिल दहिया समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बल्लभगढ़ व एनआईटी के पांच लाख परिवारों को मिलेगा पर्याप्त पेयजल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

यमुना किनारे मोठूका व भीकूका में रेनिवेल लगाने की तैयारी



यमुना किनारे गांव मोठूका और भीकूका में तीन रेनिवेल लगाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। एफएमडीए ने जांच में तीनों स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में पानी पाया है। तीनों रेनिवेल पर करीब 52.41 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इनके तैयार होने के बाद बल्लभगढ़ और एनआईटी क्षेत्र के करीब पांच लाख से अधिक परिवारों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल मिल सकेगा।

पेयजल की कमी को दूर करने के लिए एफएमडीए की ओर से यमुना किनारे चरणबद्ध तरीके से 11 रेनिवेल लगाने पर काम कर रहा है। पहले चरण में मोठूका और भीकूका में तीन रेनिवेल लगाए जाएंगे। इसके लिए एफएमडीए की ओर से जगह तय कर ली गई है। इन स्थानों पर पहली बार की जांच में पर्याप्त पानी मिला है। ऐसे में एफएमडीए रेनिवेल लगाने की दिशा में कदम बढ़ा दिया गया है। हालांकि अक्टूबर में एक बार और पानी की उपलब्धता को लेकर मिट्टी की जांच होगी। एफएमडीए के मुख्य अभियंता विशाल बंसल ने बताया इसके लिए जगह की पहचान कर ली गई है। जल्द ही सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी। योजना के अनुसार पानी वाली जगहों पर एफएमडीए किसानों या पंचायत से खरीदकर रेनिवेल लगवाएगा। पहले एक निजी एजेंसी की मदद से लगाने की योजना बनाई गई थी, जोकि सिरे नहीं चढ़ सकी। इसके बाद खुद जगह लेने का एफएमडीए ने निर्णय लिया है। तीन रेनिवेल से करीब 30 एमलएडी पानी और बढ़ जाएगा। प्रत्येक रेनिवेल की 10-10 एमएलडी पानी की क्षमता होगी। फिलहाल शहर में करीब 100 एमएलडी पेयजल की कमी है। इस कमी को दूर करने के लिए फिलहाल तीन नए रेनिवेल लगाने की योजना को मंजूरी मिली है। रेनिवेल परियोजनाओं को सीएम पहले ही मंजूरी दे चुके हैं।

450 एमएलडी पेयजल की जरूरत है

शहर में अभी 450 एमएलडी पेयजल की जरूरत है, लेकिन लोगों को मात्र 325 एमएलडी ही पानी मिल पा रहा है। इस कमी को दूर करने के लिए यमुना से सटे गांवों में 11 रेनिवेल लगाने की योजना है। इसे लगने के बाद करीब 120 एमएलडी पानी की वृद्धि हो जाएगी। रेनिवेल के लिए टेंडर जारी होने के बाद भी कई अन्य औपचारिकताएं पूरी करनी पड़ती हैं। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2031 तक जिले में करीब 1200 एमएलडी पेयजल की जरूरत पड़ेगी। विभाग के प्रयास के बावजूद मात्र 700 एमएलडी ही पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। इसे ध्यान में रखते हुए एफएमडीए ने अभी से ही तैयारियां शुरू कर दी हैं। दूसरी ओर पेयजल उपलब्धता बढ़ाने पर जोर है ताकि भू-जल दोहन को कम किया जा सके।

"**रेनिवेल** के लिए जगह तय कर ली गई है। इसे लेकर काम शुरू कर दिया गया है। बीच में यमुना नदी में बाढ़ आने से काम में देरी हुई थी। तीनों रेनिवेल लगाने से शहर में पानी की सप्लाई बढ़ जाएगी।

-विशाल बंसल, मुख्य अभियंता एफएमडीए

सड़क हादसों में महिला सहित तीन लोगों ने जान गंवाई, दो घायल

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

पुलिस ने मामले दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे

मृतक महेंद्र का फाइल फोटो।

अलग अलग सड़क हादसों में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों का सौंप दिया है व शिकायत पर मामले दर्ज कर लिए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर गदपुरी गांव के निकट सड़क क्रॉस करते समय कार की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। जबकि, उसका दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर के अनुसार, जिला कन्नोज यूपी के अचनकापुर गांव निवासी नरेंद्र ने दी शिकायत में कहा है कि वह और उसके गांव के ही निवासी महेंद्र व सन्नी निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। यहीं किराए पर रहते हैं। तीनों ड्यूटी समाप्त करने के बाद घरेलू सामान लेने के लिए गदपुरी जा रहे थे। जब तीनों नेशनल हाईवे-19 को क्रॉस करने लगे तो दिल्ली की तरफ से एक कार तेज गति से आई और उसके आगे चल रहे महेंद्र व सन्नी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े और लहूलुहान हो गए। दुर्घटना को देखकर मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। भीड़ को देखकर चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। इसी दौरान मौके पर गदपुरी थाना पुलिस पहुंच गई। घायलों को एंबुलेंस का इंतजाम कर उपचार के लिए बल्लभगढ़ अस्पताल भिजवा दिया। अस्पताल में उपचार के दौरान महेंद्र की मौत हो गई। जबकि, सन्नी का उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतक के साथी नरेंद्र की शिकायत पर कार के अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

वहीं दूसरी तरफ गदपुरी गांव के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से कंटेनर चालक की मौत हो गई। गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर के अनुसार, जिला एटा यूपी के सोरखा गांव निवासी सुरेंद्र ने दी शिकायत में कहा है कि उसका भाई इंद्रपाल कंटेनर चलाता था। इंद्रपाल कंटेनर में सामान लेकर जा रहा था। उसी दौरान रास्ते में गदपुरी गांव के निकट कंटेनर के टायर में कोई खराबी आ गई तो कंटेनर को साइड में खड़ा करके इंद्रपाल गाड़ी के टायर को चेक करने लगा। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन चालक ने इंद्रपाल को टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर गदपुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान मिले कागजों के आधार पर पुलिस ने सुरेंद्र को फोन किया कि एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिसके पास से आपका नंबर मिला है। शव बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखा हुआ है। सुरेंद्र सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचा और शव की पहचान अपने भाई इंद्रपाल के रूप में की। शव की पहचान होने पर गदपुरी थाना पुलिस ने सुरेंद्र की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

इसके अलावा रसूलपुर-गुलावद रोड पर गांव अमरोली के पास स्कूल बस की टक्कर से एक बाइक सवार महिला की मौत हो गई। जबकि, उसका बेटा घायल हो गया। चांदहट थाना प्रभारी कैलाश चंद्र भड़ाना के अनुसार गांव मीरपुर कोराली निवासी उमेश ने शिकायत दर्ज कराई है कि बुधवार सुबह करीब छह बजे वह अपनी मां क्रांति को बाइक पर लेकर गांव लालगढ़ गया था। गांव अमरोली के समीप बस ने टक्कर मार दी।

पशु व्यापारियों ने किसान से 90 हजार ठगे

भैंस की वीडियो भेजकर फोन-पे कराई रकम, राजस्थान के चार भाइयों पर केस

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

भैंस खरीदने राजस्थान पहुंचे एक किसान से चार भाइयों ने मिलकर 90 हजार रुपए की ठगी कर ली। आरोपियों ने न तो भैंस दी और न ही पैसे। पीड़ित ने पैसे वापस मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। होडल थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

होडल थाना प्रभारी महेंद्र सिंह के अनुसार, डाडका गांव निवासी गफूर ने दी शिकायत में कहा है कि वह भैंस लेने के लिए जिला अलवर राजस्थान के नौरंगाबाद गांव पहुंचा था। जहां उसकी मुलाकात हरिया के बेटे सपात, कासम, सुबान व अतेह से हुई। उन्होंने कहा कि भैंस बेचने का ही व्यापार करते हैं। अभी हमारे पास भैंस नहीं है, दो-तीन दिन में आने वाली है। आपको फोन कर देंगे।

शिकायत में कहा है कि आठ दिन बाद सपात ने उसे फोन किया और भैंस की वीडियो बनाकर उसके पास भेज दी। भैंस पीड़ित को पसंद आ गई तो उसकी कीमत पूछी। सपात ने भैंस की कीमत एक लाख 12 हजार रुपए बताई। उनका सौदा एक लाख छह हजार में तय हो गया। सपात ने विश्वास में लेकर उससे कहा कि आप फोन पे पर पैसे दे दो मैं भैंस भिजवा दूंगा। पीड़ित ने दो बार में फोन पे पर 90 हजार रुपए डाल दिए।

लेकिन, जब भैंस नहीं पहुंची तो सपात के पास फोन किया, जिसने कहा कि उसने भैंस एक लाख 21 हजार में बेच दी है। तुम्हारे लिए दूसरी भैंस ला दूंगा। पीड़ित ने मना कर दिया और अपने पैसे वापस मांगे। लेकिन आरोपियों ने न पैसे दिए और न ही भैंस दी। पीड़ित जब उसके गांव पैसे लेने पहुंचा तो चारों भाइयों ने कहा कि जान से मार देंगे।

केसीएम पब्लिक स्कूल बंचारी में रही जन्माष्टमी के उत्सव की धूम

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

केसीएम पब्लिक स्कूल बंचारी में जन्माष्टमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्माष्टमी उत्सव को मनाने के लिए बच्चों में बेहद उत्साह दिखा तथा विद्यालय में श्री कृष्ण की लीलाओं की धूम रही। नटखट नंद गोपाल और नन्ही राधिका बनकर आए बच्चों ने विद्यालय में जन्माष्टमी के उत्सव का समां बांध दिया।

इस कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के नृत्य प्रस्तुति को देखकर सभी मंत्र मुग्ध हो गए। विद्यार्थियों द्वारा अनेक रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। छोटे बच्चे बाल कृष्ण, राधा, माता यशोदा, सुदामा और बलराम की रंग-बिरंगी वेशभूषा में आए तथा रासलीला का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के विद्यार्थियों को माखन खाते हुए श्री कृष्ण का चित्र देखकर उसमें रंग भरने के लिए कहा गया।

सभी बच्चों ने इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कक्षा पहली व दूसरी के विद्यार्थियों ने बांसुरी बनाने तथा मटकी सजाने की प्रतियोगिता में भाग लिया व अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसी अवसर पर ही विद्यार्थियों ने एक लघु नाटिका प्रस्तुत की, जिसमें श्री कृष्ण के अलग-अलग रूपों को दर्शाया गया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थी कपिल ने नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।

इस पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन कक्षा नौवीं की छात्रा मानवी व युविका द्वारा किया गया। स्कूल प्रबंधक राम नारायण भारद्वाज, देवदत्त भारद्वाज व प्रधानाचार्य सुनील आर्य ने सभी विद्यार्थियों को जन्माष्टमी के पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन किरण दीवान की देखरेख में किया गया। जिसमें अनेक लोग मौजूद रहे।

दिल्ली पब्लिक स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस समारोह

पलवल। दिल्ली पब्लिक स्कूल न्यू कॉलोनी शिक्षक दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत बच्चों ने कविता, सुविचार, लघु नाटिका व गीत संगीत के माध्यम से अध्यापकों के प्रति अपने मन के भाव आदर सहित प्रकट किए। विद्यालय के प्रो. वाइस. चेयरमैन एसपी लाल व चेयरपर्सन रानी लाल ने अध्यापकों के लिए फरीदाबाद में स्थित मिलेनियम होटल में दोपहर भोज का प्रबंध किया, जहां पर अध्यापकों के लिए गीत, संगीत व खेलों का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी ने शिक्षक दिवस का आनंद लिया। शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रो. वाइस चेयरमैन एसपी लाल चेयरपर्सन रानी लाल ने सभी अध्यापकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं व अपने शिक्षण कौशल में निरंतर निखार लाने और छात्रों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने का संदेश दिया। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका ममता गांधी ने अपने विद्यालय के सभी शिक्षकों व शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं व संदेश दिया कि शिक्षक ही है जो चंद्रगुप्त जैसे वीर बनाकर देश के भविष्य का निर्माण करते हैं। अत: हर दिन अपने ज्ञान को बढ़ाएं व बच्चों का मार्ग प्रशस्त करें।

मिक्चर पावर मशीन और मोटरसाइकिल की टक्कर में युवक की मौत

फरीदाबाद। सेक्टर-31 स्थित होंडा शोरूम के पास मिक्चर पावर मशीन और मोटरसाइकिल की टक्कर में युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। मृतक परिवार में इकलौता बेटा था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है। एसजीएम नगर निवासी रमेश चंद ने बताया कि 23 वर्षीय मानवीष उनका इकलौता बेटा था, जो दिल्ली के ओखला स्थित एक कंपनी में नौकरी करता था। तीन सितंबर को मानवीष अपनी मोटरसाइकिल से दिल्ली गया था। वहां से लौटते समय रात सेक्टर-31 में पीछे से एक मिक्चर पावर मशीन के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गया और उसे गंभीर चोट आई। घटना के बाद चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया।

सेंट कोलंबस स्कूल में मनाया जन्माष्टमी का पर्व

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सेंट कोलंबस स्कूल दयाल बाग फरीदाबाद में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी के रूप में अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रगति सिंगला मेटर ऑफ इस्कॉन गर्ल्स फोरम, फरीदाबाद व सम्मानित अतिथि डॉ. नेहा भाटी बीडीएस मोलाना आजाद मेडिकल कॉलेज तथा अन्य इस्कॉन के सदस्य रहे।

विद्यालय के अध्यक्ष ऋषि चौधरी व प्रधानाचार्या श्रीलेखा वीएमजी ने पौधे प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया तथा दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद बाल कृष्ण बने विधान तथा राधा रानी बनी राशिका भड़ाना को तिलक किया, माला पहनाई व माखन-मिश्री का भोग लगाकर उन्हें झूले पर विराजमान किया। इस अवसर पर स्वास्तिका पाल ने अपने स्वागत भाषण में अतिथियों का स्वागत किया और श्री कृष्ण जन्माष्टमी के महत्व को सांझा किया। विहान राणा ने अपनी प्यारी आवाज में अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम भजन का सस्वर गायन किया। सानवी यादव ने हिंदी कविता जन्माष्टमी का त्योहार है आया सुनाकर सभी में ऊर्जा का संचार किया और मान्या राणा ने अपनी सुरीली आवाज में कृष्ण आरती का गायन कर सभी को कृष्णमय कर दिया।

शिक्षक को पूरी तैयारी के साथ कक्षा में जाना चाहिए : सुनील दलाल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और देवी सरस्वती की प्रार्थना के साथ की गई। छात्रा मेधावी द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।

संस्था के चेयरमैन डॉ. पुनित गोयल ने शिक्षकों को बधाई दी और अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक होना बड़े गौरव की बात है। शिक्षक ही राष्ट्र का निर्माण करते हैं, कोई भी डॉ. इंजीनियर, वकील आदि बिना गुरु के नहीं बन सकता। संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पूनम गोयल ने विद्यार्थियों को बताया कि शिक्षक हमारी कमियों को दूर करके हमारा मनुष्य के रूप में निर्माण करता है। शिक्षक का स्थान हमारी जिंदगी में सर्वोपरि होता है। संस्था के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. सुनील दलाल ने छात्रों व शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक को अपनी पूरी तैयारी के साथ कक्षा में जाना चाहिए। जब शिक्षक प्रभावी ढंग से पढ़ाता है तो छात्र पढ़ते भी हैं और सम्मान भी करते हैं। छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि जब गुरु के शब्द सुनने हों तो अपने कान खोल लेना, कभी भी गुरुओं का सम्मान और पढ़ाई न भूलें।

एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ एडुकेशन की प्राचार्या डॉ. लक्ष्मी शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज शिक्षा के लिए कितना भी मीडिया का प्रयोग बढ़ रहा हो, परंतु मीडिया का कोई भी माध्यम शिक्षक को रिप्लेस नहीं कर सकता, क्योंकि मानवीय मूल्यों व संस्कारों को शिक्षक ही अपनी करुणा, प्रेम सहयोग व सद्भाव से विकसित करता है। साथ ही शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक को ज्ञान की सीमाओं के पार जाकर देखना चाहिए। एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी की प्राचार्या डॉ. अपर्णा राणा ने शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक का कार्य बहुत ही जिम्मेदारी से भरा है, मुझे शिक्षक होने पर गर्व है और आज गुणवत्ता युक्त शिक्षा की आवश्यकता है, जिसके लिए शिक्षकों से अनुरोध किया कि शिक्षक अपने कार्य की गुणवत्ता पर जोर दें। एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के प्राचार्य डॉ. आरआर पांडेय ने अपने गुरुजनों को याद करते हुए कहा कि हमें जिन भी गुरुओं ने हमें जीवन में सिखाया है, उनके प्रति सम्मान का भाव अवश्य रखना चाहिए। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा शिक्षक दिवस को यादगार बना दिया। निष्ठा ने बहुत ही शानदार शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी। तुषार और कर्ण ने मिलकर बहुत ही सुंदर डांस की प्रस्तुति दी। कॉलेज के छात्रों द्वारा शिक्षक के महत्व पर आधारित एक लघु नाटिका प्रस्तुति की। कार्यक्रमों में हरियाणवी समूह नृत्य, युगल नृत्य और एकल नृत्य शामिल थे। मंच संचालन गीता हर्षाना ने किया।

संक्षिप्त समाचार

मोहना राजकीय कॉलेज में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

फरीदाबाद। राजकीय महाविद्यालय मोहना में शिक्षक दिवस के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानाचार्य शमशेर सिंह गुलिया के मार्गदर्शन पर भावना अरोड़ा व शैलेश्वर कौशिक, चिराग मित्तल, शालिनी तोमर, रविंदर सिंह, संजीव, अंजली, पूजा व सुनीता ने आयोजित किया। मंच संचालन सोनिया कौशिक व मीनाक्षी भाटी, अनुशासन नंद किशोर, कृष्ण, प्रदीप, पवन, वंदना व योगेश ने बनाये रखा। गीत में प्रथम स्थान दलबीर, द्वितीय स्थान मेघा, तृतीय स्थान लल्तेश को प्राप्त हुआ।

ठेके पर हवा बाजी दिखाने के लिए खरीदा था देशी पिस्तौल

फरीदाबाद। आपराधिक मामलों में शामिल आरोपियों की धर-पकड़ के लिए दिए गए दिशा निर्देशों के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अवैध हथियार से हवाई फायर करने वाले आरोपी अमित को गिरफ्तार किया है। आरोपी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले का रहने वाला है। अभी सेक्टर-2 में रह रहा है। आरोपी का यूपी में सरकारी ठेका है। उसने फरीदाबाद में भी शराब का ठेका ले लिया। आरोपी आर्य नगर किसी प्रोग्राम में गया था। तभी प्रोग्राम में आरोपी की पीड़ित से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोपी ने प्रोग्राम से बाहर आकर मोहना रोड पर पीड़ित को डराने की नीयत से हवाई फायर कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस चौकी अग्रसेन द्वारा मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की गई। आरोपी को पुलिस टीम ने वॉर्ड प्रहरी की मदद से रेड कर मुख्य बाजार से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। आरोपी के पास से एक देसी पिस्टल बरामद की गई है। आरोपी ने देसी पिस्तौल को मेरठ में किसी व्यक्ति से 2500 रुपये में शराब के ठेके पर हवा बाजी के लिए खरीदा था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

सरपंच पति ने डॉक्टर को फोन न उठाने पर पीटा

फरीदाबाद। एक व्यक्ति ने डॉक्टर द्वारा उसका फोन नहीं उठाने पर यह कह कर थप्पड़ जड़ दिए की मैं सरपंच का पति हूं और तू मेरा फोन नहीं उठाता। आरोपी ने डॉक्टर को इतना मारा कि उसके कान से खून बहने लगा। पीड़ित की शिकायत पर थाना भूपानी पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी गिरफ्त से बाहर है। पीड़ित राजेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सरकारी पशु चिकित्सक है। सुबह यमुना नदी किनारे बसे लालपुर गांव में एक भैंस के इलाज करने मोटर साइकिल पर निकले थे। रास्ते में ललित चौहान मिल गया और उसने पीड़ित की मोटरसाइकिल रुकवा ली। आरोप है कि ललित ने डॉक्टर से कहा कि मैं सरपंच पति हूं और तू मेरा फोन नहीं उठाता। इस पर डॉक्टर ने तर्क दिया कि हो सकता है कि वह उस समय कुछ काम कर रहा होगा या फोन की आवाज नहीं सुनाई दी होगी। इतना कहने के बाद ललित आग बबूला हो गया और पीड़ित को गाली देने लगा। इतना ही नहीं उसने डॉक्टर को पांच थप्पड़ भी जड़ दिए, जिससे उसके कान से खून बहने लगा। राजेश ने विरोध करते हुए डायल नंबर 112 को सूचना दी तो उसने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि उसकी पत्नी गांव की सरपंच है, तुझे नौकरी करना सिखा दूंगा। इतना करने के बाद ललित ने बेइज्जत कर उसे जाने को कहा। वहीं, पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस

फरीदाबाद। कुंदन कॉलोनी बल्लभगढ स्थित हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। स्कूल के छात्रों ने अपने शिक्षकों का रोल अदा कर शिक्षक बनकर बच्चों को पढ़ाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपरचंद शर्मा ने शिरकत की। मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने बेस्ट टीचर के तौर चुनी गई शिक्षिका ज्योति तेवतिया व अन्य शिक्षिका निकिता कौशिक, आकृति कौशिक, शिखा मिश्रा, चंचल, वंदना जांगिड़, रेणु, सपना राजपूत, रेखा यादव, सविता मित्तल, अंजली तेवतिया, पूजा व शिक्षक छोटेलाल को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। शिक्षक दिवस के मौके पर विद्यालय के चेयरमैन व प्रधानाचार्य शिवकुमार की भूमिका छात्र मयंक ने निभाकर विद्यालय में अनुशासन को बनाए रखा। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता अभिषेक दीक्षित, ओमदत्त कौशिक, हेमराज शर्मा, मास्टर जगदीश शर्मा, राजकुमार व ओमप्रकाश शर्मा मौजूद रहे।

पर्स छीनकर भागा आरोपी, एटीएम से निकाल लिए पैसे

फरीदाबाद। ग्रेटर फरीदाबाद में एक महिला का पर्स छीनकर मोटरसाइकिल पर भागे युवक का पीड़िता ने ऑटो से करीब तीन किलो मीटर पीछा किया। एक बैंक के बाहर महिला ने चोर को पहचान भी लिया, लेकिन पीड़िता के शोर मचाते ही आरोपी अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर मौके से फरार हो गया। महिला की शिकायत पर खेड़ीपुल थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है। सेक्टर-18 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी राधा शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुबह 11.15 बजे ग्रेटर फरीदाबाद स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम में नए एटीएम कार्ड का पिन बनाने के लिए गई थी। दो मिनट में राधा शर्मा ने पिन बना लिया और एटीएम का पिन एक कागज पर लिखा। कागज अपने पर्स में रख लिए और वह एटीएम से बाहर निकली। इस दौरान वहां पहले से ही खड़ा एक युवक मौका देख उसके हाथ से पर्स छीनकर फरार हो गया। पर्स में 800 रुपये और आधार कार्ड रखा हुआ था। राधा शर्मा ने सहायता के लिए राह चलते ऑटो को बीच में रुकवाया और उसमें बैठकर पीछा किया। पीछा करते हुए पीड़िता को साढ़े 11 बजे उसके फोन पर 10 हजार रुपये का ट्रांजक्शन का मैसेज आया। राधा ने उसी समय उपभोक्ता सेंटर पर कॉल कर एटीएम नंबर बंद करवा दिया, लेकिन इसके बाद राधा ने आरोपी को भारत कॉलोनी के केनरा बैंक स्थित एटीएम के पास देखा। राधा ने शोर मचा दिया, जिससे आरोपी मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मोटरसाइकिल को कब्जे में लेने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द की गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

जी 20 सम्मेलन
जिनपिंग की अनुपस्थिति

जी20 सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अनुपस्थिति के कारणों पर अफवाहों का बाजार गर्म है। औपचारिक घोषणा से पहले ही आर्थिक सहयोग के महत्वपूर्ण वैश्विक मंच जी20 सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा अनुपस्थित रहने का निर्णय अचानक आया और यह समझ से परे है। हालांकि, रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन भी आयोजन में उपस्थित नहीं रहेंगे, पर उनकी अनुपस्थिति को वर्तमान समय में जारी रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते समझा जा सकता है। लेकिन चीनी राष्ट्रपति की अनुपस्थिति से लोगों की भौंहें चढ़ गई हैं ओर इसके प्रभावों पर अनेक अनुमान लगाए जा रहे हैं। चीन दुनिया की एक महत्वपूर्ण आर्थिक शक्ति है और जी20 चर्चाओं में उसकी प्रमुख भूमिका है। इसलिए शी जिनपिंग की अनुपस्थिति यह चिन्ताजनक संकेत देती है कि चीन विश्व मंच पर अपनी परंपरागत सक्रिय भूमिका से संभवत: पीछे हट रहा है। एक और तर्क यह है कि अंतरराष्ट्रीय मामलों में अनेक दु:साहसों के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन इस अवसर का लाभ उठा कर जिनपिंग की खिंचाई कर सकते हैं। शायद जिनपिंग यह संदेश भी देना चाहते हैं कि चीन को पश्चिम-प्रायोजित मंच की आवश्यकता नहीं है या वह उनके आदेशों का पालन करने को बाध्य नहीं है। यह अपने प्रति अमेरिकी नीतियों का विरोध प्रदर्शित करने का भी एक तरीका है। लेकिन शी जिनपिंग की अनुपस्थिति चीन की 'बहुआयामवाद' के प्रति प्रतिबद्धता पर सवाल खड़े करती है। हालांकि, चीनी प्रधानमंत्री सम्मेलन में भाग ले सकते हैं, पर सभी जानते हैं कि

चीन सरकार में कितना केन्द्रीकरण है। लेकिन यह सोचना बहुत दूर की कौड़ी है कि शी के निर्णय का संबंध भारत के आतिथेय होने से है। हालांकि, खासकर चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश को अपना क्षेत्र घोषित करने के बाद से द्विपक्षीय संबंधों पर बहुत दबाव है, पर राजनयिक रूप से किसी वैश्विक आयोजन में भाग न लेने का विरले ही यह कोई कारण हो सकता है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इसे यह कह कर बहुत महत्व नहीं दिया है कि देशों द्वारा अपनाए दृष्टिकोण का इसकी तुलना में ज्यादा महत्व है कि उनका प्रतिनिधित्व कौन कर रहा है।

शी की अनुपस्थिति का एक और कारण वर्तमान भू-राजनीतिक तनाव हो सकते हैं। चीन भारत समेत अनेक पड़ोसियों के साथ कई विवादों में उलझा है और अमेरिका तथा अन्य पश्चिमी देशों के साथ उसके संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा जी20 में भाग न लेने का एक कारण यह भी हो सकता है कि वे रणनीतिक रूप से विश्व मंच पर संभावित टकराव या आलोचना से बचना चाहते हैं। लेकिन ऐसे आयोजनों से अनुपस्थित रह कर देश तनाव बढ़ाने तथा शांतिपूर्ण समाधान के खोए अवसरों का जोखिम उठाते हैं। इसके साथ ही चीन की अनुपस्थिति जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक मुद्दों को संबोधित करने में उसकी प्रतिबद्धता पर सवाल खड़े करती है। जी20 जलवायु परिवर्तन पर चर्चा का महत्वपूर्ण केन्द्र है जहां देश उत्सर्जन घटाने तथा नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के प्रति प्रतिज्ञा करते हैं। राष्ट्रपति शी की अनुपस्थिति इन लक्ष्यों पर चीन की प्रतिबद्धता पर सवाल खड़े करती है जो जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए जरूरी है। शायद जी20 सम्मेलन में अनुपस्थित रहने के उनके निर्णय का जी20 सम्मेलन पर सीधा प्रभाव नहीं पड़ेगा, पर इससे वैश्विक सहयोग, बहुआयामिता तथा महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में चीन की प्रतिबद्धता पर सवाल जरूर खड़े होते हैं। दुनिया गौर से देख रही है कि उनकी अनुपस्थिति से जी20 सम्मेलन तथा वैश्विक सहयोग की भावी गतिशीलता पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

चावल निर्यात प्रतिबंध का प्रभाव

भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक है। अचानक निर्यात पर प्रतिबंध से दुनिया के विश्वसनीय सप्लायर के रूप में भारत की छवि प्रभावित हो सकती है।

ए.एस. मित्तल
(लेखक, उद्योग संगठन से संबद्ध हैं)

किसान पहले से ही बाढ़ के कारण फसलों के नुकसान से अत्यधिक प्रभावित थे। अब अचानक चावल निर्यात पर प्रतिबंध से उनको और चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार ने हाल ही में बासमती निर्यात पर कठोर नियंत्रण लगाते हुए उसका न्यूनतम मूल्य 1200 डालर प्रति मीट्रिक टन कर दिया। इस कीमत से कम पर निर्यात अनुबंधों का मूल्यांकन कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य विकास अथारिटी-अपीडा द्वारा गठित कमेटी की अनुमति जरूरी हो गई है। अन नियंत्रणों के पीछे कारण निर्यातकों को सफेद चावल निर्यात पर निर्यात प्रतिबंधों को रोकने के लिए है जिनका निर्यात गैर-बासमती प्रजातियों के रूप में किया जा सकता है। लेकिन ब्रिटेन जैसे गुणवत्ता के प्रति सचेत देशों की बाजारों में डीएनए फिंगरप्रिंटिंग का प्रयोग कर बासमती ब्रांडिंग का परीक्षण किया जाता है। इससे वे आयातित चावलों की प्रजाति में किसी मिलावट का पता लगा सकते हैं।

ऐसे में वर्तमान निर्णय का मूल्यांकन करने के साथ चावल निर्यात हतोत्साहित करने के लिए पहले लिए गए दो निर्णयों पर भी गौर करना जरूरी हो गया है। जुलाई में सरकार ने गैर-बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था और इसके बाद 25 अगस्त को 'पारब्वायल्ड' चावलों के निर्यात पर 20 प्रतिशत निर्यात ड्यूटी लगा दी गई। इन कदमों का किसानों व खासकर हरियाणा व पंजाब के किसानों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। उनको इस निर्णय से दुहरी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। पहले ही कुछ क्षेत्रों में बाढ़ के कारण उनकी धान उत्पादकता में 10-12 प्रतिशत कमी आई है। इसके कारण वे चावल निर्यात की अधिक कीमतों का लाभ उठाने से वंचित रहे। निर्यात पर प्रतिबंध का अर्थ है कि किसान वैश्विक स्तर पर मांग-आपूर्ति स्थिति का लाभ उठाने से वंचित रहेंगे। इसके कारण सितंबर, 2011 के बाद से चावल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी उछाल आया है। इसी पुष्टि अगस्त, 2023 में जारी राइस प्राइस इंडेक्स से हुई है जो 130 बिंदु तक पहुंच गया है।

चावल निर्यात पर प्रतिबंध व कठोर नियंत्रणों का कारण सरकार द्वारा घरेलू खाद्यान्न मुद्रास्फीति से निपटने के प्रयास हैं। खरीफ के मौसम में प्रमुख धान-उत्पादक राज्यों में भारी बरसात के कारण बड़े पैमाने पर फसलें नष्ट होने की स्थिति सामने आई है। सरकार को इससे इन राज्यों में पैदावार कम होने की चिन्ता सता रही है। भारत के मैक्रो आर्थिक स्थायित्व के लिए मुद्रास्फीति को काबू में रखना बहुत जरूरी है। लेकिन इसके साथ ही इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने से किसानों पर इसका भारी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इससे खासकर वे किसान ज्यादा प्रभावित होंगे जो पहले से ही संकटों में घिरे हैं। इस संकट से निपटने के लिए राज्य सरकारों को बाजारों को छूट देनी चाहिए तथा बासमती निर्यात पर उनकी ग्रामीण विकास फीस समाप्त करनी चाहिए ताकि किसानों को संभावित नुकसान से बचाया जा सके। कृषि उत्पादों के निर्यात पर प्रतिबंध या उस पर नियंत्रण लगाने से बचने के लिए केन्द्र सरकार को इनकी उचित कीमत पर खरीद करनी चाहिए। 'एक्सपोर्ट पैरिटी प्राइस' कहे जाने वाली इस कीमत का अर्थ यह है कि यदि किसान निर्यात अनुबंध पूरे करने की स्थिति में न हों तो उनको इस कीमत का भुगतान किया जाए। ऐसी व्यवस्था करने के बाद सरकार अपने भंडार को बाजार में बेच सकती है ताकि कृषि उत्पादों की कीमतें स्थिर रखी जा सकें। हालांकि, ऐसी व्यवस्था के कारण राजकोष पर बोझ पड़ेगा तथा राजकोषीय घाटा बढ़ सकता है। वैसे इस मामले में अल्पकालीन अवधि के खर्चों को अन्य क्षेत्रों में होने वाली बचत से संतुलित किया जा सकता है। इसके साथ ही इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि 'एक्सपोर्ट पैरिटी प्राइस' के दीर्घकालीन लाभ होंगे। खेती से होने वाली आय कम होने की स्थिति में किसान कृषि सुधारों का समर्थन करने के इच्छुक नहीं होंगे। इस उद्देश्य से कृषि सुधारों के मामले में दीर्घकालीन लाभों व इस पर होने वाले खर्च पर गौर करना होगा।

भारत पिछले लगभग एक दशक से दुनिया में चावल का सबसे बड़ा निर्यातक है जो उसके कुल कृषि उत्पाद आयातों का 19 प्रतिशत है। लेकिन अचानक चावल निर्यात पर प्रतिबंध लगाने से दुनिया के विश्वसनीय सप्लायर के रूप में भारत की छवि को नुकसान पहुंच सकता है। इसके बावजूद भारतीय चावल की भारी मांग है क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय कीमतों की तुलना में सस्ता है। इसके परिणामस्वरूप भारत ने 2022-23 में 2.22 करोड़ टन का रिकार्ड निर्यात किया जो दुनिया के कुल चावल निर्यात का 40 प्रतिशत से अधिक है। भारत के चावल निर्यात में गैर-बासमती का हिस्सा सबसे अधिक है। भारत ने वर्ष 2022-23 में 1.77 करोड़ टन गैर-बासमती चावल का निर्यात किया था जिसकी कीमत 51,089 करोड़ रुपये थी। इसके साथ ही भारत ने वर्ष 2022-23 में 45 लाख टन बासमती चावल का निर्यात किया था जिसकी कीमत 38,524 करोड़ रुपये थी। बासमती चावल निर्यात में पंजाब का हिस्सा 45 प्रतिशत है। पंजाब में धान के रिकार्ड उत्पादन से बहुत उम्मीदें हैं जहां इसकी खेती का क्षेत्रफल लगातार बढ़ता जा रहा है। पंजाब के किसानों ने इस साल खास उपलब्धि प्राप्त की है। यह उपलब्धि अनेक चुनौतियों के बावजूद है जिसमें जुलाई व अगस्त में बाढ़ तथा 20 से 23 जिलों में धान उत्पादन में थोड़ी कमी शामिल है। उन्होंने पिछले सारे रिकार्ड तोड़ कर वर्तमान खरीफ मौसम में 31.93 लाख हेक्टर क्षेत्र में धान की खेती की। इसमें 5.87 लाख हेक्टर में बासमती की खेती शामिल है जो पंजाब के इतिहास में सर्वाधिक है। यह उपलब्धि खासकर इसलिए महत्वपूर्ण है कि वर्तमान समय में चावल की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें अब तक सर्वाधिक उच्च स्तर पर हैं।

लेकिन परिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने के लिए सेंट्रल ग्राउंडवाटर बोर्ड ने संस्तुति की है कि पंजाब अपना सामान्य धान खेती का रकबा 18-20 लाख हेक्टर तथा सुगंधित बासमती धान का रकबता 8-10 लाख हेक्टर तक सीमित रखे। इससे गैर-बासमती से बासमती खेती में विविधीकरण संभव होगा। इससे बेनिन, चीन और सेनेगल की नई वैश्विक बाजारों में पहुंच सुनिश्चित होगी। यह पंजाब के लिए एक सुनहरा अवसर होगा। इस साल विश्व बाजार में बासमती के रिकार्ड दामों को देखते हुए घरेलू बाजार में उसकी कीमतें 4500 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच सकती हैं। इससे किसानों को परंपरागत फसलें छोड़ कर बासमती की निर्यात संभावनाओं तक पहुंचने को प्रोत्साहित किया है। इससे उनकी आय बढ़ सकती है तथा पर्यावरण लाभान्वित हो सकता है। उत्पाद की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए बासमती उत्पादक जिलों में किसानों को बासमती की निर्यातोन्मुख किस्मों का प्रयोग करना चाहिए तथा खेती के लिए उपयुक्त मृदा का प्रयोग होना चाहिए। इसके साथ ही गुणवत्तापूर्ण सिंचाई जल, मांग-आधारित गुणवत्ता नियंत्रण उपायों तथा लागत-प्रभावी व पर्यावरण-हितैषी विधियों का प्रयोग कर कृषि-परिस्थितिकी संरक्षण भी होना चाहिए।

पंजाब के उत्तरी भागों में उपयुक्त कृषि-जलवायु स्थितियां हैं, अत: उनको निर्यात-गुणवत्ता वाले ऐसे बासमती उत्पादन पर ध्यान देना चाहिए जिसकी पानी के कम उपभोग पर अधिक पैदावार हो। इसके साथ ही बासमती की परंपरागत सुगंध बनाए रखना तथा प्रतिबंधित कीटनाशकों के प्रयोग से बचना भी बहुत जरूरी है। किसानों को बासमती उत्पादन के लिए प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए तथा उनको गुणवत्तापूर्ण बासमती उत्पादन के विभिन्न आयामों में प्रशिक्षित भी किया जाना चाहिए।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की महिमा

डॉ मुरली धर सिंह शास्त्री
(लेखक, उप्र सरकार के अधीन प्रथम श्रेणी अधिकारी हैं)

भारतीय पचांग के अनुसार 6 सितम्बर को जन्माष्टमी लग रही है इसलिए गृहस्थ लोग एवं भक्तजन 6 सितम्बर को मनायेंगे तथा वैष्णव महात्मा गण एवं बैरागी गण उदया तिथि को मानते हुये 7 सितम्बर 2023 को मनायेंगे। भगवान श्रीकृष्ण के मुख्य तीर्थ मथुरा वृन्दावन, द्वारिका एवं जगन्नाथपुरी इन स्थानों पर जन्माष्टमी का त्यौहार 7 सितम्बर 2023 को ही मनाया जायेगा। भगवान श्री कृष्ण के जन्म के समय मुख्य रूप से भादो मास के कृष्ण पक्ष अष्टमी तथा सूर्यदेव को सिंह राशि में एवं चन्द्र देव को वृष राशि में होना चाहिए तभी जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया जाता है।

वसुदेवसुतं देवं कंसचाणूरमर्दनम।
देवकीपरमानन्दं कृष्णं वन्दे जगदुरुम॥

यह मंत्र अपने आप में कृष्ण का पूरा परिचय देता हैए कृष्ण वासुदेव के पुत्र हैए महादुष्ट कंश एवं चाणूर को मारने वाले देवकी माता को आनन्द देने वाले हम सबके जगत के गुरू है उनको कोटिश नमन एवं अपने से जोड़े रखें। भगवान श्रीकृष्ण के नाम का अर्थ आकर्षण है इसलिए कर्षति परमहंसानाम इति कृष्ण: कहा गया है। इसलिए सारी सृष्टि ही कृष्ण की ओर आकर्षित होती है। सृष्टि के सभी रूप कृष्ण में समाए हुये हैं। क्योंकि कृष्ण सोलह कलाओं से युक्त पूर्ण पुरूष है। एक बार जो उन्हें देख लेता है, इनमें दिल लगा लेता है, वह इनका हो जाता है। जीव और ईश्वर दोनों ही रूपों में ये हमारे साथ है।

यह बोध होते ही ज्ञान होने लगता है कि सारी सृष्टि ही कृष्णमय है। भगवान श्रीकृष्ण के साधारण से साधारण और विशिष्ट से विशिष्ट भारत में अनेक ग्रन्थ है पर इनके द्वारा युद्ध क्षेत्र कुरूक्षेत्र में दिया गीता का ज्ञान अपने आप में जीवन का पथ प्रदर्शक एवं कदम-कदम पर विश्व को मानवता की प्रेरणा देने वाला है। यह वेदों का साथ व वेदांत का मूल आधार है और आम लोगों को अपने आप से जोड़ता है। इसकी हम वन्दना करते है।

हमारा भारतीय दर्शन पूर्ण रूप से वेदांत पर आधारित है। हमारे वेदों की उत्पत्ति का वैज्ञानिक दृष्टि से लगभग 10 हजार ई0 पूर्व वर्ष माना गया है। इसमें ब्रहम के साथ साथ जीवन की कला भी समाहित है। इसमें निर्गुण ब्रहम एवं सगुण ब्रहम के बीच एक अनुभव जन्य ब्रहम की अवधारणा दी गयी है। इसका अर्थ है कि ब्रहम सत्यम जगन मिथ्या, ब्रहमेय जीवों न परह: अर्थात जीव और ब्रहम एक ही है अलग नहीं। कहा गया है कि अहंब्रहमास्मि, अर्थात् हम ब्रहम है इसी की वेदांत अपनी-अपनी भाषा में व्याख्या करते है। लेकिन वेद वेदांत क्या है इस तत्व का खुलासा नहीं करते है। इस बात को भगवान श्रीकृष्ण ने 45 मिनट में कुरूक्षेत्र के मैदान में अर्जुन को सुना दिया था। सुनाने के पहले उनको दिव्य दृष्टि दी गई थी क्योंकि इस सामान्य दृष्टि से न ब्रहम को देखा जा सकता है और न समझा जा सकता है। परमात्मा का अंश हमारी जीवात्मा है जब हम अपने जीवात्मा को नही जानते तो परमात्मा को कैसे जानेंगे।

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फ्लेषु कदाचन। मा कर्मफ्लहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि।। अर्थात् मनुष्य का अधिकार कर्म करने का हैए फ्ल या परिणाम उसके बस में नहीं है इसलिए आदमी को जिस कार्य में लगाया गया है उस कार्य को ईश्वर को समर्पित कर पूर्ण रूप से करना चाहिए। निश्चित फ्ल मिलेगा। वेदांत चाहता है कि आप कर्म प्रवृत्ति की तीव्र लगन के द्वारा परिच्छन्न आत्मा अर्थात् क्षुद्र अहंकार से ऊपर उठें। वेदांत में कर्म का अर्थ है अपनी असली आत्मा

से मेल और विश्व से अभिन्नता। वेदांत के अनुसार घोर कर्म ही विश्राम है। सभी सच्चे काम में आराम ही है। शरीर को तो कर्मशील उद्योग में निरत रखने से मन को शांति और प्रेम में तल्लीन रखने से यहीं इसी जन्म में पाप और ताप से मुक्ति मिल सकती है। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि न में पार्थ अस्ति, कर्तव्यें त्रिषु लोकेश अकिंचन-अर्थात संसार में मेरे द्वारा कोई कार्य असम्भव नहीं है तथा कोई कार्य करने की आवश्यकता नही है तो भी मैं कार्य करता हूं। अर्थात जो संसार में जीवधारी है वो कार्य करता है। वो बिना कार्य के रह नही सकता है जैसे. सांस लेना एवं छोड़ना ही कार्य है सभी चौरासी योनि के जीवधारी इस कार्य को करते है। इसलिए सभी को नियत कर्म करते रहना चाहिए।

आज से लगभग 5125 वर्ष पूर्व योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण का जन्म मथुरा के कारागार में हुआ था। उस समय मथुरा में कंस का शासन था जो भगवान श्रीकृष्ण के मामा थे। कृष्ण की मां का नाम देवकी एवं पिता का नाम वासुदेव था। माता देवकी स्वयं अदिति की अवतार थी तथा वासुदेव स्वयं महर्षि कश्यप एवं महाराज दशरथ के अवतार थे। कृष्ण जी के अग्रज बलराम जी शेषनाग के अवतार थे तथा नन्द बाबा दक्ष प्रजापति जी के अवतार थे। माता यशोदा दिति एवं कौशल्या की अवतार थी तथा गर्गऋषि स्वयं बृहस्पति एवं ऋषि वशिष्ठ के अवतार थे तथा कंश स्वयं कालनेमी राक्षस के अवतार थे। मां यशोदा के गर्भ से जो कन्या उत्पन्न हुई थी स्वयं जगदम्बा है जो विन्ध्याचल में निवास करती है। नन्दगोपगृहे जाता यशोदागर्भ सम्भवा। ततस्तौ नाशयिष्यामि विन्ध्याचलनिवासिनी।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के बाद निम्न मंत्रों का जाप करना चाहिए:. ओम नमो भगवते वासुदेवाय नम:, ओम देवक्यैं नम:, ओम यशोदायै नम:, ओम बलभद्राय नम:, ओम कृष्णाय नम:, ओम सुभद्रायै नम:, ओम नन्दाय नम: के बाद चन्द्रमा का मध्य रात्रि में उदय होता है उनको भी प्रणाम करना चाहिए। ओम सोम सोमाय नम: यह प्रसंग श्रीमद्भागवत के कृष्ण जन्म खण्ड एवं भविष्य पुराण के उत्तर पर्व के 55वें अध्याय में उल्लेखित है। श्रीकृष्ण पूर्ण रूप से भगवान विष्णु एवं राम के ही अवतार थे पर इनका जन्म मथुरा के कारागार में हुआ था और उस समय दुष्ट कंस का शासन था, अत: उनका जन्मोत्सव गोपनीय तरीके से ही मनाया जाता था। जब भगवान श्रीकृष्ण एवं बलराम जी ने अपने 14वें वर्ष में अपने मामा कंस का वध किया तब से इनका जन्मोत्सव भव्यता से मनाया जाने लगा है।

भविष्य पुराण में उल्लेख है कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने के समय प्रतीकात्मक रूप से देवकी मां का मूर्ति या चित्र बनाकर जन्म स्थान पर सुतिकागृह बनाना चाहिए तथा दीवालों पर स्वास्तिक एवं मांगलिक चिन्ह का भी निर्माण किया जाना चाहिए। देवकी माता के चित्र में उनके गोद में एक नवजात बालक का कृष्ण के रूप मे चित्रण होना चाहिए तथा साथ में यशोदा माता का भी एक चित्र या फोटो कन्या का चित्र होना चाहिए तथा यह भी होना चाहिए कि देवकी माता का पैर चरण मां लक्ष्मी देवी द्वारा दबाते हुये चित्र का भी अंकन होना चाहिए। उक्त बातें व्यापक रूप से भविष्य पुराण में उल्लेखित की गयी है।

आप की बात

एक देश एक चुनाव

सेंटर फार मीडिया स्टडीज़ के अनुसार 2019 के आम चुनाव में सरकार व सभी दलों ने मिलकर कल 65000 करोड रुपए खर्च किए थे। इससे स्पष्ट है कि हमारी प्रजातांत्रिक व्यवस्था देश के खजाने पर भारी दबाव डाल रही है। यदि एक राष्ट्र एक चुनाव का नियम लागू किया जाए और उसमें आने वाली संवैधानिक विसंगतियों को एक बार में ही समाप्त कर दिया जाए तो देश का धन व कर्मचारियों के समय की बचत के साथ चुनावी हिंसा और तनाव को भी कम किया जा सकता है। 1967 तक वैसे भी एक साथ ही चुनाव होते थे और तब तक किसी को कोई परेशानी नहीं थी। अब विपक्ष इसके विरोध पर क्यों अडा हुआ है? देश का धन बचे और वह देश के विकास कार्य में खर्च हो, इससे बढ़िया बात क्या हो सकती है। लगे हाथ चुनाव लड़ने वालों के लिए एक न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता तय की जानी चाहिए ताकि देश को प्रतिभाशाली व पढ़े-लिखे जनप्रतिनिधि मिल सके। हाल ही में हमने राजस्थान के शिक्षा मंत्री को चंद्रयान के बारे में अटपटा बयान देते हुए देखा है। ऐसे जन-प्रतिनिधियों से भारत को विकसित देश बनाने में बाधा ही आती है। एक देश एक चुनाव से कुकुरमुत्ते की तरह उगने वाले अयोग्य व अक्षम राजनेताओं का भी सफाया हो जाएगा।

- **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

राजनीतिक यथार्थ

एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स के आंकड़ों से साफ जाहिर है कि बसपा को छोड़कर देश के सभी राजनीतिक दलों को भरपूर चंदा मिला है। इसमें तृणमूल कांग्रेस को तो पिछले बार के मुकाबले डेढ़ सौ प्रतिशत अधिक चंदा प्राप्त हुआ है। यह भी इन दलों द्वारा बताए गए आंकड़े हैं। छुपाए गए आंकड़े इससे कहीं बड़े हो सकते हैं। इस जमाने में जब आदमी बिना मतलब के फूटी कौड़ी तक किसी को देना नहीं चाहता, ऐसे में सत्तारूढ़ दलों सहित सभी राजनीतिक दलों को करोड़ों रुपए का चंदा जो भी दे रहे हैं तो जाहिर है कि वे इससे चार गुना ज्यादा पैसा इन्हीं दलों के सहयोग से वापस कमाने की अपेक्षा भी रखते है। चुनाव के समय चंदे के अलावा भी राजनीतिक दल सरकार से लोन भी लेते हैं। कौन चुका रहा, कौन नहीं चुका रहा तथा किस पर कितना लोन बाकी है इसके आंकड़े आज तक कभी पढ़ने सुनने में नहीं आए हैं। ऐसा लगता है कि धनबल व बाहुबल के बिना चुनाव लड़ना व जीतना अब संभव नहीं है। मतदाताओं को मुफ्त की रेवड़ियां देने का एक नया प्रचलन चल गया है। मतदाताओं को ही तय करना होगा कि वह किसी दागी को वोट नहीं देंगे।

- **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

ब्राजील की उपलब्धि

ब्राज़ील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा ने अभी इसी साल 1 जनवरी को ब्राज़ील का राष्ट्रपति पद सम्हाला। वे तेजी से पर्यायवरण रक्षार्थ, खासकर अमेज़न वर्षा वनों को बचाने में जी जान से जुट गए हैं। उनके काम का नतीजा भी साफ़-साफ़ दिखने लगा है। जुलाई 2023 में पिछले वर्ष की तुलना में दो तिहाई वनों की कटाई में कमी आई थी। अगस्त में भी ऐसे ही सकारात्मक समाचार ने दुनिया भर के पर्यावरणवादियों को जश्न का मौका दे दिया है। अमेज़न वनों की कटाई में गिरावट दर्ज की जा रही है। 77 वर्षीय लूला डा सिल्वा ने पिछले महीने आठ देशों वाले अमेज़न सहयोग संधि संगठन की बैठक वनों को बचाने के लिए बुलाई। इस बैठक से पूरे दक्षिण अमेरिकी देशों में संदेश गया है कि अमेज़न को बचाए बिना दुनिया को नहीं बचाया जा सकता है। जिस मेहनत और तत्परता के साथ लूला डा सिल्वा पर्यावरण संरक्षण पर काम कर रहे हैं, वह प्रशंसनीय है। उल्लेखनीय है कि ब्राजील को अब ब्रिक्स संगठन की अध्यक्षता का अवसर मिला है। इससे लूला डा सिल्वा को अपनी प्रतिभा और राजनयिक क्षमता प्रदर्शित करने का व्यापक स्तर पर मौका मिलेगा।

-**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

भारत का महत्व

ऐतिहासिक और सनातन दृष्टि से हमारे देश का नाम भारतवर्ष था किंतु भारतवर्ष से अलग होकर कई देश बने तो भारतवर्ष बाद में अंग्रेजी में इंडिया और हिंदी में भारत नाम से जाना जाने लगा। आश्चर्य होता है कि हमारे देश में अभी तक दो नाम चल रहे हैं हिंदी और अंग्रेजी में अलग-अलग जबकि मातृभाषा में इसका नाम केवल भारत ही रख सकते थे। हो सकता है कि इंडिया और भारत दोनों ही नाम को अभी आसानी से वैश्विक स्तर पर हटाना आसान न हो। लेकिन यह भी सच है कि संविधान सभा में भी भारत और इंडिया के नामों को लेकर काफी बहस हुई थी। हिंदू व जैन प्राचीन ग्रंथों के अनुसार देश का नाम भारत था। बाद में एक यूनानी विद्वान ने सिंधु या इंडस नदी किनारे बसी सभ्यता को इंडियन कहना शुरू कर दिया। आज जब देश औपनिवेशिक प्रतीकों से मुक्ति पाने का प्रयास कर रहा है तो भारत की राष्ट्रपति के नाम से आमंत्रण में उनको प्रेसीडेंट आफ भारत कहने पर विपक्ष अपने संकुचित दृष्टिकोण का परिचय दे रहा है। उम्मीद है कि देश की जनता, खासकर नौजवान अब भारत नाम को ज्यादा स्वीकार करेंगे।

-**बी एल शर्मा,** उज्जैन

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए पूरी दुनिया में गूंजेगा प्रभु श्रीराम का नाम

21 से 25 सितंबर के मध्य ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर व मार्ट में होगा भव्य आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश और विश्व के कई अन्य देशों की आस्था का केंद्र भी प्रभु श्रीराम ही हैं। ऐसे में 21 से 25 सितंबर के मध्य ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर व मार्ट में इंटरनेशनल ट्रेड शो के आयोजन में भी न केवल इस बात को विशेष तौर पर ध्यान में रखा गया है बल्कि इसे पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ सांस्कृतिक विरासत के तौर पर समूचे विश्व के आगे प्रदर्शित करने की विस्तृत कार्ययोजना पर योगी सरकार काम कर रही है।

सीएम योगी की मंशा के अनुरूप यह कार्यक्रम व्यवसायिक अवसरों को विस्तार देने के मंच से बढ़कर विश्व को एक सांस्कृतिक डोर में बांधने का माध्यम भी बनेगा। बात चाहें थाइलैंड की हो, मलेशिया की, इंडोनेशिया की हो या फि र साउथ कोरिया की, इन सभी देशों की आस्था के केंद्र में प्रभु श्री राम रहे हैं। ऐसे में इंटरनेशनल ट्रेड शो में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रभु श्री राम से जुड़े संस्मरणों, लोक कलाओं, गायन व नृत्य नाटिकाओं का मंचन कर उन्हें वैश्विक पटल पर व्यापकता के साथ दर्शाने की कार्ययोजना तैयार कर उसके क्रियान्वयन की तैयारी पूरी कर ली गई है। इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा लेने जो अतिथि विश्व भर से आ रहे हैं उनकी आवभगत के लिए भी योगी सरकार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। कार्ययोजना के अनुरूप माना जा रहा है कि कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विशिष्ट अतिथियों का स्वागत कल्चरल ग्रुप के आर्टिस्ट्स करेंगे और उनके लोक गीतों प्रभु श्रीराम से जुड़े लोकगीत प्रमुख होंगे। इतना ही नहीं, कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे हस्तशिल्पियों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों में भी प्रभु श्रीराम की झलक देखने को मिलेगी। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के इनॉगरल सेशन में एक कल्चरल टैब्ल्यू का प्रेजेंटेशन होगा जिसमें ब्रज, पूर्वांचल, अवध, पश्चिमांचल, रूहेलखंड व बुंदेलखंड के कलाकारों की प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। इनमें से 12 कलाकार मंच पर अतिथियों को लेकर आएंगे और उनका स्वागत भी करेंगे। निश्चित तौर पर अवध और बुंदेलखंड के कलाकारों में प्रभु श्रीराम से जुड़े लोक गीतों की प्रमुखता रहेगी। इसके अतिरिक्त लोक गायन, राम गान और रामायण पर आधारित कथक नृत्य नाटिका का मंचन भी सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों के दौरान किया जाएगा। ट्रेड शो के दौरान 5 दिनों में आयोजित होने वाले कुल 6 सांस्कृतिक कार्यक्रमों को अलग-अलग परफ ॉर्मेंसेस के आधार पर चिह्नित किया गया है। इस क्रम में कल्चरल टैब्ल्यू के अतिरिक्त स्वर संगम सेशन के दौरान जुगलबंदी और सूफ ी गायन के जरिए समां बांधा जाएगा। जबकि उत्तर प्रदेश के रंग लोक के संग सेशंस के दौरान अलग-अलग दिनों में रिदम रसरंग, सुगम संगीत, अनुराद म्यूजिकल बैंड की प्रस्तुति, लोक गायन, राधा-माधव नृत्य, राम गान, रामायण पर आधारित कथक नृत्य नाटिका व गायन प्रस्तुति के जरिए ट्रेड शो में आए लोगों को सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराते हुए मनोरंजन सुलभ कराने की कार्ययोजना पर कार्य हो रहा है।

इंटरनेशनल ट्रेड शो में ईशा फ ाउंडेशन के फ ाउंडर व स्पीरिचुअल गुरू सद्गुरू भी एक सेशन में हिस्सा ले सकते हैं। माना जा रहा है कि इस कार्यक्रम में वह शिरकत करके इंटरैक्टिव सेशन के माध्यम से न केवल आध्यात्म से जुड़े कुछ गूढ विषयों पर चर्चा कर सकते हैं बल्कि व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक गुणों से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान व सूक्ति को लेकर भी चर्चा कर सकते हैं। कार्यक्रम में चीफ गेस्ट के तौर पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सम्मिलित होंगी। वहीं, कई अन्य केंद्रीय मंत्री भी ट्रेड शो के विभिन्न सेशंस में बतौर चीफ व स्पेशल गेस्ट अपनी भूमिकाओं का निर्वहन करेंगे।

सोशल मीडिया हैंडल पर मुख्यमंत्री योगी के फॉलोअर्स की संख्या पहुंची 2.6 करोड़ के पार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सीएम योगी ने विगत 6 वर्ष में देश की आबादी के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की छवि बदलने से लेकर उसे तरक्की की राह पर ले जाने का जो कार्य किया है, उसकी हर ओर प्रशंसा हो रही है। नतीजा, उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश और दुनिया में सीएम योगी की लोकप्रियता में तेजी से वृद्धि हुई है। सोशल मीडिया भी इसका अपवाद नहीं है। यहां भी हर नए दिन के साथ सीएम योगी की लोकप्रियता में लगातार इजाफा हो रहा है। इस क्रम में बुधवार को एक और उपलब्धि तब दर्ज हो गई जब सोशल मीडिया साइट एक्स (ट्वीटर) पर सीएम योगी के ऑफि शियल हैंडल के फ ॉलोअर्स की संख्या ने 26 मिलियन (2.6 करोड़) का आंकड़ा पार कर लिया। पीएम मोदी और अमित शाह के बाद इस मुकाम तक पहुंचने वाले सीएम योगी तीसरे ऐसे राजनेता हैं, जिनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इतनी बड़ी संख्या में चाहने वाले हैं। एक्स पर उनकी लोकप्रियता देश के अंदर लगभग सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों, विपक्ष के नेताओं और यहां तक कि कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों से ज्यादा है। हाल ही में एक्स द्वारा 30 दिन में सर्वाधिक फ ॉलोअर्स पाने वाले लोगों, संगठनों और विभागों की लिस्ट जारी की गई थी, जिसमें सीएम योगी 2 लाख 67 हजार 419 नए फ ॉलोअर्स के साथ पीएम मोदी के बाद दूसरे लोकप्रिय भारतीय राजनेता रहे थे।

राज्यपाल व सीएम ने दी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि लोकजीवन में भगवान श्रीकृष्ण के आदर्श और कार्य प्रधान शिक्षा अनुकरणीय है। उत्साह के साथ मनाया जाने वाला श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े जनमानस की आस्था और श्रद्धा का आधार है। राज्यपाल जी ने कामना की है कि जन्माष्टमी का यह पर्व देश और समाज में शाश्वत मूल्यों की स्थापना, भाईचारा और एकता की भावना का प्रसार करे। मुख्यमंत्री ने अपने बधाई संदेश में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का धरा पर अवतरण धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना के लिए एवं अधर्म, अन्याय तथा अत्याचार के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भगवद्गीता के माध्यम से ज्ञान, कर्म एवं भक्ति योग का जो संदेश दिया, उसकी प्रासंगिकता शाश्वत है।

सभी जिलों में नौ सितंबर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

दीवानी, अपराधिक व राजस्व वादों का अधिकाधिक संख्या में सुलह समझौतो के आधार पर किया जाएगा निस्तारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

नौ सितम्बर को प्रदेश के समस्त जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सभी प्रकार के दीवानी वाद, अपराधिक वाद एवं राजस्व वादों का अधिकाधिक संख्या में सुलह समझौतो के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव संजय सिंह प्रथम ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में दीवानी, फौजदारी एवं राजस्व न्यायालयों में लम्बित मुकदमों के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन (मुकदमा दायर करने से पूर्व) वैवाहिक विवादों का समाधान भी सुलह-समझौते के माध्यम से कराया जाएगा। इसमे समस्त प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले, बिजली एवं जल के बिल से सम्बन्धित शमनीय दण्ड वाद, चेक बाउंस से सम्बन्धित धारा-138 एनआई एक्ट एवं बैंक रिकवरी, राजस्व वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद तथा अन्य सिविल वाद के निस्तारण के लिए सम्बन्धित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सम्पर्क कर सकते है। लोक अदालत में मामलों के निस्तारण के अनेक लाभ होते है। जैसे लोक अदालत में निर्णित मुकदमे की किसी अन्य न्यायालय में अपील नहीं की जा सकती है। लोक अदालत के निर्णय को अन्तिम माना जाएगा। लोक अदालत का निर्णय सिविल न्यायालय के निर्णय के समान बाध्यकारी होता है। पक्षों के बीच सौहार्द बना रहता है। सम्बन्धित पक्षकारों के समय व धन की बचत होती है। अदा की गई कोर्ट फीस पक्षकारों को वापस हो जाती है। यातायात सम्बन्धी चालानों को वेबसाइट के द्वारा ई-पेमेंट के माध्यम से भुगतान कर घर बैठे ही निस्तारण करा सकते हैं। आलम्बित वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराने के लिए सम्बन्धित न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अथवा अपने जनपद के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से सम्पर्क कर अपने वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत करा सकते हैं। प्री-लिटिगेशन वैवाहिक विवाद वह विवाद हैं जो पति-पत्नी के मध्य विभिन्न कारणों से उत्पन्न होते हैं। इसके समाधान के लिए पति अथवा पत्नी के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में विवाद का संक्षिप्त विवरण लिखते हुए प्रार्थना पत्र दिया जाएगा। इसके बाद विपक्षी को नोटिस भेज कर बुलाया जाएगा। पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश एवं मध्यस्थ अधिवक्ता की बेंच गठित की जाएगी। बेंच के द्वारा दोनों पक्षों की बैठक करवाकर सुलह-समझौते के माध्यम से विवाद का समाधान कराया जाएगा। बेंच के द्वारा पक्षों के मध्य समझौते के आधार पर लोक अदालत में निर्णय पारित किया जाएगा जो अंतिम माना जाएगा और निर्णय के विरुद्ध किसी अन्य न्यायालय में अपील दायर नहीं की जा सकती, जिससे परिवार टूटने से बच जाएगा एवं पारिवारिक सद्भाव बना रहेगा।

सपा ने सीओ के खिलाफ कठोर कारवाई करने की मांग की

लखनऊ। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश से पुलिस सीओ विनीत सिंह की ड्यूटी घोसी में मतगणना स्थल पर नहीं लगाये जाने व मतदान के दिन अल्पसंख्यक बाहुल्य बूथों पर अल्पसंख्यकों को मतदान से रोकने, अल्पसंख्यक वर्ग के बुजुर्ग पुरुष एवं महिलाओं से अभद्रता करने तथा समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं पर बल प्रयोग करने और उनकी पिटाई करने के आरोपी विनीत सिंह के विरूद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। पटेल ने कहा है कि इस सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग, चुनाव प्रेक्षक भारत निर्वाचन आयोग, सेक्टर मजिस्ट्रेट, रिटर्निंग ऑफिसर तथा पुलिस के उच्च अधिकारियों से विनीत सिंह की कार्यशैली के बाबत कई बार शिकायतें की गई, किन्तु कोई कार्यवाही नहीं की गई।

साल 2027 तक दलहन मामले में आत्मनिर्भर होगा उत्तर प्रदेश

उपज, उत्पादन और फसली क्षेत्र का रकबा बढ़ाकर सरकार हासिल करेगी यह लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

योगी सरकार की मंशा वर्ष 2026-2027 तक दलहन की खपत के मामले में उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की है। इस चुनौतीपूर्ण काम के लिए सरकार ने मुकम्मल रणनीति भी तैयार की है। इसमें प्रति हेक्टेयर उपज और फ सल क्षेत्र में वृद्धि भी शामिल है

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश दलहन का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता राज्य है। पर, अभी उपभोग का आधा ही उत्पादन प्रदेश में होता है। रणनीति के अनुसार तय समयावधि में प्रति हेक्टेयर उपज 14 से बढ़ाकर 16 कुंतल करने का है। कुल उपज का लक्ष्य 30 लाख टन है। इसके अलावा करीब 1.75 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त रकबे को दलहन की फसलों से आच्छादित करने की भी तैयारी है। सरकार इसके लिए दलहन की परंपरागत फ सलों की उन्नत और अधिक उपज देने वाली प्रजातियों के बीज उपलब्ध कराएगी। कुछ प्रगतिशील किसानों के वहां इनका प्रदर्शन भी होगा। किसानों को बड़ी संख्या में बीज के निशुल्क मिनीकिट भी दिए जाएंगे। यह क्रम जारी भी है। साथ ही फ ोकस कम समय में होने वाली मूंग, उर्द (उड़द) आदि की फ सलों पर होगा। इनकी सहफ सली खेती को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

इसके अलावा असमतल भूमि पर स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली का प्रयोग करते हुये उत्पादन में वृद्धि, फ रो एंड रिज मेथड से खेती कर उत्पादन में वृद्धि और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की गारंटी भी सरकार दे रही है। दरअसल खाद्यान्न में रिकॉर्ड उत्पादन के बाद सरकार अब खाद्यान्न सुरक्षा से एक कदम आगे पोषण सुरक्षा के बारे में सोच रही है। इसमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका दलहनी फ सलों की होगी। वजह आम आदमी, खासकर शाकाहारी लोगों के लिए प्रोटीन का एक मात्र स्रोत दाल ही है। खपत की तुलना में पैदावार कम होने से अक्सर कुछ वर्षों के अंतराल पर दाल के दाम सुर्खियों में रहते हैं। ऐसा होने पर आम आदमी के थाल की दाल पतली हो जाती है। गरीब के थाल से तो गायब ही।

ऐसा न हो इसके लिए योगी सरकार ने यह मुकम्मल कार्ययोजना तैयार की है। इस पर काम तो योगी सरकार के पहले कार्यकाल में ही शुरू हो गया था। नतीजतन 2016-17 से 2020-21 के दौरान दलहन का उत्पादन 23.94 मीट्रिक टन से बढ़कर 25.34 लाख मीट्रिक टन हो गया। इस दौरान प्रति हेक्टेयर उत्पादकता 9.5 कुंतल से बढ़कर 10.65 कुंतल हो गई। हालांकि यह प्रदेश की खपत का महज 45 फ ीसद है।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा दाल का उत्पादक, उपभोक्ता और आयातक है। सर्वाधिक आबादी के नाते इस उपभोग का सर्वाधिक हिस्सा यूपी का ही है। ऐसे में पूरे दुनिया के दाल उत्पादक देशों (कनाडा, आस्ट्रेलिया, अमेरिका, टर्की और म्यानमार) की नजर न केवल भारत और उत्तर प्रदेश के पैदावार बल्कि छह महीने के भंडारण पर भी रहती है। ऐसे में अगर पैदावार कम है तो यहां की भारी मांग के मद्देनजर अतंरराष्ट्रीय बाजार में दाल यूं ही तेज हो जाती है। इस पर रुपये के मुकाबले डॉलर की क्या स्थिति है, इसका भी बहुत असर पड़ता है। रुपये के मुकाबले अगर डॉलर के दाम अधिक हैं तो आयात भी महंगा पड़ता है। इस तरह दाल के आयात में देश को बहुमूल्य विदेशी मुद्रा भी खर्च करना होता है। अगर उत्तर प्रदेश दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भर हो जाय तो विदेशी मुद्रा भी बचेगी।

अस्पतालों में न डाक्टर हैं और न ही दवाएं: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। डेंगू का प्रकोप भी बढ़ रहा है। भाजपा सरकार दावे तो बड़े-बड़े करती हैं लेकिन हकीकत में अस्पतालों में न डाक्टर हैं और नहीं दवाएं है। मरीजों का कोई पुरसाहाल नहीं रहा है।

इन दिनों डेंगू के मरीज बढ़ रहे हैं। ग्रेटर नोएडा में दो सैकड़ा से ज्यादा डेंगू के मरीज मिले हैं। इस बीमारी में एक डाक्टर अक्षिता सिंह की मौत की खबर विचलित करने वाली है। राजधानी लखनऊ में भी डेंगू के मरीज मिल रहे हैं। शहर लखनऊ में डेंगू का डंक लगातार तेज हो रहा है। चंदरनगर में छह पुरूष 4 महिलाएं, इन्दिरानगर में 2 महिला एक पुरूषए अलीगंज में 3 महिलाएं, हजरतगंज में एक पुरूष एक महिला डेंगू पीड़ित पाए गए। शनिवार को 15 नए मरीजों के डेंगू ग्रस्त होने की खबर मिली। रविवार को 18 नए मरीज डेंगू के मिले। डेंगू के बढ़ते प्रकोप के बावजूद अभी शहर में दवा के छिड़काव की कोई सुचारू व्यवस्था नहीं हो पाई है। अस्पतालों में आम मरीजों के साथ ही डेंगू मरीजों को भी उपचार के लिए लाइन में लगना पड़ता है। मैनपुरी के घिरोर में सीएचसी में बच्ची को लेकर 2 घंटे मां भटकती रही फिर भी उसे इलाज नहीं मिला। शाहजहांपुर के जिला अस्पताल में मरीजों को बेड नहीं मिल रहे है। फर्श पर लिटाकर मरीजों का इलाज हो रहा है। कानपुर में स्ट्रेचर न मिलने पर गर्भवती पत्नी को गोद में लेकर पति इमरजेंसी पहुंचा। यहां डफरिन अस्पताल में स्ट्रेचर तक नसीब नहीं हुआ। ओपीडी से चार डाक्टर और सात कर्मचारी गायब पाए गए।

उन्होंने कहा कि लखनऊ में एक रिटायर्ड जज को भी चिकित्सा, संस्थानों में इलाज नहीं मिल सका। रायबरेली एम्स, एसजीपीजीआई, केजीएमयू ट्रामा सेंटर, बलरामपुर अस्पताल के चक्कर लगाने के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती हुए। कहीं बेड का संकट तो कहीं ऑक्सीजन की दिक्कत।

पीड़ित परिवार से मिला सपा प्रतिनिधिमंडल

लखनऊ। केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर के बेटे विकास किशोर की लाईसेंसी पिस्टल से उनके घर पर हुई विनय श्रीवास्तव की हत्या की जानकारी लेने और शोक संवेदना प्रकट करने बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा का एक प्रतिनिधिमण्डल विनय के लखनऊ स्थित घर पहुंचा। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने विनय श्रीवास्तव के परिजनों से मुलाकात कर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, नगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, प्रवक्ता दीपक रंजन श्रीवास्तव, सोनू कनौजिया पूर्व प्रत्याशी मलिहाबाद लखनऊ, जयसिंह जयंत जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी लखनऊ, जीतू रावत जिला पंचायत सदस्य एवं पन्ना लाल रावत जिला पंचायत सदस्य शामिल रहे। पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता दीपक रंजन श्रीवास्तव ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है। पूरा परिवार सदमे में है। पार्टी घटना की उच्चस्तरीय जांच और दोशियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने की मांग करती है। पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए।

जटायु क्रूज बोट शिप का शुभारम्भ कल अयोध्या में

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राम नगरी अयोध्या के चौधरी चरण सिंह घाट से 8 सितम्बर शुक्रवार को सायं 5 बजे आयोजित एक भव्य समारोह में जटायु क्रूज बोट शिप का संचालन शुरू किया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह होंगे। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त जटायु क्रूज बोट शिप ऐतिहासिक नदी सरयू की लहरों पर रोमांचक यात्रा का अनुभूति करायेगा। 70 से 100 यात्रियों को ले जाने की क्षमता वाली यह बोट गुप्तार घाट तक लगभग 18 किमी. की यात्रा तय करेगी। यह बोट पूरी तरह से वातानुकूलित होगी। इसमें निचले और ऊपरी दोनो डेक होंगे।

यात्री शहर के समृद्ध विरासत, प्राचीन मंदिरों एवं विभिन्न घाटों का दर्शन कर सकेंगे। इस बोट पर मनोरंजन के साथ सांस्कृतिक दर्शन का भी अनुभव करेंगे। अयोध्या क्रूज लाइन्स प्रा.लि. के एमडी राहुल शर्मा ने बताया कि हमारा प्रयास है कि यात्रियों को एक अविस्मरणीय यात्रा का अनुभव प्राप्त हो। उन्होंने बताया कि एक अल्ट्रा लक्जरी क्रूज को भी तैयार किया जा रहा है। जिसे पुष्पक विमान नाम दिया गया है। इसका निर्माण तेजी से किया जा रहा है। जलावतरण समारोह में विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें लल्लू सिंह सांसद अयोध्या, विधानसभा सदस्य वेदप्रकाश गुप्ता व विधान परिषद सदस्य रामचन्द्र सिंह तथा अयोध्या के मेयर गिरीशपति त्रिपाठी के अलावा प्रमुख सचिव एवं महानिदेशक पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम, मण्डलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी नितीश कुमार तथा विशाल सिंह नगर आयुक्त तथा वीसी अयोध्या भी मौजूद रहेंगे।

गौशालाओं में आयोजित होने वाले गोपूजन में शामिल हों जनप्रतिनिधि: धर्मपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने जन्माष्टमी के पवित्र त्योहार पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने इस अवसर पर सांसदों, विधायकों, मंत्रियों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे अपने जनपदों में स्थित गौशालाओं में आयोजित होने वाले गोपूजन कार्यक्रम में शामिल होकर स्थानीय लोगों को भी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आमजन से यह भी अपील की है कि वह गौ आश्रय स्थल जाकर वहां के गौवंशों को गुड़, केला एवं रोटी खिलाएं और गौमाता का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त करें।

जन्माष्टमी के पर्व पर जारी एक संदेश में पशुधन मंत्री ने कहा है कि गो माता आदिकाल से सनातन संस्कृति में पूज्यनीय रही हैं। इसलिए जन्माष्टमी के पर्व पर गोशालाओं में पूरी श्रद्धा के साथ उनका पूजन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में प्राचीन समय से ही गौमाता का विशिष्ट स्थान रहा है और वह हमारे लिए पूजनीय रहीं हैं। इसलिए हम सब को गौमाता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संवेदनशील होना चाहिए और हमें अपने बच्चोंए परिवार व अन्य लोगो को भी गौमाता के प्रति सम्मानए प्रेम और आस्था बनाये रखने के लिए प्रेरित करना चाहिए। मंत्री धर्मपाल सिंह ने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये हैं कि गोशालाओं में साफ-सफाई एवं पेयजल प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि वह स्वयं भी जनमाष्टमी के पावन पर्व पर जनपद बरेली के आँवला नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत स्थित 51 ग्रामों की विभिन्न गौशालाओ में आयोजित गो.पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने कहा कि जन्माष्टमी का पर्व हमारी गौरवशाली परम्परा एवं समृद्ध विरासत का अंग है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण का धरती पर अवतरण हुआ था। उन्होंने भगवत गीता में मानवता के लिए जो संदेश दिया वह सदियों तक मानव समाज के लिए प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने जन्माष्टमी के पावन पर्व को पूरी श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाये जाने की अपील की है।

प्रदेश में 621 विकास खण्डों में प्रारम्भिक दुग्ध सहकारी समितियों का होगा गठन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि राज्य सरकार दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देकर किसानों एवं पशुपालकों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनायें संचालित की गयी है। प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी बनाये रखने के लिए 1 हजार करोड़ रूपये की लागत से नन्द बाबा दुग्ध मिशन की शुरूआत की गयी है। इस मिशन से यूपी में एक 'नई श्वेत क्रांति' आयेगी। मिशन के तहत गायों के नस्ल सुधार हेतु मुख्यमंत्री स्वदेशी गौसंवर्द्धन योजनाए मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना तथा नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा दुग्ध उत्पादन के माध्यम से ग्रामीण अंचल की अर्थव्यवस्था को गतिशील करने के लिए प्रारम्भिक दुग्ध सहकारी समितियों का गठन करके पशुपालकों के आर्थिक उत्थान का कार्य किया जा रहा है। पशुधन मंत्री ने बताया कि नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत प्रदेश के बाहर से स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायों के क्रय को प्रोत्साहित करने हेतु श्मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ.सवंर्धन योजनाश् प्रारम्भ की गयी है। इससे मुख्यमंत्री स्वदेशी गौसंवर्द्धन योजना से ग्रामीण के डेयरी उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र के नवयुवकों एवं महिलाओं को पशुपालन के व्यवसाय के लिए प्रोत्साहित करते हुए रोजगार उपलब्ध कराना तथा प्रदेश में उन्नत नस्ल की गायों की संख्या में वृद्धि करने के साथ.साथ स्वदेशी गायों की नस्ल सुधार हेतु अभिप्रेरित करना है। इस योजना के अन्तर्गत पशुपालकों को प्रदेश के बाहर से स्वदेशी उन्नत नस्ल के गायों को क्रय करने हेतु प्रोत्साहित करने की योजना है, जिसमें प्रत्येक लाभार्थी को उन्नत नस्ल यथा गिर, साहीवाल, हरियाणा एवं थारपारकर की अधिकतम 02 दुधारू पशुओं की इकाई स्थापित करने हेतु इकाई लागत का 40 प्रतिशत, अधिकतम 80000 रूपया का अनुदान अनुमन्य किया गया है। योजनान्तर्गत 50 प्रतिशत महिला दुग्ध उत्पादकों, पशुपालकों को लाभान्वित किया जायेगा। इस योजना के क्रियान्वयन हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में वित्तीय लक्ष्य 1000 लाख रुपए तथा भौतिक लक्ष्य 2500 इकाई निर्धारित किया गया है।

मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत स्वदेशी गायों में नस्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि हेतु 'मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना' प्रारम्भ की गयी है। इससे प्रदेश के पशुपालक उच्च उत्पादकता वाली गायों के पालन के लिए प्रोत्साहित होंगे। इस योजना के अन्तर्गत स्वदेशी गायों यथा गिर, साहीवाल, हरियाणा, गंगातीरी एवं थारपारकर प्रजाति में नस्ल सुधार, उनकी बेहतर देखभाल, गुणवत्ता युक्त पोषण एवं स्वास्थ्य प्रतिरक्षा के प्रति अपेक्षित जागरूकता के साथ.साथ स्वदेशी नस्ल की गायों की दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि के लिए पशुपालकों को प्रोत्साहित करने की योजना है। योजनान्तर्गत प्रगतिशील पशुपालको को अधिकतम 2 गायों के लिए तथा प्रत्येक गाय को उनके जीवनकाल में केवल एक बार प्रोत्साहन दिया जायेगा। प्रोत्साहन की धनराशि 10000 रूपया से 15000 रूपया प्रति गाय की दर से नकद रूप में डीबीटी के माध्यम से तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। इस योजना के क्रियान्वयन हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में वित्तीय लक्ष्य 1000 लाख रुपए तथा भौतिक लक्ष्य 8000 इकाई निर्धारित किया गया है। मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि गौवंशीय पशुओं के नस्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि हेतु 'नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना' प्रारम्भ की गयी है।

क्राप सर्वे में सहयोग न करने वाले राजस्व कर्मियों के खिलाफ लिया जाए एक्शन: सीएस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने डिजिटल क्राप सर्वे की समीक्षा के दौरान कहा कि खसरा व खतौनी बनाना लेखपालों का मौलिक कार्य है, इसमें किसी भी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिए। कृषि विभाग द्वारा केवल उनके कार्य में सहयोग किया जा रहा है। डिजिटल क्राप सर्वे से लेखपालों का कार्य आसान हो जायेगा। सर्वे कार्य में सहयोग न करने वाले राजस्व कर्मियों के विरुद्ध एक्शन लिया जाए। उन्हें प्रशिक्षण की जरूरत हो तो प्रशिक्षण करा दिया जाए। सर्वे का कार्य फसल कटाई से पूर्व पूरा करना है, इसलिए पंचायत व कृषि सहित अन्य विभाग के लोगों का प्रशिक्षण दिलाकर सर्वेयर के रूप में सहयोग लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 7 दिवस के भीतर सभी जनपदों में अपेक्षित प्रगति दिखनी चाहिए।

मुख्य सचिव बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी मंडलायुक्ताश और जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आगामी 9 सितम्बर 2023 को 'राष्ट्रीय लोक अदालत' का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व में आयोजित लोक अदालत में प्रदेश का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा है, इसे पुन: दोहराने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 10 जनपदों-महोबा, हाथरस, चंदौली, शामली, अमेठी, हापुड़, औरैया, सोनभद्र, संभल, चित्रकूट में भव्य और अत्याधुनिक सुविधाओं वाले न्यायालय भवनों का निर्माण किया जाना है। उच्च न्यायालय द्वारा भवन के निर्माण का मॉडल डिजाइन फ इनल कर दिया गया है। इन भवनों का निर्माण जल्द से जल्द शुरू कराने के लिए भूमि अधिग्रहण सहित समस्त औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा करा लिया जाए। अटल आवासीय विद्यालयों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि आगामी 11 सितम्बर से इन विद्यालयों का संचालन प्रारम्भ हो रहा है। प्रवेशित बच्चों का विद्यालय आने पर स्वागत किया जाए। प्रथम सप्ताह प्रवेश उत्सव के रूप में मनाया जाए। 11 सितम्बर से पूर्व सम्बन्धित एसडीएम के माध्यम से बिल्डिंग, फर्नीचर, मेस, बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल आदि व्यवस्थाओं को चेक करा लिया जाए।

सीएमएस ने किया अस्पताल का भ्रमण, मरीजों से भी ली जानकारी

बाहरी लोगों की होगी धरपकड़

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

जिला चिकित्सालय में बाहरी व्यक्तियों द्वारा मरीज से अनावश्यक सुविधा शुल्क लिए जाने को लेकर वायरल हुए वीडियो के बाद सीएमएस ने जहां मामले में संलिप्त कर्मचारियों से स्पष्टीकरण तलब किया है तो वहीं ऐसे व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए उन्होंने बुधवार को अस्पताल का भ्रमण किया और मरीजों से भी बात की।

सीएमएस जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ आईके रामचंदानी ने बताया कि अस्पताल परिसर में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश व उनके द्वारा मरीजों से सुविधा शुल्क लिए जाने के वीडियो वायरल हुए हैं, ऐसे वीडियो के संज्ञान में आने के तत्काल बाद ही उन्होंने सभी डॉक्टर और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि कोई भी बाहरी व्यक्ति अगर उन्हें दिखाई देता है तो इसकी शिकायत वह तत्काल करें। वहीं शिकायत के लिए मरीज पूंछताछ काउंटर पर भी किसी भी तरह अनाधिकृत लेनदेन और किसी भी व्यक्ति की शिकायत के लिए संपर्क कर सकते हैं। इसी के साथ उन्होंने वीडियो वायरल मामले में ईसीजी टेक्निशियन नफीस सहित वेंटिलेटर ऑपरेटर दिलीप व स्टाफ नर्स उपेंद्र व संदीप से स्पष्टीकरण तलब किया है। अनाधिकृत रूप से अस्पताल में मरीज से वसूली करने वाले युवकों की धर पकड़ के लिए उन्होंने स्वयं बुधवार को पूरे अस्पताल परिसर में टीम के साथ भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने जगह-जगह पर रुक कर मरीजों से बात की और सुविधा शुल्क लिए जाने के भी सवाल किए, जिस पर उन्हें किसी ने भी इस तरह की शिकायत नहीं बताई। साथ ही उन्होंने बताया कि ऐसे बाहरी व्यक्तियों पर धर पकड़ के लिए पहले भी कार्यवाही की जा चुकी है, बीते दो माह में एक-दो लोगों को पुलिस के हवाले भी किया गया है। ऐसे लोगों की पहचान के लिए अस्पताल प्रशासन की ओर से लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है। इसके लिए पूंछताछ काउंटर पर अनाउंसमेंट भी की जाती है।

साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि अस्पताल में सुरक्षा गार्ड्स की कमी व सुरक्षा व्यवस्था की पर्याप्त व्यवस्था न होने से अराजक तत्व अपनी मनमानी करते हैं और मना करने पर वह धमकी भी देते हैं, ऐसी भी कई शिकायत स्टाफ के द्वारा उनसे की गई है। इसके दृष्टिगत उन्होंने जब डीएम महेंद्र बहादुर सिंह से बात की तो डीएम सर की ओर से बेहद सकारात्मक रवैया दिखाई दिया, उन्होंने तत्काल एसपी खीरी से बात कर अस्पताल परिसर में पुलिस चौकी बनाए जाने की बात करी है और इसके लिए अस्पताल प्रशासन जगह भी तलाश रहा है। जल्द ही इस पर आगे का कार्य कर लिया जाएगा। पुलिस चौकी बनने से अराजक तत्वों की अस्पताल में आवाजाही पर लगाम लग सकेगी। मात्र एवं शिशु अस्पताल के अधीक्षक डॉ ऐसी श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी वार्ता जिला पुरुष चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ आईके रामचंदानी से हुई है और डीएम सर के द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में उन्होंने बुधवार को अस्पताल परिसर में चौकी के लिए जगह की दृष्टिगत भ्रमण किया है। कुछ जगह का चयन उनके द्वारा किया गया है। जिससे आला अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और उचित होने पर चौकी के लिए वह जगह सुनिश्चित कर दी जाएगी।

डा. सलीम को होमियोकान में सम्मानित होने पर लोगों ने जताया हर्ष

लालगंज रायबरेली। आगरा में आयोजित ऑल इंडिया होम्योपैथिक कॉन्फ्रेंस होमियोकॉन 2023 में रिसर्च स्पीकर के लिए बुलाए गए प्रसिद्ध होम्योपैथिक डॉक्टर मोहम्मद सलीम के सिरींजियोमा इन स्पाइन नर्व रूट के पैरालिसिस रिसर्च को सुनने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉक्टर एस.पी.सिंह बघेल और आगरा की मेयर श्रीमती हेमलता दिवाकर के साथ साथ देश भर से आए हुए 500 से अधिक प्रसिद्ध चिकित्सकों की मौजूदगी में अपना रिसर्च पेश किया जिसे तथ्यों एवं होम्योपैथिक उपचार से शानदार प्रदर्शन करते हुए रोगी को निरोगी किस प्रकार से किया इसे देखकर सभी चिकित्सक एवम अतिथियों खूब सराहना किया और डा. सलीम को बेस्ट स्पीकर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। डा0 सलीम की इस उपलब्धि पर डा0 राजीव सिंह, डा0 रमेश श्रीवास्तव, डा0 करीम प्रभात, डा0 सुनील त्रिवेदी, डा0 फरहीन, डा0 अख्तर हुसैन, नीरज कुमार, डा0 शंहसाह आलम, हाजी अब्दुल सत्तार, मो0 रियाज समेंत व्यापारी नेता राहुल भदौरिया, अनिल गुप्ता, हरीशंकर श्रीवास्तव, शशिराज पटेल, ऋषी हांडा, राहुल गुप्ता आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

कमिश्नर की जनसुनवाई में उमड़े फरियादी

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

जनशिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता में शामिल है, बुधवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कमिश्नर रोशन जैकब ने कलक्ट्रेट परिसर में शिकायतों की सुनवाई की। कमिश्नर द्वारा सुनवाई की सूचना पाकर शिकायतकर्ताओं का सैलाब उमड़ पड़ा, सुबह 11 बजे से शिकायतों की सुनवाई और उनका निस्तारण शाम चार बजे तक चला। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया 251 शिकायतें सुनी गईं, इसमें से कुछ शिकायतों के निस्तारण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को भेज कर उनका निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं।

कमिश्नर रोशन जैकब ने बताया मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में है,जनशिकायतों का निस्तारण शिकायतकर्ताओं के संबंधित जनपद में ही किया जाए, लोगों को अपनी शिकायतों के निस्तारण के लिए बेवजह लखनऊ तक की दौड़ न लगानी पड़े। इसलिए मंडलीय जनता दर्शन को विकेंद्रीकृत कर जनपद स्तर पर किया जा रहा है। रोस्टर के मुताबिक वो जनशिकायतों को सुनने व निस्तारित करने के लिए यहां पहुंची हैं। कहा उनकी कोशिश रहेगी दर्ज की गई शिकायतों का एक सप्ताह के अंदर निस्तारण कर दिया जाए। हर स्तर पर सुनवाई बेहतर हो। अधिक संवेदना, समयबद्ध निस्तारण मौके पर और धरातल पर निस्तारण हो, इसके लिए हर अधिकारी को कोशिश करनी चाहिए। जनसुनवाई में जनशिकायतों को निस्तारित करने के लिए मंडलीय अधिकारियों के साथ ही जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कमिश्नर ने बताया कि अधिकांश शिकायतें भूमि संबधी व आपसी लड़ाई-झगड़े की आईं। तहसील स्तर पर वरासत व भूमि अभिलेखों से संबधित शिकायतें भी बहुत आईं । निर्देश दिए गए इस तरह की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से कर दिया जाए। इसके लिए तहसीलों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए। जिम्मेदारों की जबावदेही भी तय की गई। जनसुनवाई में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह सहित सभी विभागों के जिम्मेदार उपस्थित रहे।

भगवान विष्णु के दस अवतारों की भव्य झाँकियों के बीच मनाया गया योगेश्वर श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

संवाददाता। रायबरेली

न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला, में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव अत्यन्त उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में श्रीकृष्ण के जन्म का दृश्य अत्यधिक रोचक रहा, इसके साथ ही भगवान विष्णु के दश अवतारों का परिदृश्य संगीतमय प्रस्तुति के साथ दर्शाया गया, जिसमें विद्यालय की संयोजिका श्रीमती संचिता त्रिवेदी जी के नेतृत्व में प्रत्यूष, आर्यन, कुशाग्र, अंश, वेदांत, रुद्र प्रताप, राज प्रताप, अभिराज, प्रांसू, सूर्या, युगांक, श्लोक, अर्पिता, आईशा ने भगवान के विभिन्न अवतारों का अभिनय करके सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की श्रृंखला में संगीत शिक्षक अभिषेक श्रीवास्तव जी के नेतृत्व में विद्यालय के छात्र-छात्राओं में विशाखा, नंदिनी, अनुष्का, अदिति, अपर्णा, आयुशी, आयुष, अंश, आदि ने संगीतमय भजनों से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। विद्यालय के विभिन्न हाउस के बच्चों द्वारा पिरामिड बनाते हुए दही-हांडी का कार्यक्रम आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान श्री कृष्ण का व्यक्तित्व सदैव हमें कर्म करने की प्रेरणा देता है, उन्होंने जीवन में कर्म को ही सर्वोपरि बताया और यह सिद्ध किया कि कर्म करते हुए व्यक्ति नि:संदेह किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। अत: ऐसी दिव्य विभूतियों से शतत् प्रेरणा लेते हुए जीवन को नई दिशा देनी चाहिए। कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती पूजा सिंह जी के नेतृत्व में विद्यालय की छात्रा पलक त्रिपाठी व अलंकृता त्रिपाठी ने किया। सह-प्रबंधिका डॉ0 रश्मि शर्मा, प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, उप-प्रधानाचार्य मो0 फैजान खान, शिवकरन पाल, रामदेव शर्मा, अवधेश कुमार शर्मा, राकेश अवस्थी, बालजी पाण्डेय, धर्मेन्द्र शुक्ला, शाहीन खान, रश्मि साहू, नेहा सिंह, पिंकी जायसवाल, आरजू यादव, कामरान सिद्दीकी, विवेक सिंह, राम मिलन, मनीष तिवारी एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त विद्यार्थी, शिक्षक-शिक्षिकाएं व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

जलशक्ति मंत्री ने किया 22 सिंचाई की परियोजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण

- कबीना मंत्री ने जनप्रतिनिधियों अफसरो संग किया पौधारोपण
- कबीना मंत्री ने परियोजना विशेष पुस्तिका का किया विमोचन

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जनपद खीरी पहुंचे, जहां उनके आगमन पर शारदा नगर स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग निरीक्षण भवन में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पुष्प देकर स्वागत किया।

जहां कबीना मंत्री ने भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, विधायक मंजू त्यागी, विनोद शंकर अवस्थी, शशांक वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष शरद बाजपेई, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा संग जनपद खीरी में बाढ़ व सिंचाई की 20 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं दो परियोजनाओं का शिलान्यास पूजन अर्चन कर एवम् शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्य अभियंता एसपी सिंह, अशोक कुमार सिंह, अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र सिंह, ललित कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता राजीव कुमार, जेपी सिंह मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कबीना मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जनपद खीरी में इस सरकार के 2017 में आने के बाद बाढ़ की कुल इक्यावन परियोजनायें, जिसकी कुल लागत तीन सौ पचपन करोड़ रूपये थी, स्वीकृत कर पूरी की गई हैं। इन परियोजनाओं से दो सौ बावन ग्रामों की कुल तीन लाख आबादी को सुरक्षित किया एवं कुल ग्यारह हजार पाँच सौ बीस हेक्टेयर भूमि को कटान से सुरक्षित किया। इस वर्ष सूखे से निपटने के लिए लखीमपुर स्थित शारदा बैराज से निकलने वाली फीडर नहर को अबतक के अधिकतम डिस्चार्ज से चलाया जा रहा। इस नहर के जरिए प्रदेश के सोलह जनपदों में सिंचाई प्रदान की जाती है। इस नहर को अधिकतम स्तर से चलाने के कारण प्रदेश के विभिन्न जनपदों में सूखे की स्थिति नियन्त्रण में है।

उन्होंने कहा कि आज कुल बीस परियोजनाओं को पूर्ण कर लोकार्पण किया जा रहा। इन परियोजनाओं से छियासी ग्रामों की एक लाख तेरह हजार दो सौ नब्बे आबादी एवं तीन हजार नौ सौ सतहत्तर हेक्टेयर भूमि की कटान से सुरक्षा हुई। दो परियोजनाओं का शिलान्यास किया जा रहा है, जिससे तेईस ग्रामों की अट्ठावन हजार सात सौ आबादी को लाभ मिलेगा। मंत्री ने कहा कि विधायक मंजू त्यागी ने जिस समस्या से अवगत कराया। उसके लिए विभाग गहराई से चिंता करेगा। जल्द ही अधिकारी सर्वे भी करेंगे। उन्होंने कहा कि गत सात वर्षों में शाहजहांपुर, सीतापुर, लखीमपुर में कोई भी तटबंध या परियोजना को ना तो कोई भी खतरा हुआ है ना ही कटा है। सरकार मोदी-योगी के ईमानदार नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान, खेत, खलियान के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रहे। सरकार जहां एक और टेल तक पानी पहुंचा रही। वहीं 2024 तक नल से के जल पहुंचने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही।

विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि शारदा-धौरहरा के बीच बसे बाढ़, कटान से गांव को बचाने के लिए सरकार ने पूरी प्रतिबद्धता से काम किया। उन्होंने बाढ़ की विभीषिका से निपटने के लिए अफसर की तारीफ की। विधायक मंजू त्यागी ने अपने क्षेत्र की कटान की वर्तमान परिस्थितियों बताई। उनके क्षेत्र में फ्लड प्लेन जोन में अनुरक्षण का काम करने की मांग की, ताकि कृषकों, क्षेत्रवासियों को कोई दिक्कत ना हो। विधायक शशांक वर्मा ने कहा कि सरकार बाढ़ व कटान को लेकर बेहद गंभीर हैं। बाढ़रोधी परियोजनाओं में कीर्तिमान स्थापित करते हुए बड़े पैमाने पर लोगों को राहत दी है। जिले में वर्ष 2017 से 2023 तक बड़ी संख्या में परियोजनाएं क्रियान्वित हुई है।

कार्यक्रम के उपरांत सूबे के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष शरद बाजपेई, विधायक मंजू त्यागी, विनोद शंकर अवस्थी, शशांक वर्मा के संग सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग शारदा नगर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार, फलदार, औषधीय पौध का रोपण किया।

बुधवार को निरीक्षण भवन में आयोजित कार्यक्रम में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने जनप्रतिनिधियों, अफसरो संग जिले में क्रियान्वित परियोजनाओं पर आधारित परियोजना विशेष पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने परियोजनाओं पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

57.52 फीसद मतदाताओं ने डाले वोट

ऊंचाहार (रायबरेली)। बुधवार की सुबह सात बजे से सभी बूथों पर मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई। कड़ी सुरक्षा के बीच शाम पांच बजे तक 57.52 फीसद मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कंदरावां ग्राम पंचायत में प्रधान रहे राजेश बहादुर सिंह की लंबी बीमारी के चलते निधन होने से यह सीट रिक्त हो गई थी। शासन के निर्देश पर पांच मतदान केंद्रों के अंतर्गत 16 पोलिंग बूथ बनाए गए थे। पुलिस की सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी, क्षेत्राधिकार अरुण कुमार नौहवार व सेक्टर मजिस्ट्रेट अमित शुक्ल भ्रमण कर सभी पोलिंग सेंटरों का जायजा लेते रहे। सेक्टर मजिस्ट्रेट अमित शुक्ल ने बताया कि सभी 16 बूथों पर 57.52 फीसद मतदान हुआ है। वीडियोग्राफी के बीच सभी मतपेटियों को स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया है। जहां दिन रात पुलिस बल का पहरा रहेगा। आठ सितंबर यानि बृहस्पतिवार की सुबह से आठ बजे ब्लॉक मुख्यालय सभागार में मतों की गणना की जाएगी।

निष्ठा व समर्पण भाव से मेरी माटी मेरा देश अभियान को बनाएं सफल: अजीत रावत

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर बुधवार को विकास खंड रावर्टसगंज सदर ब्लाक प्रमुख व अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत प्रधान संघ के अध्यक्ष सुरेश शुक्ला अनूप तिवारी अनुपम त्रिपाठी के साथ अमृत कलश की तैयारी करवाया गया। ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने कहा कि मेरा माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत 8 सितंबर से 13 सेक्टर तक प्रत्येक ग्राम समाज व नगर पालिका के वार्डो से हर घर से एक चुटकी मिट्टी कलश में लेकर उसको ब्लॉक स्तर पर और नगर पालिका स्तर पर एकत्रीकरण कर बड़े ही दिव्या एवं भव्य कार्यक्रम के साथ प्रदेश स्तर पर पहुंचने का काम किया जाएगा जिसमें हर ग्राम में अमृत वाटिका और शीला फ्लक भी लगाए जाने का कार्यक्रम चल रहा हैं। ग्राम सभा पर समिति बनाकर हर घर से मिट्टी संग्रह करना व नगरीय वार्डो में एक चुटकी चावल संग्रह कर कलश भरना है। प्रत्येक गांव व वार्ड में 75 वृक्ष लगाकर अमृत वाटिका बनाना है, ग्राम व वार्ड में किसी सरकारी विद्यालय व सार्वजनिक स्थल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सन्देश का शिलाफ्लक लगाना है। हर ग्राम व वार्ड में पंच प्रण प्रतिज्ञा का सामुहिक कार्यक्रम ने करना है। कार्यकर्ताओं से आग्रह करते उन्होने कहां की देश के प्रति निष्ठा समर्पण भाव से इस कार्यक्रम को सभी लोग करे। बुधवार को अमृत कलश की तैयारी में मुख्य रूप से प्रधान संघ के अध्यक्ष सुरेश शुक्ला जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी गौरी शंकर मंडल के अध्यक्ष राहुल सिंह पटेल उचडीह के प्रधान प्रतिनिधि अनुपम त्रिपाठी पिछड़ा मोर्चा के जिला के मंत्री अमन वर्मा आशुतोष शुक्ला विजय नारायण समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

भारतीय कृषि जगत में नए युग की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

सोलर पंपिंग सॉल्यूशन में अग्रणीए शक्ति पम्पस् के खाते में एकनई उपलब्धि जुड़ गई हैण् कंपनी को हरियाणा में ग्रीन एनर्जी डेवलपमेन्ट एजेंसी;हरेडाद्ध से 350 करोड़ रुपये का वर्क ऑर्डर मिला है। यह वर्क ऑर्डरहरेडा द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण कुसुम स्कीम.3 केअंतर्गत मिला है।शक्ति पम्पस् के चैयरमेन श्री दिनेश पाटीदार ने कहा हमहरियाणा के किसानों और हरेडा टीम को उनके विश्वास और समर्थन के लिए हार्दिकधन्यवाद देते हैं। इस प्रयास के माध्यम से किसान सोलर एनर्जी का उपयोग करके पानीऔर बिजली बचाने के साथ साथ माइक्रो इरिगेशन की मदद से कृषि में और अधिक विकास करसकते हैं। यह प्रयास पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति शक्ति पम्पस् की वचनबद्धता के अनुसार है और किसानों को कई फायदे भी पहुंचाता है।शक्ति पम्पस् इनोवेशन और एक्सीलेंसके मामले में लगातार सबसे आगे रहा है। कुसुम योजना फेस.1 औरफेस . 2 के लिए पम्पस् के सप्लायर होने के साथ ही फेस.3 के लिए किसानों द्वारा शक्ति कंपनी का चयन करना कृषि में नए परिवर्तन को दिखाता है। शक्ति पम्पस् ने पहले और दूसरे चरण के दौरानपूरे हरियाणा में 13ए000 से अधिक पम्पस् इंस्टॉल किए है। औरअब इस क्रम में 7700 पम्पस् और जोड़े जाएंगे। कुसुम योजना केमाध्यम से सोलर पम्पस् लगाने से भारतीय कृषि जगत में एक नए युग की शुरुआत हुई है।सौलर पंप टेक्नोलॉजी को अपनाकरए किसान प्रसन्न दिख रहे हैं ।

शिक्षकों को किया गया सम्मानित।सोनभद्र। देश के पूर्व राष्ट्रपति, विद्वान, दार्शनिक और भारत रत्न से सम्मानित डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को प्रतिवर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर परियोजना के उमंग भवन सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। तत्पश्चात सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में परियोजना प्रमुख विंध्याचल ई सत्य फणि कुमार, सभी महाप्रबंधक डीपीएस, डी-पॉल, सरस्वती शिशु मंदिर, टाइनी टोट्स एवं बाल भवन के सभी प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहें।

त्यौहारों पर उठाएं लुत्फ

गोरखपुर। ब्रिटिश ऑटोमोबाईल ब्रांड एमजी मोटर इंडिया ने आज अपनी श्रेणी की सबसे आधुनिक एसयूवी एमजी एस्टर का ब्लैक स्टॉर्म एडिशन लॉन्च किया। ब्लैकस्टॉर्म एडिशन के साथ एमजी इंडिया इन त्योहारों पर ग्राहकों को लोकप्रिय एमजी एस्टर श्रृंखला में एक और स्टाईलिश विकल्प पेश कर रहा है। गौरव गुप्ता डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा ष्इस समय पूरा देश आगामी त्योहारों की तैयारी में लगा है इसलिए एमजी मोटर इंडिया में हम एस्टर के लेटेस्ट लिमिटेड एडिशन . ब्लैकस्टॉर्म के साथ उन्हें एक्स्ट्रा स्पेशल अहसास देना चाहते हैं।

बैसवारा इंटर कॉलेज के छात्र यशदीप को प्रदेश में दसवां और जिले में छठा स्थान मिला

लालगंज रायबरेली। बैसवारा इंटर कॉलेज की छात्र यशदीप शुक्ला के प्रदेश में दसवां स्थान एवं जिले में छठा स्थान आने पर वहां के प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह को जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा द्वारा शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षक विधायक प्रतिनिधि पुष्पेंद्र तिवारी ,राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रत्नेश श्रीवास्तव, गौरा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र सिंह भी मौजूद रहे। छात्र यशदीप शुक्ला विज्ञान वर्ग का छात्र होने के कारण बैसवारा इंटर कॉलेज के भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता विनोद कुमार सिंह को भी सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त खेलकूद में अपनी अलग पहचान बनाने वाले बैसवारा इंटर कॉलेज के क्रीडा जोन प्रभारी सोमेश सिंह को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक को आस्वत किया कि इस बार हमारे विद्यालय से बोर्ड परीक्षा 2024 में लगभग आठ छात्र एवं छात्राएं प्रदेश में अपना स्थान बनाने में कामयाब होंगी। विद्यालय को यह सम्मान प्राप्त होने पर प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह, उपप्रबंधक ब्रह्म प्रकाश सिंह, प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य अवनेंद्र बहादुर सिंह, संतोष सिंह, विद्यालय के शिक्षक कौशल किशोर त्रिवेदी, वीरेंद्र कुमार शुक्ला, रंजन त्रिवेदी, भवानी प्रसाद श्रीवास्तव, जितेंद्र मौर्य, सुनील त्रिपाठी, रणधीर, डॉक्टर शालिनी, सरिता, कोपल रानी, प्रियांशी, कनकलता, रीना, अजय कुमार आदि रहे।

किसानो की समस्याओं को लेकर सपा का प्रदर्शन

मीरजापुर। सूखाग्रस्त घोषित करने, बिजली सूचारू रूप से उपलब्ध कराने, टेल तक नहरो में पानी पहुँचाने, ध्वस्त सड़को व ग्रामीण मार्गो का मरम्मतीकरण कराने, आवारा पशुओ को पकड़कर गौशालाओ में रखने आदि मुद्दो को लेकर समाजवादी पार्टी के विधानसभाओ के अध्यक्ष सदर, लालगंज व चुनार तहसील मुख्यालयो पर पहुँचकर जोरदार प्रदर्शन कर 6 सूत्रीय मॉगपत्र उपजिलाधिकारी को सौपा। इस अवसर पर वक्ताओ ने कहा कि जनसमस्याओ का निराकरण जल्द से जल्द नहीं किया गया तो कार्यकर्ता सड़क पर उतरेंगे। सदर तहसील, चुनार तहसील व लालगंज तहसील में प्रदर्शन के दौरान जिलाधिकारी को सम्बोधित 6 सूत्रीय मॉगपत्र उपजिलाधिकारी को सौपा गया। चुनार तहसील मे आयोजित प्रदर्शन के दौरान मॉगपत्र उपजिलाधिकारी नवनीत सेहरा को दिया गया, जिसमें सूखाग्रस्त घोषित करने व बिजली समस्या आदि शामिल है।सदर तहसील में मझवां व नगर विधानसभा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने सूखाग्रस्त घोषित करने, सड़को की मरम्मतीकरण को लेकर प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी सदर चन्द्रभानु सिंह पटेल को मॉगपत्र सौपा।

रिटेल कारोबार का विस्तार

गोंडा। कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने गोंडा में अपना रिटेल स्टोर खोलने की घोषणा की है। स्टोर के उद्घाटन पर निदेशक दीपक बंसल ने कहा हमें गोंडा में अपने इस नए रिटेल स्टोर के लॉन्च की घोषणा करते हुए बेहद खुशी महसूस हो रही है। एक ब्रांड के रूप में कैंटाबिल रिटेल को सभी आयु समूहों के मिड.प्रीमियम सेगमेंट में ग्राहकों के बीच अच्छी तरह से स्वीकारा और सराहा गया है। अपने ग्राहकों को स्टाइलिश ट्रेंडी और समकालीन फैशनेबल वस्त्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिएए हमने उत्तर प्रदेश में अपना 76वां रिटेल स्टोर खोला है।

बेसिक शिक्षक का शोध पत्र शीघ्र होगा प्रकाशित

आलू की पैदावार में विषाणु से हो रही क्षति को रोका जा सकेगा

उन्नाव। अक्षय कटियार वर्तमान में बेसिक शिक्षा विभाग में जनपद उन्नाव के विकासखंड सुमेरपुर के दूरस्थ सीमावर्ती विद्यालयों में से एक कंपोजिट विद्यालय मुनऊ खेड़ा में विज्ञान शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद पूसा कैम्पसए नई दिल्ली में पादप रोग विभाग की शाखा एडवांस सेंटर ऑफ प्लांट वायरोलॉजी में वरिष्ठ शोधार्थी के रूप में कार्य किया है अक्षय कटियार मूलत: कानपुर देहात के एक छोटे से गांव हिमायूपुर के निवासी है इन्होंने जैव प्रौद्योगिकी विषय में परास्नातक की डिग्री हासिल कर राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा एवं लाइफ साइंस विषय से गेट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी बेसिक शिक्षा विभाग में आने से पूर्व इनका चयन मैक्सट अध्येता के रूप में जापान की इहीम यूनिवर्सिटी में 3 वर्षीय पीएचडी कार्यक्रम हुआ था अक्षय कटियार ने कई पादप एवं जंतु विषाणु एवं फाइटोप्लाजमा पर भी कार्य किया है जिसके राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र प्रकाशित हुए हैं गत वर्ष दिसंबर माह में अक्षय कटियार का प्लेमोरिया मोजैक वायरस शोध पत्र फ्रंटियर्स इन माइक्रोबायोलॉजी नामक शोध पत्रिका के वायरोलॉजी सेक्शन में स्विट्जरलैंड से प्रकाशित होने वाली एक पत्रिका में हुआ था यह शोध पत्रिका विश्व की तृतीय सर्वश्रेष्ठ उद्धरण एवं विश्व के छठे सबसे बड़े प्रकाशक के रूप में जानी जाती है

हाल ही में अक्षय कटियार ने दुनिया भर में आलू को संक्रमित करने वाले सबसे प्रचलित वायरस में से एकआलू वायरस एम ;पीवीएमद्ध जिससे हल्के से लेकर गंभीर मोज़ेकए धब्बेदारए क्रिंकलिंग और आलू के पत्तों के अपक्षय रोलिंग और शूट की स्टंटिंग होती हैए के कंप्लीट जीनोम सीक्वेंस एवं इसकी विविधता पर अपना शोध पत्र प्रकाशन हेतु विश्व स्तरीय शोध पत्रिका में प्रेषित किया है भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पादप विषाणु के भाग में कार्य करते हुए अक्षय कटियार एवं उनके साथियों ने आलू विषाणु एम च्टड पीवीएम के एक भारतीय आइसोलेट के जैविक और आणविक लक्षण का सर्वप्रथम वर्णन किया था। उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर भारत के विभिन्न क्षेत्रों से एकत्र किए गए 698 नमूनों में से कुल 154 आलू के नमूने एंजाइम से जुड़े इम्युनोसॉरबेंट परीक्षण म्स्प्ै।ध्ध्ज् में सकारात्मक पाए गएए जिसमें 22: रोग की घटना दिखाई गई। अक्षय कटियार द्वारा खोजे गए इस आलू विषाणु एम आइसोलेट से न सिर्फ भारत में पहली बार इसे आणविक स्तर पर रिपोर्ट किया गया।

जिला जज के पेशकार के घर हुई दिनदहाड़े लाखों की चोरी से हड़कंप

●बोलेरो से आए चोर नगदी समेत लाखों का सामान लेकर फ़रार

संवाददाता। चित्रकूट

एसडीएम कॉलोनी जिला जज आवास में रहने वाले जिलाजज के पेशकार राधेश्याम यादव के घर से चोर दिनदहाड़े लाखों की सम्पत्ति चुरा ले गये। लाखों का माल चोर बोलेरो में भरकर फरार हो गए। कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी ने मौके का मुआयना कर चोरी के जल्द खुलासे का दावा किया है।

चोरी की ये घटना बुधवार को दोपहर में जिला मुख्यालय के एसडीएम कालोनी में हुई। बताया गया कि अपर जिला जज प्रथम के पेशकार राधेश्याम यादव जानकीकुंड अस्पताल अपनी शिक्षिका/कवियत्री पत्नी शशि यादव को लेकर आपरेशन कराने गये थे। उनका बालक स्कूल गया था। बालक स्कूल से लौटा तो देखा कि घर का सभी सामान तितर-बितर पडा है। चोर मुख्य गेट से चहारदीवारी कूदकर घर का दरवाजा काटकर अन्दर घुसे थे। वहां लाकर की चाभियां बेड के नीचे रखी थीं। चोर सभी लाकर व अलमारी के ताले चाभियों से ही खोलकर सारा जेवर तकरीबन बीस लाख रुपये और 15 हजार रुपये नकद लेकर मुख्य दरवाजे से निकलकर बोलेरो में बैठकर फरार हो गये। घटना की सूचना पेशकार राधेश्याम यादव को पडोसी पंकज श्रीवास्तव ने फोन से दी तो उनके होश उड़ गये।

ये चोरी इतनी दुस्साहस पूर्ण थी कि पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों ने सवाल उठाये। सूचना मिलते ही सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय व शहर कोतवाल गुलाब त्रिपाठी ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल शुरु कर दी। सीओ सिटी ने कहा कि चोरों का जल्द खुलासा किया जायेगा।

डीएम ने भादों मास में अमावस्या मेले की तैयारियों का लिया जायज़ा

संवाददाता। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने भादों मास की अमावस्या मेला तैयारी बाबत परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पालिका परिषद के सफ़ाई निरीक्षक केके शुक्ला को निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग में हटाये अतिक्रमण का मलबा तत्काल साफ कराया जाये। जहां पत्थर टूटे हैं, वहां पत्थर बदले जायें। विद्युत वायर भी चेक की जाये।

बुधवार को डीएम अभिषेक आनन्द ने उप प्रभागीय वनाधिकारी हरि शंकर सिंह को निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग में जहां से मलबा हटाया गया है, वहां तत्काल तार फेंसिंग करायें, ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो। जिलाधिकारी में एसडीएम कर्वी व सीओ सिटी से कहा कि मेला में वाहन पार्किंग जहां बनी है, वहां देख लें, जो व्यवस्थायें न हों, उन्हें सुनिश्चित करा लें। लक्ष्मण पहाड़ी के पीछे से उप्र से मप्र जोड़ने को कनेक्टिविटी रोड जो वन विभाग की जमीन है, उसका निरीक्षण कर बतायें।

उन्होंने कहा कि परिक्रमा मार्ग के शेष अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए। निरीक्षण में एसडीएम सदर राजबहादुर, सीओ सिटी हर्ष पांडेय आदि मौजूद रहे।

मानकविहीन निर्माण कार्य की एसडीएम प्रमोद झा ने जिलाधिकारी को सौंपी रिपोर्ट

●निरीक्षण में राष्ट्रीय राजमार्ग व नाला के निर्माण में मिलीं कई खामियां

●कार्यदायी संस्था को ब्लैक लिस्ट करने की एसडीएम ने की अनुशंसा

संवाददाता। राजापुर, चित्रकूट

जहां एक ओर केंद्र सरकार तुलसी जन्मस्थली राजापुर में यातायात को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए भारी भरकम धनराशि निर्गत किया है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग के ठेकेदार द्वारा मानक के अनुरूप तथा मानकविहीन कार्य कराने की शिकायत कस्बावासियों के द्वारा एसडीएम राजापुर को की थी। जिस पर उनके द्वारा मानकविहीन व भ्रष्टाचार का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद जिलाधिकारी चित्रकूट को रिपोर्ट भेजी है। भाजपा नेता सुभाषचंद्र अग्रवाल, शिवपूजन गुप्ता, सभासद शंकरदयाल जायसवाल, रमन मोदनवाल, सतीश मिश्रा, अनिल गुप्ता आदि लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में ठेकेदार द्वारा की गई मानकविहीन नालों की ऊंचाई, पानी निकासी व गुणवत्ता विहीन भ्रष्टाचार से युक्त ठेकेदार के विरुद्ध एसडीएम राजापुर को एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिस पर एसडीएम के द्वारा निर्माणाधीन नाला व सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें नाला एवं सड़क निर्माण में प्रस्तुत सामग्री प्रथम दृष्टया मानक विहीन एवं अभिमानक प्रतीत पाई गई है। मात्र स्पर्श करने से ही नाला निर्माण में प्रयुक्त सामग्री रूई की भांति क्षतिग्रस्त हो रही थी।

नाला निर्माण में ठेकेदार के द्वारा घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। इसी प्रकार एनएच 731 एजी राजापुर बाजपेयी तिराहे में नाले के समाप्ति बिन्दु पर आउटलेट का निर्धारण नहीं किया गया है। स्थलीय निरीक्षण कर जनहित को देख भ्रष्टाचार में लिप्त ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने के लिए जिलाधिकारी चित्रकूट अभिषेक आनन्द को आवश्यक कार्रवाई हेतु रिपोर्ट भेजी गई है।

जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों पर समीक्षा बैठक, दिये निर्देश

कानपुर देहात। जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के विकास कार्यक्रमों की माह अगस्त 2023 तक की प्रगति की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशों के तहत सभी विभाग अपने-अपने कार्यो को सम्पादित करें, जनपद में जो भी कार्यदायी संस्था विकास कार्यो से जुड़ी है वे वर्षा ऋतु समाप्त होने के तुरन्त बाद अपना कार्य प्रारंभ करें, जिससे परियोजनाओं को नियत समय में पूर्ण किया जा सके।

उन्होंने कहा कि सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करना होगा, सभी विभाग एक दूसरे से अन्तर सम्बन्धित है। उन्होंने विकास भवन में आमजन की समस्याओं के निवारण हेतु कन्ट्रोल रूम बनाये जाने के निर्देश दिये तथा निर्देशित किया कि कन्ट्रोल रूम से प्राप्त शिकायतें सम्बन्धित विभागों द्वारा 24 घण्टे के अन्दर निस्तारण अवश्य होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जनपद में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वालों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने पर विशेष बल दे। आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर बल देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग आईजीआरएस के सम्बन्ध में एक रजिस्टर बनाये जिस पर शिकायतों व उनके निस्तारण का विवरण दर्ज करें, साथ ही विभागाध्यक्ष प्रत्येक निस्तारण का फीडबैक भी प्राप्त करें, प्रत्येक आईजीआरएस का निस्तारण विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर से किया जाये। उन्होंने कहा कि हर न्याय पंचायत में कैम्प लगाकर किसानों के ई केवाईसी का कार्य जल्द पूर्ण करें, साथ ही साथ क्राप सर्वे भी समयान्तर्गत कराया जाये। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि निराश्रित गौवंश सड़कों पर नही दिखने चाहिए।

पुलिस की गिरफ्त में आया खनिज अधिकारी पर हमला करने वाला

चित्रकूट। थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा अजहर जमाल की टीम ने खनिज अधिकारी के साथ मारपीट के आरोपी को दबोचा है। ज्ञात है कि खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह के साथ एक सितम्बर की रात डम्पर के कागजात चेक करने की बाबत दबंगों ने मारपीट की थी। बुधवार विवेचना से प्रकाश में आये अमित मिश्रा पुत्र रमाशंकर उर्फ छोटा मुन्ना निवासी कोबरा थाना रैपुरा को गिरफ्तार किया। ज्ञात है कि एक सितम्बर की रात खनिज अधिकारी खनिज लदे वाहनों की जाचं कर रहे थे। एक ट्रक बिना नम्बर/बिना कागजात/बिना रवन्ने के पकड़ा गया था। इससे क्षुब्ध ट्रक ड्राइवर एवं ट्रक मालिक व एक स्विफ्ट डिजायर सवार तीन अज्ञात लोगों ने खनिज अधिकारी के साथ मारपीट की थी। इस बाबत भरतकूप थाने में विभिन्न धाराओं में ट्रक चालक व ट्रक मालिक तथा स्कॉर्पियो सवार तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। घटना के बाद से आरोपी फरार हैं। टीम में दरोगा अजहर जमाल, सिपाही लवलेश यादव शामिल रहे।

धर्म ध्वजा यात्रा निकाल मनाया गया विहिप का स्थापना दिवस

संवाददाता। बिंदकी, फतेहपुर

चौडगरा कस्बे से विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस अवसर पर बजरंग दल व विभिन्न अनुसांगिक संगठनों द्वारा धर्म ध्वजा यात्रा निकालकर हिंदू एकता का संदेश दिया गया। चौडगरा कस्बे से शीलू सिंह गौर, रुद्रपाल सिंह गौतम, मनोज सिंह गौतम, आलोक गौड़, शिवशंकर सिंह परिहार, आदि सैकडों लोगो की अगुवाई में सुबह 11 बजे जीटी रोड होते हुए मौहार पहुंची।

जहां नीरज सिंह, सत्येंद्र सिंह राजावत द्वारा यात्रा का स्वागत कर संख्या वृद्धि की गई। आगे यात्रा मुरादीपुर पहुंची जहां पूर्व ब्लाक प्रमुख जितेंद्र सिंह गौतम जीतू के नेतृत्व में पुष्प वर्षा की गई। यात्रा के भव्य स्वागत से शामिल राम भक्त युवा गदगद हो गए। सुंदर झाकिया एवं जय जय श्री राम के नारों से वातावरण गूंज उठा। रेवाड़ी चौराहे में यात्रा का स्वागत प्रधान रवि मिश्रा द्वारा किया गया। वही मलवा कस्बे में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से यात्रा का प्रतिनिधित्व कर रहे पदाधिकारी बड़ी संख्या में राम भक्त सम्मिलित हुए।

इमाम हुसैन की याद में निकला चेहल्लुम जुलूस

फतेहपुर। हजरत इमाम हुसैन की याद में बाकरगंज स्थित इमाम बारगाह से चेहल्लुम का जुलूस निकाला गया। जिसमें नौहा ख्वानी और मातम के साथ जुलूस कदीमी रास्तों से होते हुए अलीगंज स्थित कर्बला पहुंचकर समाप्त हुआ। नजीरूल मोहसिन के पुत्र सैय्यद फरहत अली ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाकरगंज से हजरत इमाम हुसैन की याद में चेहल्लुम पर आलम व ताजियां जुलूस निकाला गया। जो अपने कदीमी रास्तों से होते हुए नौहा ख्वानी व मातम करते हुए निकला। जुलूस में बनारस से अंजुमन कारवाने कर्बला, सुल्तानपुर से अंजुमन अजाये हुसैन, बुलंदशहर से अंजुमन हैदरी आई। फतेहपुर से अंजुमन जाफरिया, अंजुमन अब्बासिया ने मिलकर नौहा ख्वानी करते हुए सीनाजनी किया। जुलूस में हाय हुसैन की चारों ओर गूंजती हुई सदाओं के बीच मातम हुआ।

मुठभेड़ में ईनामी बदमाश बड़े लाला हुआ गिरफ्तार, पांव में लगी गोली

फर्रुखाबाद। लगभग तीन सप्ताह पूर्व फौजी के घर हुई चोरी की घटना में फरार चल रहे ईनामी बड़े लाला को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उसके पैर में गोली लगी है। जिससे उसे पुलिस ने देर रात लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली फतेहगढ़ के मोहगा नेकपुर कलां अंबेडकर कॉलोनी विक्रम सिंह भारतीय थल सेवा में नायक के पद पर लद्दाख में तैनात है। बीते 14 अगस्त की रात उनके घर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस नें इस मामले में 2 सितम्बर को आरोपी पंकज वाथम पुत्र ग्रीश बाथम निवासी देवरामपुर कादरी गेट को गिरफ्तार किया था।

उसी मामले में आरोपी कादरी गेट के श्याम नगर भोपतपट्टी निवासी बड़े लगा पुत्र शिवराम की पुलिस को तलाश थी। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार नें उसके ऊपर 25 हजार का ईनाम भी घोषित किया था। बीती देर रात कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम धन्सुआ के निकट एसओजी और कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस की बड़े लगा की मुठभेड़ हो गयी। जिसमे ईनामी बड़े लगा के पैर में गोली लगी। जिसके बाद उसे पुलिस नें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया।

महिलाओं की आपदा न्यूनीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका: आरपी शाही

●मंडलीय महिला स्वयं सहायता समूहों की आपदा जोखिम भूमिका विषय पर कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता। उरई, जालौन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण के संबंध मे उद्घोषित 10 सूत्रीय एजेंडे के अंतर्गत तृतीय एजेंडा ''आपदा जोखिम प्रबंधन में महिलाओं का नेतृत्व तथा व्यापक सहभागिता का केन्द्रीयकरण'' पर मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में ''महिला स्वयं सहायता समूहों की आपदा जोखिम न्यूनीकरण में भूमिका विषय पर उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, ललितपुर की सहभागिता में कल्याण सिंह सभागार, ललितपुर में आयोजित एक दिवसीय मण्डल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में आकाशीय बिजली से होने वाली मौतों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और टाइम्स सेंटर फॉर लर्निंग लिमिटेड की ओर से एक नई मुहिम की शुरुआत हुई। इन दोनों कार्यक्रमों का शुभारंभ उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल आरपी शाही अति विशिष्ट सेवा मेडल के द्वारा किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल आरपी शाही द्वारा आपदा प्रबंधन से संबंधित दो महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन किया गया तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की वेबसाईट का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल आरपी शाही अति विशिष्ट सेवा मेडल ने बताया कि महिलायें परिवार की प्रथम शिक्षक होती है और मैं उन्हें आपदा प्रबंधन के न्यूनीकरण के संबंध में इनसे बेहतर कोई दूसरा ब्रांड एम्बेसडर नहीं हो सकता क्योंकि महिलायें न केवल अपने बच्चे, परिवार अपितु समाज में जागरूकता फैला सकती हैं।

रिन्द नदी में मिला अज्ञात शव, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात

अपौना व भौंरा गॉव की सीमा पर रिन्द नदी में एक अज्ञात व्यक्ति के शव मिलने पर सनसनी फैल गयी, सूचना पर रूरा थानाध्यक्ष कपिल दुबे मौके पर पुलिस बल के साथ पहुँचे तथा छानबीन की। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुये नवॉगुतक रूरा थानाध्यक्ष कपिल दुबे स्वयॅ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुॅचे और छानबीन शुरू की। शव को देखते हुये प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा था, कि शव के पोस्टमार्टम के बाद उसके अॅतिम सॅस्कार के लिये परिजनों ने उसे रिन्द नदी में प्रवाह कर दिया होगा, समय के साथ शव के पानी में फूलने पर वह उतराकर बाहर आ गया। शव की जांच पड़ताल के समय अपौना ग्राम प्रधान शशिकान्त शुक्ला सहित भारी संख्या में अपौना व भौंरा गॉव के ग्रामीणों का मजमा लगा रहा। थानाध्यक्ष कपिल दुबे ने बताया कि शव की शिनाख्त के लिये हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं।

विद्यालयों में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व

फतेहपुर। विभिन्न विद्यालयों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूम धाम से मनाया गया। सेंट जेवियर स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा भगवान कृष्ण और राधा की पोशाक पहनकर शामिल हुए बच्चों को मनमोहक झांकियों के बीच कृष्ण की बाल लीलाओं के बारे में बताया गया। बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। स्कूल के प्रबंधक नीतीश चंद्रा, प्रधानाचार्या डा. प्रियंका गुप्ता समेत विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। इसी कड़ी में मदर सुहाग इंटर कॉलेज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा श्रीकृष्ण और राधा रानी की पोशाक के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। साथ ही आरती एवं भजन गाए गए। प्रबंधक मोहित सिंह चंदेल समेत विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। इसी कड़ी में सिविल लाइन स्थित पटेल इण्टर कालेज (लिल्स बगिया) में भी जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ नन्हे मुन्ने बच्चों ने श्रीकृष्ण और राधा की पोशाक पहनकर मनाई।

युवती घर से लापता, गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता। फर्रुखाबाद

कोतवाली फतेहगढ़ शिवाजी कालोनी नेकपुर कलां निवासी रघुनाथ सिंह पुत्र श्री प्रभु दयाल ने कोतवाली फतेहगढ़ में गुमशुदगी की तहरीर दी है। उन्होंने दी गई तहरीर में बताया है। मेरे रिश्तेदार चतुरानन निवासी ग्राम पोस्ट करीमगंज थाना बिछवां जनपद मैनपुरी की पुत्री सूरज कुमारी उर्फ नंदिनी उम्र करीब 15 साल घर से बिना बताए 6 सितंबर 2023 को समय 12. 30 बजे कहीं चली गई है.। रघुनाथ सिंह व उनकी पत्नी अपने गांव के परिवार के शांति पाठ में गए हुए थे.। वह घर पर अपनी 2 साल की बच्ची को लड़की नंदिनी के सहारे छोड़ गये थे। पड़ोसी महिला ने रघुनाथ सिंह को फोन पर सूचना दी। उन्होंने काफी खोजबीन की मगर नंदिनी का कोई पता नहीं चला। नंदनी घर से रघुनाथ सिंह की बेटी व पत्नी के कपड़े व पैसे भी निकाल कर ले गई है। बेटी ने अपनी गोलक में जमा किए थे। नंदिनी के पिता चतुरानन फतेहगढ जेल में दहेज हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

ब्रह्माकुमारी केंद्र पर कृष्ण जन्माष्टमी की सजी झांकी

संवाददाता। फर्रुखाबाद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओमनिवास जटवारा जदीद में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर राधा कृष्ण की चैतन्य झांकी सजाई गई। इसमें केंद्र संचालिका बी.के. शोभा दीदी ने सभी को आध्यात्मिक रहस्य समझाते हुए कहा श्री कृष्ण जयंती पर यही ईश्वरीय संदेश है कि श्री कृष्ण के मूल्य और विशेषताएं अपने जीवन में उतारें तथा गीता में वर्णित मनुष्य के अंदर छिपे शत्रुओं का नाश करें तभी छोटी मोटी बातों के लिए जो हर घर में महाभारत चल रहा है उसे समाप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक मनुष्य को अर्जुन बनने की आवश्यकता है। आज प्रत्येक घर में भाई भतीजा बाद इतना हावी है कि लालच वश एक दूसरे का खून व्यभिचार अत्याचार की सीमा ने मूल्यों को खंडित कर दिया है।

पेज एक का शेष

पुतिन और...

ने कहा कि दरअसल, इस वक्त हम बातचीत कर रहे हैं... जब मैं बातचीत कहता हूं, तो उसका अर्थ यह नहीं है कि यह कल ही शुरू हुआ था। यह काम पिछले कुछ वक्त से होता आ रहा है। सो आमतौर पर ऐसा होता है कि एक मंत्रिस्तरीय बैठक होती है, और फिर उस मंत्रिस्तरीय बैठक से नतीजे हासिल होते है। विदेशमंत्री से आम सहमति बनाने को लेकर सवाल किया गया था, और यह भी पूछा गया था कि और भारत किस स्थिति को सबके लिए फ़ायदेमंद मानेगा, तो एस. जयशंकर ने कहा कि यह सिर्फ भारत के दृष्टिकोण का मामला नहीं है। एस. जयशंकर ने कहा कि आज दुनियाभर को इस संदर्भ में बहुत ज्यादा उम्मीदें हैं कि जी20 दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के मामले में क्या हासिल कर सकता है। इसलिए, आप चाहे अमेरिका जाएं, लैटिन अमेरिका जाएं, एशिया के कुछ हिस्सों में जाएं, कैरेबियन में जाएं, या प्रशांत क्षेत्र में जाएं, आज हर कोई यही कह रहा है- हमारी भी समस्याएं हैं, हमारे पास कर्ज़ की समस्या है, हमारे पास व्यापार में समस्या है, हमारे पास स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं हैं, हमारे पास हरित विकास संसाधनों से जुड़ी समस्या है- तो, जी20 मेरे लिए क्या करेगा. ? इसलिए, दुनिया इंतज़ार कर रही है। उन्होंने कहा कि जी20 के लिए बहुत सारे मुद्दे हैं और एक अहम संदेश यही है कि ग्लोबल साउथ पर फ़ोकस करना है। उन्होंने कहा कि आपको वास्तव में बहुत सारे मुद्दे मिलेंगे, जो दुनिया के सामने हैं... और इनमें से बहुत बड़ा हिस्सा ग्लोबल साउथ, यानी विकासशील देशों में है... इसलिए हमारे लिए एक बहुत ही अहम संदेश यही है कि ग्लोबल साउथ पर फ़ोकस करें लेकिन एक वृहत्तर संदर्भ भी है।

जी-20:...

पीएम मोदी ने मंत्रियों से जी 20 इंडिया मोबाइल ऐप डाउनलोड करने और विदेशी मेहमानों के साथ बातचीत के दौरान इसके अनुवाद और अन्य विशेषताओं का बेहतर इस्तेमाल करने को कहा। जी-20 मोबाइल ऐप में सभी भारतीय भाषाओं के साथ ही जी-20 देशों की भाषाओं के हाथों-हाथ अनुवाद करने की विशेषता है। अंतरराष्ट्रीय संगठनों के नेताओं सहित विश्व के करीब 40 नेताओं के नौ-10 सितंबर को होने वाले शिखर सम्मेलन में भाग लेने की तैयारी के बीच विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने मंत्रियों को प्रोटोकॉल और संबंधित मामलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिखर सम्मेलन के लिए पहुंचने वाले विश्व के नेताओं के स्वागत की जिम्मेदारी कुछ मंत्रियों का दिए जाने की उम्मीद है। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री एस पी एस सिंह बघेल ने मंगलवार को नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू के दिल्ली पहुंचने पर उनका स्वागत किया। करीब एक घंटे तक चली केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक से पहले अनौपचारिक बातचीत के दौरान मंत्रियों को बताया गया कि शिखर सम्मेलन भारत और उसकी वैश्विक छवि के लिए कितना महत्वपूर्ण है।

गीता का...

कहा कि आस्क गीता एक ऐसा माध्यम होगा जिसके माध्यम से विदेशी मेहमान इस पवित्र ग्रंथ में उल्लिखित शिक्षाओं के अनुरूप जीवन से जुड़े विविध पहलुओं को समझ सकेंगे। इसके साथ ही सम्मेलन में आने वाले प्रतिनिधि डिजिटल कॉमर्स को बढ़ावा देने के लिए गठित ओएनडीसी मंच के साथ संवाद भी कर सकेंगे। मेहमान ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के कियोस्क से जान सकेंगे कि यह मंच विक्रेताओं, उपभोक्ताओं और नेटवर्क प्रदाताओं को व्यापक स्तर पर किस तरह जोड़ता है। विदेशी मेहमानों को डिजिटल इंडिया अभियान के दौरान वर्ष 2014 से अबतक हासिल उपलब्धियों से भी रूबरू होने का मौका मिलेगा। इस दौरान डिजिटल सार्वजनिक ढांचे से जुड़े बुनियादी सिद्धांतों एवं प्रौद्योगिकी पहलों के बारे में डिजिटल ट्री प्रदर्शनी के जरिए जाना जा सकेगा।

मणिपुर में...

रहे प्रदर्शनकारियों को राज्य पुलिस बलों ने रोक दिया, जिन्होंने लगभग 2 किलोमीटर दूर क्वाक्टा में बैरिकेड लगाया था। उन्होंने बताया कि हालांकि पुलिस ने आंसू गैस के कुछ गोले दागे, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़ दिया और फौगाकचाओ इखाई की ओर बढ़ गए। उन्होंने बताया कि इस हंगामे में कोई घायल नहीं हुआ। कोआर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी (सीओसीओएमआई) के फौगाकचाओ इखाई में सेना के बैरिकेड तोड़ने के आह्वान पर, लोग बिष्णुपुर जिले में एकत्रित हुए थे और मांग कर रहे थे कि उन्हें चुराचांदपुर की ओर धकेल दिया जाए। अपुनबा मणिपुर कनबा इमा लुप (एएमकेआईएल) के अध्यक्ष लौरेम्बम नगनबी ने संवाददाताओं से कहा, तीन मई को हिंसा भड़कने के बाद तोरबुंग में अपने घरों को छोड़ने वाले सैकड़ों मेइती बैरिकेड के कारण अपने घरों में नहीं जा पाए। हम सिर्फ यह मांग कर रहे हैं कि वे स्थानांतरित किए जाए ताकि लोग अपने घर जा सकें। सीओसीओएमआई ने लोगों से बैरिकेड पर धावा बोलने का आह्वान किया था क्योंकि सरकार ने 30 अगस्त तक बैरिकेड हटाने संबंधी उनके अनुरोध पर ध्यान नहीं दिया। राज्य सरकार ने मंगलवार को कानून-व्यवस्था के उल्लंघन की आशंका में घाटी के पांच जिलों में अगले आदेश तक पूर्ण कर्फ्यू लगा दिया था।

उदयनिधि को...

जावड़ेकर कहा कि वह चाहते हैं कि राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया गठबंधन के एक सदस्य की टिप्पणी के बारे में अपना रुख बताएं।

जी-20...

निवासी वंदना चोपड़ा ने कहा, एक महिला के लिए दर्द की कल्पना करें, जो बीमार पिता को इंसुलिन देने के लिए समय पर घर नहीं पहुंच सकी। विशेष आयुक्त एसएस यादव ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि उन्होंने दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) से लोगों को असुविधा से बचाने के लिए सुबह चार बजे से ट्रेन सेवा शुरू करने का अनुरोध किया है। इस संबंध में दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा की ओर से डीएमआरसी को पत्र लिखा गया था। इस पत्र में आयुक्त अरोड़ा ने डीएमआसी से आठ से 10 सितंबर तक सुबह चार बजे से ट्रेन सेवाएं शुरू करने का अनुरोध किया था ताकि सुरक्षाकर्मी समय पर अपनी ड्यूटी पर पहुंच सकें। यादव ने यह भी कहा कि आवश्यक वस्तुओं की ऑनलाइन डिलीवरी की अनुमति तो होगी, लेकिन खाद्य वितरण सेवाएं नई दिल्ली जिले में उपलब्ध नहीं रहेंगी। उन्होंने कहा, जी20 की कवरेज के लिए जिन मीडिया कर्मी को पास जारी किए गए हैं वे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एकत्र होंगे और उन्हें कार्यक्रम स्थल तक ले जाया जाएगा। मीडिया वाहनों को नई दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यातायात और सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए मैपमायइंडिया ऐप का उपयोग करें।

अपराधियों की...

वाले सभी सीसीटीवी में इस सॉफ्टवेयर को इंस्टॉल कर दिया है। स्टैक का प्लेटफ़ॉर्म, जार्विस, सीसीटीवी, ड्रोन, टीवी से मनचाही फीड से जानकारी हासिल करने की आजादी देता है।

रूस के वैगनर समूह को प्रतिबंधित आतंकी संगठन घोषित करेगा ब्रिटेन

एपी। लंदन

ब्रिटेन सरकार बुधवार को हाउस ऑफ कॉमन्स में एक प्रस्ताव पेश करेगी जिसके जरिए रूस के वैगनर समूह को आतंकवादी संगठन घोषित कर प्रतिबंध लगाया जाएगा।

ब्रिटेन के गृह कार्यालय ने कहा कि प्रस्ताव को मंजूरी मिलने से ब्रिटेन में वैगनर समूह का सदस्य बनना या उसका समर्थन करना अवैध होगा। देश में प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से संबंधित कुछ अपराधों के लिए 14 साल की कैद हो सकती है।

गृह कार्यालय के मसौदा आदेश के तहत वैगनर की संपत्ति को भी आतंकवादी संपत्ति के रूप में चिह्नित किया जा सकता है और जब्त किया जा सकता है। ब्रिटेन ने कहा कि वैगनर समूह के प्रमुख एवगेनी प्रिगोझिन की मौत के बाद भी समूह वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। ब्रिटिश सरकार ने कहा कि वैगनर समूह ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में अहम भूमिका निभाई है और उसके लड़ाके सीरिया और कई अफ्रीकी देशों में भी युद्ध में शामिल रहे हैं। भारतीय मूल की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने कहा, वैगनर समूह लूटपाट, यातना और बर्बर हत्याओं में शामिल रहा है। यूक्रेन, मध्य-पूर्व और अफ्रीका में इसकी गतिविधियां वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा हैं। वे (वैगनर समूह के लड़ाके) सीधे तौर पर आतंकवादी हैं और प्रतिबंध संबंधी यह प्रस्ताव ब्रिटिश कानून में इसे स्पष्ट करता है।

ब्रेवरमैन के मुताबिक, प्रतिबंध ब्रिटिश प्राधिकारियों को समूह की संपत्ति जब्त करने का अधिकार देगा। हालांकि, यह शक्ति मुख्यतः सांकेतिक है, क्योंकि ब्रिटेन में वैगनर ग्रुप के सक्रिय होने की कोई सूचना नहीं है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने पूर्व में वैगनर समूह को आतंकवादी संगठन के रूप में नामित करने का आह्वान किया था। वैगनर समूह ने जून में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के शासन के खिलाफ बगावत का ऐलान किया था। लगभग दो महीने बाद 23 अगस्त को समूह के प्रमुख प्रिगोझिन की एक विमान हादसे में कथित तौर पर मौत हो गई थी। विमान हादसे को लेकर कई तरह के कयास भी लगाए गए थे।

ब्रिटेन के गृह कार्यालय ने कहा कि प्रतिबंध आदेश पर निर्णय लेते समय उसने संगठन की गतिविधियों की प्रकृति के साथ-साथ विदेशों में ब्रिटिश नागरिकों के लिए उत्पन्न खतरे पर भी विचार किया। इस आदेश से वैगनर समूह इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) और अलकायदा जैसे अन्य प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों की सूची में शामिल हो जाएगा।

जापान ने भी चीन के नए मानचित्र को खारिज किया

बीजिंग (भाषा)। पूर्वी चीन सागर में विवादित सेनकाकू द्वीपों को अपने क्षेत्र में शामिल करने के नए मानक मानचित्र पर चीन के खिलाफ जापान ने भी विरोध दर्ज कराया है। इससे पहले, भारत, फिलीपीन, मलेशिया, वियतनाम और ताइवान भी आपत्ति जता चुके हैं। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजु मात्सुनो ने मंगलवार को तोक्यो में मीडिया को बताया कि जापान ने पिछले महीने बीजिंग द्वारा जारी एक नए मानचित्र पर राजनयिक चैनल के माध्यम से चीन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। जापानी मीडिया ने मात्सुनो के हवाले से कहा है कि तोक्यो ने बीजिंग से मानचित्र को रद्द करने का आग्रह किया है क्योंकि इसमें दक्षिण जापान के ओकिनावा प्रान्त में सेनकाकू द्वीपों पर चीन के एकतरफा दावों पर आधारित विवरण है। मानचित्र में सेनकाकू को डियाओयू द्वीप समूह के रूप में वर्णित किया गया है, जो द्वीपों का चीनी नाम है।

अगर चीन जी20 सम्मेलन में बिगाड़ने वाले की भूमिका निभाना चाहता है, तो यह विकल्प उपलब्ध है : अमेरिका

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि यह चीन को तय करना है कि वह नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में किस तरह की भूमिका निभाना चाहता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर बीजिंग इसमें आना चाहता है और बिगाड़ने वाले की भूमिका निभाना चाहता है, तो यह विकल्प उसके लिए उपलब्ध है।

अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन मंगलवार को व्हाइट हाउस संवाददाता सम्मेलन में जी20 शिखर सम्मेलन पर भारत-चीन सीमा तनाव के प्रभाव को लेकर एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा, जहां तक भारत और चीन के बीच तनाव का (जी20) शिखर सम्मेलन को प्रभावित करने का सवाल है तो यह वास्तव में चीन पर निर्भर है। अगर चीन इसमें आना चाहता है और बिगाड़ने वाले की भूमिका निभाना चाहता है तो निश्चित रूप से यह विकल्प उनके लिए उपलब्ध है। सुलिवन ने कहा, मुझे लगता है कि जी20 का वर्तमान अध्यक्ष भारत उन्हें वह करने के लिए प्रोत्साहित करेगा जो अमेरिका और हर अन्य 'सदस्य, जी20 का हर दूसरा सदस्य करेगा, जो उन्हें जलवायु, बहुपक्षीय विकास, बैंक सुधार, ऋण राहत, प्रौद्योगिकी और भूराजनीतिक सवालों से इतर समस्या-समाधान और विकासशील देशों के लिए काम करने पर ध्यान केंद्रित करने के विषय पर रचनात्मक तरीके से आने के लिए प्रोत्साहित करेगा। चीन के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को घोषणा की कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग इस सप्ताह नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे और प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रधानमंत्री ली क्विंग करेंगे। मंत्रालय ने इस हाई-प्रोफाइल बैठक को सफल बनाने के लिए सभी पक्षों के साथ काम करने की बीजिंग की इच्छा व्यक्त की।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि भारत सरकार के निमंत्रण पर स्टेट काउंसिल के प्रमुख ली नौ और 10 सितंबर को नई दिल्ली, भारत में आयोजित होने वाले 18वें जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

भारत नौ और 10 सितंबर को नई दिल्ली में वार्षिक जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। सुलिवन ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति जो बाइडन स्पष्ट करेंगे कि अमेरिका वास्तविक प्रगति की उम्मीद करता है।

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., शाल टावर, प्लॉट नंबर – 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110007

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि विवेक कुमार जैन/हेम लता जैन (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीडीईएल00002515827 तथा पता फ्लैट नंबर 801, 8वां तल, टावर–सी, "मोती रेजीडेंसी" खसरा नंबर 238, एनएच–58, ग्राम मोरटा, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।
बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 20 जून, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि टेकमैन बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।
कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।
दिनांकित : 07 सितम्बर, 2023 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./–

NOTICE OF 102 ANNUAL GENERAL MEETING

Notice is hereby given that 102 (One Hundred Two) Annual General Meeting of Roshanara Club Limited (CIN - U91990DL1901PLC000098) shall be held at the Registered Office of the Company at Roshanara Garden, Delhi - 110007 on Friday the 29th day of September 2023 at 2.00 PM to transact the following business: -

ORDINARY BUSINESS
1. To receive, consider and adopt the Report of the Managing Committee (Board of Director), Audited Balance Sheet for the financial year ended 31st March 2023 and the Audited Income & Expenditure Account as on that date along with the Auditors' Report thereon.
2. To elect and appoint all Fifteen Directors in place of all the existing Directors of the Company, as all retire by rotation in terms of section 152(6) and 160 of the Companies Act 2013, as amended, and the Article 43 and 44 of the Articles of Association of the Company, through ballot process as prescribed in Articles of Association.

Place: Delhi
Date: 5th September 2023
By Order of the Managing Committee
For Roshanara Club Limited
RAJAN MANCHANDA
Director & Hony. Gen. Secretary
(DIN- 00457119)
37/38, UB,
Jawahar Nagar, Delhi – 110007

NOTE : Annual Report and Accounts for the period 1st April 2022 to 31st March 2023 are being forwarded via email / sms /whatsapp and will also be available on club website / mobile app.

जी20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत यात्रा के दौरान

कोविड-19 पर सीडीसी के दिशा निर्देशों का पालन करेंगे बाइडन

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन भारत और वियतनाम की अपनी आगामी यात्रा के दौरान कोविड-19 पर रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे। व्हाइट हाउस ने अमेरिकी राष्ट्रपति की पत्नी जिल बाइडन (72) के कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बीच मंगलवार को यह घोषणा की।

बाइडन जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए सात सितंबर को भारत की यात्रा पर रवाना होंगे। उनका आठ सितंबर को इस ऐतिहासिक सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करने का कार्यक्रम है। इसके बाद, वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए वियतनाम का दौरा करेंगे।

जिल बाइडन के सोमवार को कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। इसके बाद, सोमवार और मंगलवार को बाइडन (80) की भी कोविड-19 जांच की गई थी। हालांकि, जांच रिपोर्ट में उनमें संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई। व्हाइट हाउस ने कहा था कि राष्ट्रपति की दो बार कोविड जांच की गई है और दोनों ही बार रिपोर्ट में उनमें संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है, लिहाजा इस सप्ताह उनकी भारत और वियतनाम की यात्रा की योजना में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि, एक सवाल के जवाब में व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव केरीन जीन-पियरे ने कहा कि राष्ट्रपति सभी जरूरी सावधानियां बरत रहे हैं और सीडीसी के दिशा-निर्देशों के अनुसार मानक प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं। जीन-पियरे ने कहा, मैं आपको जो बता सकती हूं, वह यह है कि राष्ट्रपति निश्चित रूप से अपने चिकित्सक द्वारा निर्धारित अवधि पर नियमित जांच कराते रहेंगे। वह और उनका प्रतिनिधिमंडल भारत रवाना होने से पहले भी जांच कराएगा। मैं पहले ही बता चुकी हूं कि राष्ट्रपति कोविड-19 पर सीडीसी के दिशा-निर्देशों का पालन कर रहे हैं। जीन-पियरे ने कहा, सीडीसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने के बावजूद रोजाना जांच की सलाह नहीं देता। हम सीडीसी के दिशा-निर्देशों का पालन करने जा रहे हैं। वह कई एहतियाती उपायों पर अमल की सलाह देता है, जिनमें मास्क लगाना, नियमित अंतराल पर जांच कराना और लक्षणों पर नजर रखना शामिल है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति में कोविड-19 के कोई लक्षण नहीं हैं। पर हम उन दिशा-निर्देशों का पालन करना जारी रखेंगे। वह अपने चिकित्सक से लगातार राय-मशविरा लेते रहेंगे। जीन-पियरे ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी जब भी राष्ट्रपति के संपर्क में आते हैं, तो वे अपनी कोविड-19 जांच कराते हैं। उन्होंने कहा, हम जांच करते रहते हैं। पिछले लगभग दो वर्षों से हम इसी तरह आगे बढ़े हैं। यह प्रक्रिया नहीं बदली है। व्हाइट हाउस के किसी प्रोटोकॉल में बदलाव नहीं होने जा रहा है। जब हम राष्ट्रपति या उनके वरिष्ठ कर्मचारियों के संपर्क में आते हैं, तो हम जांच जरूर कराते हैं। जीन-पियरे ने स्पष्ट किया कि फिलहाल राष्ट्रपति के यात्रा कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, मैं अभी बस यही कह सकती हूं कि हमारे पास उनके यात्रा कार्यक्रम में किसी तरह के बदलाव की कोई जानकारी नहीं है। कल राष्ट्रपति की जांच रिपोर्ट में उनमें संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई थी। आज सुबह भी उनकी जांच रिपोर्ट ठीक आई है। उनमें संक्रमण के कोई लक्षण नहीं हैं। वह अच्छा महसूस कर रहे हैं।

जीन-पियरे ने कहा, वह (बाइडन) बेशक बहुत सतर्क रहेंगे और मास्क पहनेंगे, जैसा कि सीडीसी दिशा-निर्देश सुझाते हैं। हमारे पास उनके यात्रा कार्यक्रम में बदलाव के संबंध में कोई अपडेट नहीं है। भारत जी20 के अध्यक्ष के रूप में 9-10 सितंबर को इस प्रभावशाली समूह के वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। बाइडन के अलावा फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा उन जी20 नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने इस शिखर सम्मेलन में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है।

वैश्विक स्तर पर शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है भारत

भाषा। वाशिंगटन

विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर भारत का स्थान काफी ऊंचा हो गया है और यह खुद को एक ऐसे देश के रूप में स्थापित कर रहा है, जो अन्य देशों को एक साथ लाता है।

जी20 के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में भारत 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में इस प्रभावशाली समूह के वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है।

प्रतिष्ठित हडसन इंस्टीट्यूट थिंक-टैंक की अपर्णा पांडे ने पीटीआई-भाषा से कहा, इस सप्ताह भारत जी20 की मेजबानी करेगा, पहली बार कोई दक्षिण एशियाई देश इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। भारत लंबे समय से वैश्विक स्तर पर ऊंची जगह हासिल करने की कोशिश कर रहा था और इन शिखर सम्मेलनों की मेजबानी इस बात का प्रमाण है कि भारत उस स्थान पर पहुंच गया है।

पांडे ने कहा कि वर्ष 2023 भारत का वर्ष है, क्योंकि इस दौरान दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश नौ महीने से अधिक समय तक वैश्विक स्तर पर सुर्खियों में रहा है।

उन्होंने कहा, दिसंबर 2022 में भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का अध्यक्ष था। जनवरी 2023 में भारत ने ग्लोबल साउथ समिट बुलाया और मई 2023 में उसने जापान में जी-7 और क्वाड शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया।

पांडे ने कहा, जुलाई में भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन की मेजबानी की और दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के समूह) शिखर सम्मेलन के विस्तार में शामिल हुआ।

उद्यमी, समाजसेवी और इंडियास्पोरा के संस्थापक एम आर रंगास्वामी ने कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता इससे बेहतर समय पर नहीं हो सकती थी।

उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, भारत एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति है और खुद को एक ऐसे देश के रूप में स्थापित कर रहा है, जो अपनी कथनी और करनी से अन्य देशों को एक साथ लाता है।

रंगास्वामी ने कहा, भारत की बढ़ती ताकत और अलग-अलग क्षेत्रों में प्रवासी भारतीयों का बढ़ता कद एवं प्रभाव पारस्परिक रूप से फायदेमंद और हितकारी है।

भारत में जी-20 के भव्य स्वागत की तैयारी कर रहा है सुनक का परिवार

लंदन (भाषा)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक जी-20 विश्व नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए इस सप्ताह भारत आएंगे और वह नई दिल्ली में अपने रिश्तेदारों से भव्य स्वागत की उम्मीद कर सकते हैं। ब्रिटेन के एक अखबार की खबर में यह कहा गया है। अखबार द डेली टेलीग्राफ ने सप्ताहांत में खबर दी थी कि सुनक के रिश्तेदार फूलों के गुलदस्ते और पंजाबी संगीत पर नॉन-स्टॉप डांस के साथ एक दावत का आयोजन करेंगे। प्रधानमंत्री सुनक के मामा, 65 वर्षीय डॉ. गौतम देव सूद ने कहा कि उनके आगमन के उपलक्ष्य में सभी रिश्तेदारों को दिल्ली में आने के लिए कहा गया है। पंजाब से जुड़ाव रखने वाले सूद ने अखबार को बताया, वह हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है कि वह अपनी पैतृक भूमि का दौरा करने जा रहे हैं। सुनक के चाचा सुभाष बेरी ने कहा, हम सटीक विवरण नहीं दे सकते, लेकिन (ब्रिटिश) प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए एक योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा, हम पूरी रात बिना रुके डांस की तैयारी कर रहे हैं, ज्यादातर पारंपरिक पंजाबी संगीत की जीवंत धुनें पर। हालांकि मुझे लगता है कि हम कुछ अंग्रेजी धुनें पर भी थिरक सकते हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन और इसके इतर द्विपक्षीय वार्ता के लिए, शुक्रवार और रविवार के बीच काफी व्यस्तता के चलते सुनक के इस कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना नहीं है। सुनक (43) का जन्म साउथेम्प्टन में माता-पिता यशवीर और उषा के घर हुआ था जिनकी जड़ें भारत में हैं।

PUBLIC NOTICE

To be known to all that, **Motion Pictures Association, having its office at 52/55, Mangal Market, Bhagirath Palace, Chandni Chowk, Delhi-110006, is owner and in possession of Property No.27, Block-F, Darya Ganj, New Delhi-110002,** and applied for freehold of said property in D.D.A. The original Lease Deed, Revisionary Lease Deed, Sale Deed, Mutation Letter and other related documents of the said plot have been lost. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write/contact with above named person at above address/Phone No.9212013800 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this plot can personally inform or write to **Dy.Director(OSB), DDA, Vikas Sadan INA, New Delhi.**

PUBLIC NOTICE

Whereas, License no. 34-36 of 2007 dated 23.01.2007 (said License) was granted by the Director, Town & Country Planning, Haryana ("DTCP") to M/s Maximal Infrastructure Pvt. Ltd. & Others for development of Group Housing Colony;
And whereas, M/s Parcela Real Estate Pvt. Ltd., has applied for grant of permission of Change in Beneficial Interest of area measuring 7.2431 acres (equivalent to 74,062.922 sqm FAR) (said area) under the said license to DTCP, Haryana, Chandigarh;
And whereas, vide office memo no. 24227 dated 21.07.2023, DGTCP, Haryana, has accorded in-principle approval for change in Beneficial interest for the said area in license no. 34-36 of 2007 in favour of M/s Parcela Real Estate Pvt. Ltd.
And whereas, M/s Maximal Infrastructure Pvt. Ltd. have neither allotted nor sold any units in the said area, part of said license;
And whereas, the office of Director General, Town & Country Planning, Haryana, Chandigarh has required seeking of objections are hereby invited against the proposed change in beneficial interest.
Thus, any objection on the said Change in Beneficial Interest against the said area, may file in the office of STP/DTP, HUDA Complex, Sector-12, Faridabad and/or in the office of the undersigned at R-13, 2nd Floor, Greater Kailash, Part-1, New Delhi-110048 within 30 days of this Notice, failing which it shall be assumed that there are no objections to the proposed Change in Beneficial Interest.
For Maximal Infrastructure Pvt. Ltd.
Sd/- Authorised Signatory
Place: New Delhi Date: 20/08/2023

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
अंचल कार्यालय : गाजियाबाद अंचल, पता: बी–32, सेक्टर–62, नोएडा–201307

(नियम 8(1)) कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के **बैंक ऑफ इंडिया**, धूम मानिकपुर शाखा का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (2002 का 54) के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत **उधारकर्ता– श्री प्रदीप कुमार पुत्र ग्यासु, प्लॉट नं. ए–180, ब्लॉक–ए, खसरा नंबर–383 का हिस्सा, सूर्या चमन एन्क्लेव, गांव– धूम मानिकपुर, दादरी, गौतमबुद्धनगर, यू.पी. उधारकर्ता श्री प्रदीप कुमार पुत्र ग्यासु, प्लॉट नंबर–ए–180, ब्लॉक–ए, खसरा नंबर–383 का हिस्सा, सूर्या चमन एन्क्लेव, गांव–धूम मानिकपुर, दादरी, गौतमबुद्धनगर, यूपी** को मांग सूचना दिनांक **12-06-2023** को जारी किया था जिसमें सूचना में उल्लेखित राशि रु. **6,80,000.00** (रु. छः लाख अस्सी हजार) दिनांक 12.06.2023 तक और भविष्य का ब्याज, लागत, खर्चे एवं अन्य आकस्मिक प्रभार इत्यादि सहित उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार/गारंटर राशि का प्रतिभुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियम 2002 के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत दिनांक **04.09.2023** को लिया है।
विशेष रूप से कर्जदार/गारंटर तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **बैंक ऑफ इंडिया**, धूम मानिकपुर शाखा, ग्राम– धूम मानिकपुर, तहसील– दादरी, गौतमबुद्धनगर, उ.प्र. –203208 के प्रभार वास्ते रु. **6,80,000.00** (रु. छः लाख अस्सी हजार) दिनांक 12.06.2023 तक और भविष्य का ब्याज, लागत, खर्चे एवं अन्य आकस्मिक प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा।
उधारकर्ताओं का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि भूमि एवं भवन, प्लॉट नंबर ए–180 शामिल है, ब्लॉक–ए, खसरा नं. 383 का हिस्सा, सूर्या चमन एन्क्लेव, गाँव– धूम मानिकपुर, दादरी, गौतमबुद्ध नगर, यू.पी.–203208 में स्थित, क्षेत्रफल 50.00 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्री प्रदीप कुमार पुत्र ग्यासु के नाम पर है। चौहद्दीः पूरब में – 22 फीट चौड़ा रास्ता और प्लॉट नंबर–256, पश्चिम में – श्री संजीव का प्लॉट नंबर–ए–173, उत्तर में – प्लॉट नंबर ए–179, दक्षिण में – धर्मेन्द्र जी का प्लॉट नं. ए–181

दिनांक : 04-09-2023, स्थान : नोएडा प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

दक्षिणी ब्राजील में तूफान से 21 लोगों की मौत, 1600 से अधिक विस्थापित

साओ पाउलो। दक्षिणी ब्राजील में भयंकर तूफान के कारण कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। तूफान के प्रभाव से हुई बारिश के कारण कई शहरों में बाढ़ आ गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रियो ग्रांडे डो सुल के गवर्नर एडुआर्डो लेइट ने कहा कि तूफान से राज्य में मरने वालों की संख्या सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि लगभग 60 शहर तूफान से प्रभावित हैं, जिसे एक अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय चक्रवात की श्रेणी में रखा गया है। लेइट ने कहा कि लगभग 50,000 की आबादी वाले शहर मुकुम में एक मकान में रह रहे 15 लोगों की मौत हो गई। रियो ग्रांडे डो सुल राज्य की सरकार ने कहा कि तूफान के कारण सोमवार रात से लेकर अब तक 1,650 लोग बेघर हुए हैं।

आतंकवादियों को काली सूची में डालने के साक्ष्य आधारित प्रस्तावों को रोकना दोहरापन : भारत

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

भारत ने चीन और पाकिस्तान के परोक्ष संदर्भ देते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से कहा है कि बिना कोई कारण बताए विश्व स्तर पर स्वीकृत आतंकवादियों को काली सूची में डालने के साक्ष्य-आधारित प्रस्तावों को रोकना अनुचित है और इस तरह के कदम से दोहरेपन की बू आती है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने मंगलवार को यहां कहा, यूएनएससी प्रतिबंध समितियों की कार्यप्रणाली संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचा रही है। काम करने के तरीकों पर सुरक्षा परिषद की खुली बहस में कंबोज ने कहा, वैश्विक स्तर पर स्वीकृत आतंकवादियों के लिए वास्तविक, साक्ष्य-आधारित सूची प्रस्तावों को बिना कोई उचित कारण बताए रोकना अनावश्यक है और जब आतंकवाद की चुनौती से निपटने में परिषद की प्रतिबद्धता की बात आती है तो दोहरेपन की बू आती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रतिबंध समितियों के कामकाज के तरीकों में पारदर्शिता और सूचीबद्ध करना तथा सूची से हटाने में निष्पक्षता पर जोर दिया जाना चाहिए और यह राजनीतिक विचारों पर आधारित नहीं होना चाहिए। कंबोज की टिप्पणी चीन और उसके सदाबहार दोस्त पाकिस्तान के परोक्ष संदर्भ में थी। चीन ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को सूचीबद्ध करने के भारत और उसके सहयोगियों के प्रयासों में बार-बार रुकावट डाली है।

ताजा उदाहरण इस साल जून का है जब चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी साजिद मीर को एक वैश्विक आतंकवादी के तौर पर नामित करने के लिए भारत और अमेरिका के एक प्रस्ताव में अड़ंगा डाला था, जो 26/11 मुंबई आतंकी हमले में शामिल होने के आरोप में वांछित था। कंबोज ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यूएनएससी के आठ बार निर्वाचित सदस्य भारत को सुरक्षा परिषद के कामकाज के तरीकों में सुधार की आवश्यकता के बारे में कुछ प्रमुख चिंताएं हैं। उन्होंने कहा, हमें... एक ऐसी सुरक्षा परिषद की आवश्यकता है जो आज संयुक्त राष्ट्र की भौगोलिक और विकासात्मक विविधता को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करे। ऐसी सुरक्षा परिषद जहां अफ्रीका, लैटिन अमेरिका तथा एशिया और प्रशांत के विशाल बहुमत सहित विकासशील देशों और गैर-प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों की आवाजों को इस मेज पर उचित स्थान मिले।

दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत ने इस बात पर जोर दिया कि सदस्यता की दोनों श्रेणियों में परिषद का विस्तार नितांत आवश्यक है। कंबोज ने कहा, यह परिषद की संरचना और निर्णय लेने की गतिशीलता को समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के अनुरूप लाने का एकमात्र तरीका है।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय अब महासभा में अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) की आड़ में छिप नहीं सकता है और न ही ऐसी प्रक्रिया में बयान जारी करके दिखावा जारी रख सकता है जिसमें कोई समय सीमा नहीं है, कोई पाठ नहीं है और प्राप्त करने के लिए कोई निर्धारित लक्ष्य नहीं है।

उन्होंने कहा, अगर देश वास्तव में परिषद को अधिक जवाबदेह और अधिक विश्वसनीय बनाने में रुचि रखते हैं, तो हम उनसे खुलकर सामने आने और संयुक्त राष्ट्र में एकमात्र स्थापित प्रक्रिया के माध्यम से समयबद्ध तरीके से इस सुधार के लिए एक स्पष्ट मार्ग का समर्थन करने का आह्वान करते हैं, जो इस पाठ के आधार पर बातचीत में शामिल होने से संबंधित है, न कि एक-दूसरे पर बोलना या एक-दूसरे को अतीत की बातें बताते रहने के माध्यम से होना चाहिए, जैसा कि हमने पिछले तीन दशकों से देख रहे हैं। कंबोज ने रेखांकित किया कि जैसे-जैसे अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरे बढ़ रहे हैं, उसे देखते हुए इस परिषद में सुधार होना चाहिए। उन्होंने कहा, हम इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर प्रगति को अवरुद्ध करने वालों से वास्तविक सुधार की मांग पर ध्यान देने और इस परिषद को 21वीं सदी के उद्देश्य के लिए वास्तव में उपयुक्त बनाने में योगदान देने की अपील करते हैं। कंबोज ने कहा कि केवल सुरक्षा परिषद के कामकाज के तरीकों को ठीक करना कभी भी इसके मूलभूत दोष, इसके प्रतिनिधि चरित्र की कमी को दूर करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। उन्होंने कहा, ग्लोबल साउथ के सदस्य देशों को परिषद के निर्णय लेने में आवाज उठाने और भूमिका से वंचित करना केवल परिषद की विश्वसनीयता को कम करता है। 1960 के दशक में पनपा ग्लोबल साउथ शब्द आम तौर पर लैटिन अमेरिका, एशिया, अफ्रीका और ओशिनिया के क्षेत्रों के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Dishita Sehrawat, D/o Shri Pradeep Sehrawat, Resident of House No. 79, Pochanur Village, South West Delhi, Delhi-110075 hereby declare that I shall be known and addressed as Dishita Sehrawat for all purpose.
PD(153)C

SC AGROTECH LIMITED
(FORMERLY KNOWN AS SHEEL INTERNATIONAL LIMITED)
CIN: L01122DL1990PLC042207
Regd Address: RZ-1484/28, Ground Floor, Tughlakabad Ext. New Delhi-110019

NOTICE OF 33rd ANNUAL GENERAL MEETING
E-VOTING INFORMATION AND BOOK CLOSURE

1.Notice is hereby given that the 33rd Annual General Meeting ("AGM") of SC AGROTECH LIMITED ("the Company") will be held on Saturday30th September 2023 at 11:00 A.M at the registered office of the company to transact the business that will be set forth in the Notice meeting.

2.The aforesaid Notice and the Annual report of the Companyfor the year ended 31st March 2023 will be sent in electronic mode to allthe members whose e-mail ids are registered with the Company/Depository participants. The notice of the AGM and the Annual report will also be available and can be downloaded from the website of the Company i.e.,www.scagrotech.in and on website of the Bombay Stock Exchange i.e.www.bseindia.com.
In this regard, the Members are hereby further notified that:
a)The Company has completed the dispatch of Notice of 33rdAGM along with the Annual Report 2022-23.
b)The shareholders who have not registered their email addresses with the company or depositories need to follow the following process for obtaining login credentials for remote e-voting and e-voting during AGM.
c)The Company is pleased to provide all its members (holding shares both in physical and in electronic form) the facility to exercise their vote through remote e-voting to be provided by CDSL. Members of the company holding shares in physical or dematerialized form as on the cut-off date i.e.23rd September2023may cast their vote through remote e-voting. The remote e-voting shall commence on 25th September 2023(10:00 A.M) and end on 29th September 2023 at 5.00 P.M.
d) The shareholders who have not registered their email address with their email addresses with the company or depositories need to follow the following process for obtaining login credentials for remote e-voting and e-voting during AGM.
(I) For physical shareholders- please provide necessary details like folio no. name of shareholders, scanned copy of the share certificate (front and back), pancard (self-attested), Aadhar card (Self attested) by email to company (sheel102@gmail.com) / RTA (info@skylinerta.com).
(II) For demat shareholders please provide Demat account details (CDSL-16 digit beneficiary ID) or NSDL 16 digit (DPID+CLID), Name, client master or copy of Consolidated Account statement, Pan card (self-attested), Aadharcard (Self attested) to (sheel102@gmail.com) / RTA (info@skylinerta.com).
3) Pursuant to section 91 of the Companies Act, 2013 and regulation 42 of the SEBI (LODR) Regulation 2015, the register of members and share transfer books of the company shall remain closed from 23rd September 2023 to 30thSeptember 2023(both day inclusive) for the AGM to be held on 30thSeptember 2023.
4) Only those members who have registered themselves as a speaker by mail at sheel102@gmail.com before 7 days of AGM will be allowed to express their views/ ask questions during the AGM.
5) Any person who acquires shares of the company and becomes member of the company after dispatch of the notice and holding shares as of the cut off date i.e 23RDSeptember 2023. May obtain the login ID and password by sending a request at htttp://www.evoting@cdslindia.com .
6) For the process and manner of remote e-voting, members may go through the remote e-voting instructions sent via email to the members whose e-mail IDS are registered with the company/ Depository participant and physical copy sent to the other members or visit CDSL website https://evotingcdslindia.com
7) If you have any queries or issues regarding attending AGM & E-voting from the e-voting system, you may refer the FAQ and e-voting manual available at www. evotingindia.com, under help section or write an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or contact 1800-1020-990 at evoting@nsdl.com

Date :06.09.2023
New Delhi
FOR SC AGROTECH LIMITED
Sd/-
Sh. Amit Kumar
Company Secretary& Compliance officer

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 7 सितम्बर 2023

हरित हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन, मप्र होगा अग्रणी उत्पादक

भाषा। खंडवा (मप्र)

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन बताते हुए बुधवार को कहा कि कृषि उत्पादन की तरह ही मध्य प्रदेश हरित हाइड्रोजन उत्पादन में भी देश का अग्रणी राज्य बनकर उभरेगा। गडकरी ने मध्य प्रदेश के खंडवा से भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने से पहले आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अगुवाई में मध्य प्रदेश कृषि उत्पादन में लगातार सात बार शीर्ष पर रहा है। उन्होंने कहा, एक समय मध्य प्रदेश की चर्चा बीमारू राज्य के रूप में होती थी लेकिन आज इसकी गिनती विकसित प्रदेश के रूप में होती है। शिवराज के नेतृत्व में मध्य प्रदेश ने कृषि उत्पादन बढ़ाया और देश में अव्वल स्थान प्राप्त किया।

गडकरी ने कहा, किसानों को उचित दाम मिलने में आ रही मुश्किलों को देखते हुए सरकार ने तय किया कि किसान अब केवल अन्नदाता ही नहीं, ऊर्जादाता भी बने। हमारा यह संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब देश में टुकड़ा चावल, मक्का, ज्वार और गन्ने के रस से एथनॉल बनाया जा रहा है जिसका इस्तेमाल ईंधन के रूप में हो रहा है। स्पाइसजेट और विस्तार एयरलाइंस के विमानों में ईंधन के रूप में एथनॉल का उपयोग हो रहा है। इसी तरह पूरी तरह बायो-एथनॉल से चलने वाले स्कूटर भी आ रहे हैं।

उन्होंने कहा, देश में पेट्रोल एवं डीजल के आयात पर 16 लाख करोड़ रुपए का खर्च होता है। ईंधन के रूप में बायो-एथनॉल के उपयोग से यह पैसा किसानों की जेब में जाएगा और वे देश में बड़े पैमाने पर हरित ईंधन का उत्पादन करेंगे। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री चौहान ने ऊर्जा के क्षेत्र में बहुत बड़ा काम किया है। मध्य प्रदेश देश में बड़े पैमाने पर तापीय, जल, पवन और सौर ऊर्जा का उत्पादन कर रहा है। पानी से हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए सौर ऊर्जा संयंत्र के पास एक इलेक्ट्रोलाइजर स्थापित किया जा सकता है। मुझे विश्वास है कि मध्य प्रदेश कृषि की तरह देश में हरित हाइड्रोजन उत्पन्न करने वाला अग्रणी राज्य होगा। हरित हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है। उन्होंने यह भी कहा कि अब किसान न केवल अन्न दाता (खाद्यान्न उत्पादक) बने रहेंगे, बल्कि बड़े पैमाने पर ऊर्जा दाता (ऊर्जा उत्पादक) भी बनेंगे। उन्होंने कहा, देश में ईंधन आयात पर खर्च होने वाले 16 लाख करोड़ रुपए किसानों के पास जाएंगे क्योंकि वे देश में बड़े पैमाने पर हरित ईंधन का उत्पादन करेंगे।

गडकरी ने कहा कि वह खुद हाइड्रोजन से चलने वाली कार का उपयोग कर रहे हैं और भविष्य में कोयले और तेल की जगह उद्योगों एवं वाहन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर इसका उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा, मध्य प्रदेश के विकास का श्रेय यदि किसी को है तो वह हमारे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को है। अभी तक जो विकास हुआ वह तो ट्रेलर था, असली फिल्म शुरू होनी बाकी है।

उन्होंने कहा कि गांवों का विकास भी स्मार्ट शहरों की तर्ज पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 24 घंटे बिजली, अच्छी सड़क एवं पेयजल की सुविधाएं देशवासियों को मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि यह जन आशीर्वाद यात्रा मध्य प्रदेश का भविष्य बदलने और किसानों को समृद्ध बनाने के लिए जनता का आशीर्वाद लेने आई है। गडकरी ने कहा कि मध्य प्रदेश को समृद्ध और स्वर्णिम बनाने के लिए लोग अपना आशीर्वाद भाजपा को दें।

पटना में जन्माअष्टमी के अवसर पर भगवान कृष्ण की वेशभूषा में स्कूली बच्चे।

पैकेट में एक बिस्कुट कम, आईटीसी को ग्राहक को मुआवजा देना होगा

भाषा। तिरुवल्लुर (तमिलनाडु)

यहां के जिला उपभोक्ता मंच ने आईटीसी लिमिटेड खाद्य प्रभाग को अनुचित व्यापार व्यवहार के लिए एक उपभोक्ता को एक लाख रुपए का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। उपभोक्ता ने यह शिकायत की थी कि कंपनी के बिस्कुट ब्रांड सनफीस्ट मेरी के लाइट के पैकेट में उसे एक बिस्कुट कम मिला था। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम ने अपने हालिया आदेश में कंपनी को बैच संख्या 0502सी36 में विवादित बिस्कुट सनफीस्ट मेरी लाइट की बिक्री बंद करने का भी निर्देश दिया। मंच ने कंपनी की इस दलील को खारिज कर दिया कि बिस्कुट के वजन के संबंध में दी गई चुनौती लागू नहीं होगी।

शिकायतकर्ता चेन्नई के पी. दिलीबाबू ने आरोप लगाया कि पैकेट पर इस बात का उल्लेख था कि इसमें 16 बिस्कुट हैं। हालांकि, इसमें एक बिस्कुट कम निकला।

आदेश में कहा गया है, पहले (कंपनी के वकील ने यह तर्क दिया कि उत्पाद केवल वजन के आधार पर बेचा गया था, न कि बिस्कुट की संख्या के आधार पर। ऐसे तर्कों को स्वीकार नहीं किया जा सकता क्योंकि रैपर स्पष्ट रूप से खरीदारों को जानकारी प्रदान करता है।

उपभोक्ताओं को केवल बिस्कुट की संख्या के आधार पर उत्पाद खरीदना होगा। मौजूदा मामले में सबसे बड़ा आरोप बिस्कुट की कम संख्या को लेकर ही है। इसके बाद उपभोक्ता फोरम ने निर्देश दिया कि कंपनी दिलीबाबू को मुआवजे के रूप में एक लाख रुपए और मुकदमा खर्च के लिए 10,000 रुपए का भुगतान करे।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने भाजपा को बताया नीच

- **लोगों से लोकसभा चुनाव में उसे वोट न देने को कहा**

भाषा। मधुगिरि (कर्नाटक)

केंद्र सरकार पर गरीब विरोधी और पूंजीपतियों का समर्थक होने का आरोप लगाते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को लोगों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि अगले साल लोकसभा चुनाव में एक भी वोट भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को न मिल सके। उन्होंने भाजपा को नीच बताते हुए कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी मानवता विरोधी है, क्योंकि उसने राज्य सरकार की अन्न भाग्य योजना के तहत प्रत्एक लाभार्थी को अतिरिक्त पांच किलोग्राम चावल की आपूर्ति करने के लिए कर्नाटक को चावल उपलब्ध कराने से इनकार कर दिया।

उन्होंने कहा, जब मैं अपने पिछले कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री था, तो मैं सात किलोग्राम चावल मुफ्त दे रहा था, लेकिन पिछली भाजपा सरकार ने इसे घटाकर चार किलोग्राम और पांच किलोग्राम कर दिया। विधानसभा चुनाव के दौरान मैंने वादा किया था कि हम पांच किलोग्राम अतिरिक्त अनाज देंगे।

सिद्धरमैया ने तुमकुरु जिले के मधुगिरि में क्षीर भाग्य योजना (जिसके तहत सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के छात्रों को सप्ताह में पांच दिन दूध दिया जाता है) के 10 साल पूरे होने के मौके पर कहा कि जब कांग्रेस सरकार सत्ता में आई, तो उसने अन्न भाग्य योजना के लिए चावल की आपूर्ति करने के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि एफसीआई ने भी राज्य सरकार को चावल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

उन्होंने कहा, हमें उन पर (एफसीआई) पर भरोसा है लेकिन केंद्र सरकार ने हमें चावल देने से इनकार कर दिया। क्या भाजपा गरीबों की समर्थक है? वह नहीं हैं। हमने मुफ्त में चावल नहीं मांगा। हम इसके लिए भुगतान करने को तैयार थे। जब हमने चावल मांगा तो वे तैयार हो गए और फिर मुकर गए। आपको तय करना होगा कि वे कितने नीच हैं। वे गरीब विरोधी हैं। उनमें मानवता नहीं है।

केंद्र द्वारा कर्नाटक को चावल की आपूर्ति करने से पीछे हटने का कारण बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि यदि गरीब लोगों को मुफ्त चावल दिया गया, तो वे राज्य दिवालिया हो जाएंगे। हमने उनसे कहा कि हम पांच गारंटी लागू करेंगे और हम राज्य को दिवालिया नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में पांच चुनावी गारंटी में से चार को लागू कर दिया गया है।

इन गारंटी में शक्ति जिसके तहत महिलाएं सरकारी बसों में मुफ्त बस यात्रा कर सकती है, गृह लक्ष्मी के तहत परिवार की महिला मुखिया को 2,000 रुपए की राशि प्रदान की जाती है। गृह ज्योति में प्रत्एक घर को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाती है जबकि अन्न भाग्य के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले (बीपीएल) परिवारों को 10 किलो चावल दिया जा रहा है।

तमिलनाडु के मंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे के खिलाफ रामपुर में मुकदमा

रामपुर। सनातन धर्म को लेकर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि और कथित रूप से उनका समर्थन करने वाले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियंक खरगे के खिलाफ रामपुर में मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि अधिवक्ता हर्ष गुप्ता और राम सिंह लोधी ने रामपुर की सिविल लाइंस कोतवाली में मंगलवार शाम यह मुकदमा दर्ज कराया। मुकदमे में उदयनिधि और प्रियंक पर धार्मिक भावनाएं भड़काने और समाज में द्वेष फैलाने का आरोप लगाया गया है। मुकदमा दर्ज करवाने वाले अधिवक्ता हर्ष गुप्ता ने बताया कि चार सितंबर को अखबारों में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से करते हुए उसे खत्म किए जाने की जरूरत बताए जाने संबंधी एक समाचार प्रकाशित हुआ था।

गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियंक खरगे ने उदयनिधि के इस बयान का समर्थन किया था, जिससे संबंधित खबर भी एक राष्ट्रीय हिंदी दैनिक में छपी थी। अधिवक्ता ने कहा कि इससे उसकी भावनाएं आहत हुई हैं, जिसके चलते उसने मुकदमा दर्ज कराया है। तमिलनाडु के युवा कल्याण एवं खेल मंत्री उदयनिधि ने दो सितंबर को चेन्नई में आयोजित एक कार्यक्रम में सनातन धर्म को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस संक्रमण, डेंगू और मलेरिया से करते हुए इसे खत्म किए जाने की वकालत की थी। उदयनिधि ने कहा था, सनातन धर्म लोगों को धर्म और जाति के आधार पर विभाजित करता है। सनातन धर्म का समूल नाश दरअसल मानवता और समानता को बनाए रखने के हित में होगा। उनकी इस टिप्पणी की तीखी आलोचना हुई थी। भाजपा ने कांग्रेस से इस बयान की निंदा करने की मांग की है।

हर किसी को भारत नाम के इस्तेमाल का समर्थन करना चाहिएः बीजद

भुवनेश्वर। बीजू जनता दल (बीजद) के वरिष्ठ विधायक अमर प्रसाद सत्पथी ने बुधवार को कहा देश का नाम इंडिया के बजाय सिर्फ भारत रहने देने के प्रस्ताव पर राजनीति नहीं होनी चाहिए और हर किसी को इसका समर्थन करना चाहिए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तरफ से भेजे गए जी20 रात्रिभोज के निमंत्रण में उनका पद प्रेजिडेंट ऑफ भारत लिखे जाने पर उपजे विवाद के बीच सत्पथी ने यह बयान दिया है। विपक्षी दलों ने मंगलवार को आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश के नाम से इंडिया हटाकर सिर्फ भारत को बनाए रखने की योजना बना रही है। सत्पथी ने कहा, समय के साथ कई चीजें बदल जाती हैं। पिछले कुछ वर्षों में कई जगहों के नाम बदले गए हैं। उड़ीसा का नाम बदलकर ओडिशा कर दिया गया। बेंगलोर और मद्रास के नाम भी बदले गए। उन्होंने कहा, यहां तक कि कांग्रेस के एक सदस्य ने भी इंडिया नाम बदलकर भारत करने के लिए एक गैर सरकारी विधेयक पेश किया था।

उत्तराखंड में नियुक्ति के लिए उप्र के पूर्व अधिकारी की याचिका खारिज

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश में मजिस्ट्रेट पद से बर्खास्त किए जाने के वर्षों बाद 2019 में पहाड़ी राज्य की न्यायिक सेवा परीक्षा में शीर्ष पर रहे उम्मीदवार की नियुक्ति को स्वीकृति देने से इनकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने सोमवार को उत्तराखंड में न्यायिक पद पर नियुक्ति की मांग करने वाली राहुल सिंह की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एक रिपोर्ट के आधार पर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी है। इस रिपोर्ट में बताया गया था कि उन्हें 2014 में नशे की हालत में अपने सहकर्मियों के साथ झगड़ा करने के कारण उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। उच्च न्यायालय ने कहा कि उन्होंने औरैया जिले में न्यायिक मजिस्ट्रेट के रूप में अपने पहले कार्यकाल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई थी, याचिका खारिज करने का एक आधार यह भी है। उत्तराखंड उच्च न्यायिक सेवा के लिए 2019 में आवेदन करते समय सिंह ने इस बात का खुलासा नहीं किया कि 2014 में उन्हें उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था।

सिंह उत्तराखंड उच्च न्यायिक सेवा की परीक्षा में शीर्ष पर रहे। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय से उनके बारे में जानकारी मांगी है। अनुशासनात्मक कार्यवाही के कारण सिंह को उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा से बर्खास्त किए जाने की जानकारी मिलने के बाद फरवरी 2020 में उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी थी। सिंह ने इसे चुनौती देने के लिए समीक्षा याचिका के साथ मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया। हालांकि, उच्च न्यायालय ने सिंह की विशेष अपील को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि न्यायिक अधिकारी होने के बावजूद उन्होंने क्लब में अपने साथियों के साथ दुर्व्यवहार किया था।

वेंकैया ने एक साथ चुनाव कराने और देश का नाम भारत करने का समर्थन किया

हैदराबाद। पूर्व उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने बुधवार को कहा कि देश में संसद और विधानसभाओं दोनों के चुनाव एक साथ कराने की जरूरत है क्योंकि बार-बार चुनाव से राष्ट्र की प्रगति बाधित होती है। एक साथ चुनाव कराने से राजकोष पर वित्तीय बोझ कम पड़ेगा। नायडू ने यहां अपने आवास पर मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि इंडिया की जगह भारत नाम का इस्तेमाल करने में कुछ गलत नहीं है क्योंकि देश प्राचीन समय से इस नाम से जाना जाता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि ऐसे विषयों पर विस्तार से और सार्थक बहस होनी चाहिए। निर्वाचन आयोग की सिफारिशों, विधि आयोग की सिफारिशों, संसदीय स्थाई समिति की सिफारिशों को देखते हुए मेरा व्यक्तिगत रूप से मानना है कि हमें एक राष्ट्र, एक चुनाव के सिद्धांत को अपनाना चाहिए। जन प्रतिनिधियों के एक दल से दूसरे में जाने की प्रवृत्ति पर नायडू ने कहा कि इस मुद्दे से निपटने के लिए दलबदल विरोधी कानून में संशोधन किए जाने चाहिए।

एनआईए ने उत्तर प्रदेश में भाकपा (माओवादी) की गतिविधियों को रोकने के लिए छापेमारी की

भाषा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने उत्तर प्रदेश में अपनी गतिविधियां फिर से शुरू करने संबंधी प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के प्रयासों को विफल करने के लिए राज्य में आठ स्थानों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एनआईए के प्रवक्ता ने बताया कि प्रयागराज, चंदौली, वाराणसी, देवरिया और आजमगढ़ जिलों में आरोपियों एवं संदिग्धों के परिसरों पर छापा मारा गया है। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान मोबाइल फोन, सिमकार्ड, लैपटॉप, पेनड्राइव , नक्सली साहित्य, किताबें , पर्चे, पॉकेट डायरी, शुल्क रसीद बुक और अन्य सामग्रियां जब्त की गई हैं।

प्रवक्ता ने कहा, जांच से इस बात का संकेत मिलता है कि भारत सरकार के खिलाफ लड़ाई छेड़ने के मकसद से कई अग्रिम संगठनों एवं छात्र शाखाओं को नए रंगरूटों को प्रेरित करने और उनकी भर्ती करने तथा भाकपा (माओवादी) की विचारधारा का प्रचार करने का जिम्मा सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि जांच में पाया गया कि हाल में गिरफ्तार भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति का सदस्य प्रमोद मिश्रा प्रदेश में इस वाम चरमपंथी संगठन को फिर से खड़ा करने के प्रयास के तहत कार्यकर्ताओं और संगठन के लिए काम करने वालों की अगुवाई कर रहा था।

पिछले महीने बिहार पुलिस ने रितेश विद्यार्थी के भाई रोहित विद्यार्थी को गिरफ्तार किया था। रितेश विद्यार्थी की पत्नी का नाम इस मामले की प्राथमिकी में दर्ज है। प्रवक्ता ने बताया कि रोहित विद्यार्थी से की गई पूछताछ के आधार पर राज्य पुलिस ने मिश्रा को गिरफ्तार किया जो भाकपा (माओवादी) के उत्तरी क्षेत्रीय ब्यूरो (एनआरबी) का प्रभारी भी है।

एनआईए ने कहा कि इन गिरफ्तारियों के बाद पुलिस ने हथियार एवं गोला बारूद जब्त किया तथा बंदूक बनाने की फैक्टरी का भंडाफोड़ किया था। प्रवक्ता ने बताया कि इस मामले के सिलसिले में एनआईए द्वारा पहले दर्ज की गई प्राथमिकी में मनीष आजाद, उसकी पत्नी अमिता शिरीन, रितेश विद्यार्थी तथा उसकी पत्नी सोनी आजाद, उनके सहयोगी विश्वविजय, उसकी पत्नी सीमा आजाद, कृपा शंकर, आकांक्षा आजाद और राजेश आजाद जैसे अहम आरोपी नामजद हैं जो फिर से भाकपा (माओवादी) को खड़ा करने की कोशिश के लिए काम कर रहे थे।

उदयनिधि के बयान की गांधी परिवार द्वारा निंदा न करना समर्थन के समान : जोशी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार को अगर वास्तव में सभी धर्मों के प्रति समान सम्मान में विश्वास है तो उन्हें द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन की सनातन धर्म पर की गई टिप्पणी की निंदा करनी चाहिए क्योंकि उनकी चुप्पी विवादास्पद टिप्पणियों का समर्थन करने के समान होगी। जोशी ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस नेता और कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने भी उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणियों का समर्थन किया है। उन्होंने सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से इन टिप्पणियों की निंदा किए जाने की मांग की। विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनमें अन्य धर्मों की आलोचना करने का साहस नहीं है, भले ही उनमें सदियों से बहुत कम सुधार दिखा है। जोशी ने हिंदू धर्म में सुधारों की ओर इशारा करते हुए कहा कि सनातन धर्म में कई चीजें बदल गई हैं।

धर्मांतरण रोकने के लिए कदम उठाने के निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को उस जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें केंद्र सरकार को देश में धोखे से किए जाने वाले धर्मांतरण को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सवाल किया, अदालत को इन सबमें क्यों पड़ना चाहिए? अदालत सरकार को परमादेश कैसे जारी कर सकती है। कर्नाटक के रहने वाले याचिकाकर्ता की तरफ से पेश अधिवक्ता जेरोम एंटो ने कहा कि हिंदुओं और नाबालिगों को निशाना बनाया जा रहा है तथा उनका धोखे से धर्मांतरण किया जा रहा है।

पीठ ने याचिका को खारिज करते हुए कहा, अगर कोई ताजा मामला है और किसी पर मुकदमा चल रहा है, तो हम उस पर विचार कर सकते हैं। उसने कहा, यह कैसी जनहित याचिका है? जनहित याचिका एक जरिया बन गई है और हर कोई इस तरह की याचिकाएं लेकर आ रहा है। यह दलील दिए जाने पर कि याचिकाकर्ता को इस तरह की शिकायत लेकर कहां जाना चाहिए, पीठ ने कहा, सलाह देना हमारा क्षेत्राधिकार नहीं है। (याचिका) खारिज की जाती है।

अधिवक्ता भारती त्यागी के माध्यम से दाखिल जनहित याचिका में केंद्र और सभी राज्यों को पक्षकार बनाया गया था और धर्मांतरण पर अंकुश लगाने के लिए शीर्ष अदालत से निर्देश जारी करने की मांग की गई थी। इसमें कहा गया था, धोखे से या डरा-धमकाकर और उपहार या आर्थिक लाभ का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराना संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा) और 25 (धर्म का पालन और प्रचार करने की स्वतंत्रता) का उल्लंघन है। याचिका में ऐसे धर्मांतरण पर लगाम लगाने के लिए केंद्र और राज्यों को कड़े कदम उठाने का निर्देश देने की अपील की गई थी। इसमें कहा गया था, वैकल्पिक रूप से, न्यायालय भारत के विधि आयोग को अनुच्छेद 14, 21 और 25 की भावना के अनुसार तीन महीने के भीतर धोखे से किए जाने वाले धर्मांतरण को रोकने के लिए एक रिपोर्ट और एक विधेयक तैयार करने का निर्देश दे सकता है।

नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकवादी ढेर

जम्मू। जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के समीप बुधवार को सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए भीषण मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया। एक रक्षा प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। यहां रक्षा जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने बताया कि एक आतंकवादी का शव बरामद किया गया है तथा युद्धक सामग्री भी मिली है। उन्होंने बताया कि दूसरे आतंकवादी का शव ढूंढ़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात में पुंछ के मांडी उपसेक्टर में दो आतंकवादी नियंत्रण रेखा पार कर भारतीय क्षेत्र की ओर बढ़ते हुए नजर आए जिसके बाद यह अभियान शुरू किया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने कहा, आतंकवादियों को तत्काल पकड़ने के लिए सेना और पुलिस ने संयुक्त अभियान शुरू किया। प्रतिकूल भौगोलिक स्थिति, घने जंगल आदि का इस्तेमाल कर आतंकवादियों ने काफी देर तक सुरक्षाबलों को उलझाए रखा। उन्होंने बताया कि बुधवार को दोनों आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि मांडी के सावजियान क्षेत्र में आधी रात के बाद आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठाकर बाड़ की ओर बढ़ते नजर आए। उन्होंने बताया कि जब सुरक्षाकर्मियों ने आतंकवादियों को ललकारा तो दोनों पक्षों के बीच भीषण मुठभेड़ छिड़ गई तथा और सुरक्षाकर्मियों को मौके पर भेजा गया लेकिन इस मुठभेड़ में सुरक्षाकर्मियों में कोई हताहत नहीं हुआ। दो दिन पहले भी नियंत्रण रेखा पर मुठभेड़ हुई थी और रियासी जिले के तुली इलाके के सुदूर गली सोहाब गांव में एक दुर्दांत आतंकवादी मारा गया था।

आप से गठबंधन पर राज्य इकाई की सहमति के बिना फैसला नहीं लेगा पार्टी आलाकमान : पंजाब कांग्रेस प्रमुख

चंडीगढ़/लुधियाना। पंजाब कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने बुधवार को कहा कि पार्टी की राज्य इकाई को भरोसा है कि आलाकमान उनकी सहमति के बिना 2024 के लोकसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) के साथ गठबंधन को लेकर कोई निर्णय नहीं लेगा। वहीं, आप नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि उनकी पार्टी अकेले चुनाव लड़ना व जीतना जानती है। पंजाब के एक कैबिनेट मंत्री के 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के साथ किसी भी चुनावी गठबंधन का विरोध किए जाने के बाद मान की यह टिप्पणी आई है। वडिंग ने दोहराया कि केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य इकाई को पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयारी करने को कहा है।

पंजाब कांग्रेस के नेताओं ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए राज्य में आप के साथ किसी भी तरह के गठबंधन के खिलाफ कड़ी आपत्ति जताई थी। राज्य इकाई के नेताओं ने वडिंग और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा से आलाकमान को भी इस बात से अवगत कराने के लिए कहा था कि आप से गठबंधन के मुद्दे पर नेताओं और कार्यकर्ताओं की राय अलग है।

पंजाब में गठबंधन के एक सवाल का जवाब देते हुए वडिंग ने बुधवार को कहा कि पार्टी आलाकमान ने राज्य इकाई को किसी भी गठबंधन या सीट बंटवारे के बारे में नहीं बताया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कांग्रेस पंजाब में मुख्य विपक्षी दल के रूप में लोगों से संबंधित मुद्दों को जोरदार ढंग से उठा रही है। वडिंग ने यहां संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, हमें (पार्टी आलाकमान द्वारा) 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयारी करने को कहा गया है।

यह पूछे जाने पर कि पार्टी आलाकमान पंजाब में गठबंधन करने का फैसला लेता है, वडिंग ने कहा, आलाकमान सर्वोच्च प्राधिकारी है। पार्टी आलाकमान जो कहेगा वही होगा। उन्होंने कहा, लेकिन हमें पूरा विश्वास है कि पार्टी आलाकमान हमारी सहमति के बिना कोई निर्णय नहीं लेगा। इसबीच मुख्यमंत्री मान ने लुधियाना से हिंडन की उड़ान सेवा शुरू करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के साथ गठबंधन पर कहा कि पंजाब में बड़ा जनादेश मिलने के बाद उनकी पार्टी लोगों के हित में फैसले ले रही है। आम आदमी पार्टी ने पंजाब में अकेले चुनाव लड़ा और 92 सीटें जीतीं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने दिल्ली में तीसरी बार सत्ता हासिल की और गुजरात में अकेले चुनाव लड़ा और 13 प्रतिशत मत हासिल किए।

मान ने कहा, हम अकेले चुनाव लड़ना भी जानते हैं और जीतना भी। हम सरकारें बनाना और चलाना भी जानते हैं। इससे पहले दिन में प्रदेश की पर्यटन मंत्री एवं आप नेता अनमोल गगन मान ने भी कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए उनकी पार्टी पंजाब में कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करेगी और राज्य की सभी 13 संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उधर, गगन मान ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर कई राजनीतिक दलों ने लोकतंत्र को बचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ हाथ मिलाया है, लेकिन यह स्पष्ट कर दिया कि पंजाब में कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। पंजाब कांग्रेस द्वारा आप के साथ किसी भी गठबंधन का विरोध करने के बाद आप नेता की ओर से यह पहली टिप्पणी आई है। आप और कांग्रेस दोनों इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का हिस्सा हैं, जो आम चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों का गठबंधन है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 7 सितंबर, 2023

पाकिस्तान की जीत में चमके राउफ और इमाम

भाषा। लाहौर

हारिस राउफ और नसीम शाह की तूफानी गेंदबाजी के बाद इमाम उल हक और मोहम्मद रिजवान के अर्धशतक से पाकिस्तान ने एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर चार चरण में बुधवार को यहां बांग्लादेश पर सात विकेट की आसान जीत दर्ज की।

बांग्लादेश के 194 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने इमाम (84 गेंद में 78 रन, पांच चौके, चार छक्के) और रिजवान (79 गेंद में नाबाद 63, सात चौके, एक छक्का) के अर्धशतक और दोनों के बीच तीसरे विकेट की 85 रन की साझेदारी की बदौलत 63 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 194 रन बनाकर जीत दर्ज की।

बांग्लादेश इससे पहले मुशफिकुर रहीम (87 गेंद में 64 रन, पांच चौके) और कप्तान शाकिब अल हसन (57 गेंद में 53 रन, सात चौके) के अर्धशतक और दोनों के बीच 100 रन की साझेदारी के बावजूद राउफ (19 रन पर चार विकेट) और नसीम (34 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 38.4 ओवर में 193 रन पर ही सिमट गया।

मुशफिकुर और शाकिब के अलावा बांग्लादेश का कोई बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। टीम ने अपने शुरुआती चार विकेट पहले पावर प्ले में ही 47 रन तक गंवा दिए थे जबकि 30 से 39 ओवर के बीच में टीम ने 47 रन जोड़कर छह विकेट गंवाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे पाकिस्तान को फखर जमां (20) और इमाम ने पहले विकेट के लिए 9.1 ओवर में 35 रन जोड़कर सतर्क शुरुआत दिलाई।

फखर ने तास्किन अहमद के पहले ही ओवर में दो चौकों के साथ शुरुआत की। पांचवें ओवर में जब टीम का स्कोर बिना विकेट खोए 15 रन था तब एक फ्लडलाइड के बंद होने के कारण लगभग 20 मिनट तक खेल रुका रहा। इमाम ने भी सातवें ओवर में तास्किन पर तीन चौकों के साथ तेवर दिखाए।

तास्किन के अलावा अन्य गेंदबाजों ने शुरुआती पावरप्ले में किफायती गेंदबाजी की। टीम को इसका फायदा फखर के विकेट के रूप में मिला जिन्हें शरीफुल इस्लाम ने पगबाधा किया।

कप्तान बाबर आजम ने 12वें ओवर में शरीफुल पर चौके और दो रन के साथ टीम का स्कोर 50 रन तक पहुंचाया। इमाम ने हसन महमूद की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का जड़ा लेकिन अगले ओवर में बाबर तास्किन की गेंद को विकेटों पर खेल गए। उन्होंने 17 रन बनाए। मोहम्मद रिजवान ने आते ही तीखे तेवर दिखाए। उन्होंने हसन महमूद के ओवर में छक्के से खाता खोला और फिर चौका भी जड़ा। रिजवान ने मेहदी हसन मिराज पर चौके के साथ 23वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। इमाम ने मेहदी हसन मिराज पर छक्के के साथ 61 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने इस ऑफ स्पिनर के ओवर में छक्का और चौका भी मारा लेकिन इसी ओवर में बोल्ड हो गए। रिजवान ने भी मेहदी हसन मिराज की गेंद पर एक रन के साथ 71 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने आगा सलमान (नाबाद 12) के साथ मिलकर 40वें ओवर में टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे पहले राउफ ने अपनी गति से बांग्लादेश के बल्लेबाजों को परेशान किया तो नसीम की स्विंग और सीम का विरोधी बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। बांग्लादेश ने दूसरे ही ओवर में पिछले मैच के शतकवीर मेहदी हसन मिराज (00) का विकेट गंवाया जिन्होंने नसीम की गेंद पर मिडविकेट पर फखर जमां को कैच थमाया। मोहम्मद नईम (20) और लिटन दास (16) ने कुछ आकर्षक शॉट खेलकर स्कोर 31 रन तक पहुंचाया। शाहीन शाह अफरीदी (42 रन पर एक विकेट) ने उछाल लेती गेंद पर लिटन को विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के हाथों कैच कराया। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने इसके बाद गेंद राउफ को थमाई जिनकी गेंद को पुल करने की कोशिश में नईम गेंदबाज को वापस कैच दे बैठे। तौहीद हृदय (02) को बोल्ड करके राउफ ने पाकिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 47 रन किया। शाकिब और मुशफिकुर की अनुभवी जोड़ी ने शीर्ष क्रम की नाकामी के बाद पारी को संभाला। दोनों ने शतकीय साझेदारी की और इस दौरान अर्धशतक भी पूरे किए। फहीम अशरफ (27 रन पर एक विकेट) ने शाकिब को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा जिसके बाद बांग्लादेश की पारी को सिमटने में अधिक समय नहीं लगा। टीम ने अंतिम पांच विकेट 19 रन पर गंवाए।

फ्लडलाइट के 20 मिनट तक बंद रहने से पीसीबी की किरकिरी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की बुधवार को किरकिरी हुई जब एक फ्लडलाइट के खराब होने के कारण मेजबान टीम और बांग्लादेश के बीच एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का सुपर चार चरण का मैच लगभग 20 मिनट तक रुका रहा। बांग्लादेश की टीम 38.4 ओवर में 193 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में जब पाकिस्तान ने पांच ओवर में बिना विकेट खोए 15 रन बना लिए थे तब गद्दाफी स्टेडियम के एक फ्लडलाइट टावर की बत्ती गुल हो गई। बत्ती गुल होने के असल कारण का पता नहीं पल पाया लेकिन लगभग 20 मिनट तक फ्लाडलाइट बंद रही। इस दौरान पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाजों इमाम उल हक और फखर जमां को अंपायरों से बात करते हुए देखा गया। फ्लाडलाइट दोबारा जलने पर खिलाड़ी मैदान पर पहुंचे और मुकाबले को आगे बढ़ाया। शुरुआती पांच ओवरों में बांग्लादेश के गेंदबाज अच्छी में दिखे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शरीफुल इस्लाम ने बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। बत्ती गुल होने से बांग्लादेश के गेंदबाजों की लय प्रभावित हुई। पीसीबी के किसी अधिकारी ने अब तक बत्ती गुल होने का कारण स्पष्ट नहीं किया है।

रोहन बोपन्ना-मैथ्यू एबडेन की जोड़ी अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल में

भाषा। न्यूयॉर्क

भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ने पहले सेट में सात सेट प्वाइंट बचाते हुए नाथनिएल लैमोंस और जैकसन विथ्रो को हराकर अमेरिकी ओपन पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। उन्होंने अमेरिकी जोड़ी को 7 - 6, 6-1 से हराया।

बोपन्ना और एबडेन विम्बलडन सेमीफाइनल में वेसले कूलहोफ और नील स्कूपस्की से हार गए थे। 43 वर्ष के बोपन्ना के पास अपने कैरियर में दूसरी बार ग्रैंडस्लैम पुरूष युगल फाइनल में जगह बनाने का मौका है।

वह 2010 में अमेरिकी ओपन फाइनल में पहुंचे थे। अब उनका सामना फ्रांस के पियरे हुगुएस हर्बर्ट और निकोलस माहुत से होगा जिन्होंने अमेरिका के रॉबर्ट गालोवे और अलबानो ओलिवेट्टी को हराया। बोपन्ना मिश्रित युगल से दूसरे दौर में ही बाहर हो चुके हैं।

क्रिकेट विश्वकप प्रश्नोत्तरी किताब का विमोचन

नई दिल्ली। पिछले 12 वनडे विश्वकप से जुड़े तमाम प्रश्न और जवाब से संबंधित पुस्तक क्रिकेट विश्व कप प्रश्नोत्तरी का बुधवार को यहां विमोचन किया गया। इस पुस्तक में 1975 से लेकर 2019 तक के वनडे विश्वकप से जुड़े कई रोचक सवाल और उनके जवाब दिए गए हैं। इस पुस्तक के लेखक हिंदी के मशहूर क्रिकेट लेखक और आंकड़ेबाज विकास लूथरा हैं जो 90 के दशक में क्रिकेट वर्ल्ड नामक पत्रिका का संपादन किया करते थे। वह क्रिकेट के आंकड़ेबाजों और इतिहासकारों से जुड़ी संस्था के सदस्य भी हैं। यह पुस्तक 382 पेज की है और मशहूर नोशन प्रेस ने इसका प्रकाशन किया है। पुस्तक नोशन प्रेस बुक स्टोर, अमेजॉन और फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध है।

इस तरह के विकेट पर बहुत खराब बल्लेबाजी की : शाकिब

भाषा। लाहौर

बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर चार चरण के मुकाबले में बुधवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ सात विकेट की एकतरफा हार का दोष बल्लेबाजों पर मढ़ते हुए कहा कि इस तरह के विकेट पर उन्होंने बहुत खराब बल्लेबाजी की।

बांग्लादेश के 194 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने इमाम उल हक (84 गेंद में 78 रन, पांच चौके, चार छक्के) और मोहम्मद रिजवान (79 गेंद में नाबाद 63, सात चौके, एक छक्का) के अर्धशतक और दोनों के बीच तीसरे विकेट की 85 रन की साझेदारी की बदौलत 63 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 194 रन बनाकर जीत दर्ज की।

बांग्लादेश इससे पहले मुशफिकुर रहीम (87 गेंद में 64 रन, पांच चौके) और कप्तान शाकिब अल हसन (57 गेंद में 53 रन, सात चौके) के अर्धशतक और दोनों के बीच 100 रन की साझेदारी के बावजूद हारिस राउफ (19 रन पर चार विकेट) और नसीम शाह (34 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 38.4 ओवर में 193 रन पर ही सिमट गया।

शाकिब ने मैच के बाद कहा, इस तरह के विकेट पर बहुत खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन लेकिन हमें अगले मुकाबले पर ध्यान देना होगा। वे नंबर एक टीम हैं और इसका कारण यही है। उनके पास तीन विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं जो उनके लिए चीजें आसान बना रहे हैं। हम गेंदबाजी विभाग में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन बल्लेबाजी उम्मीद के मुताबिक नहीं है। हमें और अधिक निरंतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमारे तीन तेज गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की। पाकिस्तान की तरह हमारे तेज गेंदबाज पिछले कुछ वर्षों में बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। लेकिन दुर्भाग्य से इस तरह की पिच पर आप तब तक विकेट नहीं पा सकते जब तक कि बल्लेबाज गलतियां नहीं करें। शाकिब ने कहा कि उनके बल्लेबाजों ने साधारण शॉट खेलकर शुरुआत में ही काफी विकेट गंवा दिए। उन्होंने कहा, हमने शुरुआत में जल्दी विकेट खो दिए और हमने कुछ सामान्य शॉट खेले। इस तरह के विकेट पर हमें शुरुआती दस ओवर में चार विकेट नहीं गंवाने चाहिए लेकिन ऐसा होता है। हमारी साझेदारी अच्छी थी, हमें सात या आठ ओवर और बल्लेबाजी करने की जरूरत थी।

श्रीलंका में खेलने के संदर्भ में उन्होंने कहा, जब मैं एलपीएल (लंका प्रीमियर लीग) में खेला था तो पिचें थोड़ी धीमी थीं, विकेट पर असमान उछाल था और इससे हमें मदद मिलेगी। उम्मीद है कि हम कोलंबो में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने जीत का श्रेय पूरी टीम को दिया।

बाबर ने कहा, सभी खिलाड़ियों को श्रेय, विशेषकर शुरुआती दस ओवरों को। वे पहले दस ओवरों में अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और फिर हारिस राउफ भी वास्तव में अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। तेज गेंदबाजों को थोड़ी मदद मिल रही थी और फहीम (अशरफ) ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की। जीतना हमेशा आपको आत्मविश्वास देता है। टीम पर दबाव के संदर्भ में उन्होंने कहा, मुझे ऐसा नहीं लगता। हम हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं।

क्या विश्वकप के बाद भी भारतीय टीम के कोच बने रहेंगे राहुल द्रविड़

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का दो साल का अनुबंध वनडे विश्वकप के बाद समाप्त हो जाएगा और अगर भारत इसे जीतने में सफल रहता है तो यह देखना दिलचस्प होगा कि द्रविड़ को आगे भी इस पद पर बनाए रखा जाएगा या नहीं। भारत यदि खिताबी मुकाबले में नहीं पहुंच पाता है तो इसकी गाज द्रविड़ पर गिर सकती है क्योंकि टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने को बड़ी उपलब्धि नहीं माना जाएगा।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ऐसे में नए कोच की तलाश कर सकता है। यह देखना भी दिलचस्प है कि अगर बीसीसीआई द्रविड़ के सामने नया अनुबंध पेश करता है तो क्या वह इसके इच्छुक होंगे या नहीं।

क्रिकेट पंडितों का मानना है कि अगर द्रविड़ कोच पद पर बने रहने के इच्छुक होते हैं तो उन्हें दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखलाओं के लिए इस पद पर बनाए

रखना चाहिए। विश्वकप के अगले चक्र से पहले टेस्ट और सीमित ओवरों के प्रारूपों के लिए अलग-अलग कोच रखने में कोई बुराई नहीं है जैसा कि अभी इंग्लैंड कर रहा है। द्रविड़ की जगह कोच पद के लिए आशीष नेहरा अच्छी पसंद हो सकते हैं क्योंकि आईपीएल में वह काफी सफल रहे हैं लेकिन इस पूर्व तेज गेंदबाज के करीबियों के अनुसार उनकी राष्ट्रीय टीम का कोच बनने में दिलचस्पी नहीं है क्योंकि गुजरात टाइटंस के साथ उनका अनुबंध 2025 के सत्र तक है। बीसीसीआई के एक पूर्व पदाधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, अगर भारत विश्वकप जीत जाता है तो द्रविड़ हो सकता है एक बड़े खिताब के साथ अपने कार्यकाल का अंत करना पसंद करें। लेकिन अगर आप मुझसे पूछ रहे हो तो मेरा मानना है कि विश्वकप के बाद बीसीसीआई को सभी प्रारूपों के लिए अलग-अलग कोच रखने चाहिए। उन्हें द्रविड़ को टेस्ट टीम का कोच बने रहने के लिए कहना चाहिए। द्रविड़ को रवि शास्त्री की जगह मुख्य कोच नियुक्त किया गया था लेकिन वह सीमित ओवरों की क्रिकेट में ऐसी कोई खास छाप नहीं छोड़ पाए जिससे कि यह कहा जा सके कि वह चतुर रणनीतिकार हैं।

विश्वकप के लगभग चार लाख टिकट बिक्री के लिए जारी करेगा बीसीसीआई

नई दिल्ली। विश्व कप मुकाबलों के टिकटों की भारी मांग को देखते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट के लगभग चार लाख टिकट जारी करेगा। बीसीसीआई द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि इन चार लाख टिकटों में भारत के मैचों के कितने प्रतिशत टिकट होंगे।

अधिक से अधिक प्रशंसकों तक टिकटों की पहुंच बनाने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। विज्ञप्ति में कहा गया, दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमी अब साल की सबसे बड़ी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह पक्की कर सकते हैं। इसके अनुसार, आठ सितंबर 2023 को भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से सभी मैचों के टिकटों की बिक्री शुरू होगी। प्रशंसक आधिकारिक वेबसाइट एचटीटीपीएस: टिकट्स. क्रिकेटवर्ल्डकप.कॉम पर जाकर टिकट खरीद सकते हैं। समय आने पर प्रशंसकों को टिकटों की बिक्री के अगले चरण की जानकारी दी जाएगी।

पाक की मेहमान नवाजी से गदगद हुए बिन्नी और शुक्ला

भाषा। अमृतसर

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रोजर बिन्नी पाकिस्तान के अपने दौरे के दौरान उनकी मेहमान नवाजी से गदगद हैं जबकि बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला का मानना है कि क्रिकेट दोनों देशों के संबंधों को सुधारने में सेतु का काम कर सकता है।

बिन्नी और शुक्ला पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के निमंत्रण पर वहां एशिया कप के मैच देखने के लिए गए थे। बीसीसीआई के दोनों पदाधिकारी बुधवार को अटारी वाघा बॉर्डर से स्वदेश लौटे। यह पिछले 17 वर्षों में पहला मौका था जबकि बीसीसीआई के अधिकारियों ने पाकिस्तान का दौरा किया। वे सोमवार को पाकिस्तान पहुंचे थे।

बिन्नी ने स्वदेश लौटने पर पीटीआई से कहा, पाकिस्तान में वहां के पदाधिकारियों के साथ हमारी मुलाकात बहुत अच्छी रही। हमारी वहां अच्छी तरह से खातिरदारी की गई। उन्होंने हमारा अच्छी तरह से ध्यान रखा। हमारा मुख्य एजेंडा क्रिकेट मैच देखना और उनके साथ बातचीत करना था। कुल मिलाकर यह दौरा शानदार रहा।

भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव के कारण द्विपक्षीय श्रृंखलाएं नहीं होती हैं और दोनों देश आईसीसी या फिर एशियाई क्रिकेट परिषद की प्रतियोगिताओं में ही एक दूसरे का सामना करते हैं।

भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय श्रृंखलाएं शुरू होने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर बिन्नी ने कहा कि वे इस पर फैसला नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा, बीसीसीआई इस पर फैसला नहीं कर सकता। यह सरकार से जुड़ा मसला है और उन्हें इस पर फैसला करना होगा। उम्मीद है ऐसा होगा क्योंकि वनडे विश्वकप होने वाला है और पाकिस्तान की टीम भारत में मैच खेलेगी।

शुक्ला ने भी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की मेहमान नवाजी की तारीफ की और कहा कि क्रिकेट दोनों देश के संबंधों को सुधारने में अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा, हमारी मुलाकात बहुत अच्छी रही। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने हमारा अच्छी तरह से ख्याल रखा। सुरक्षा काफी कड़ी थी और सारी व्यवस्थाएं शानदार थी। यह क्रिकेट के लिए सद्भावना दौरा था जो शानदार रहा। शुक्ला ने कहा, क्रिकेट पहले भी महत्वपूर्ण माध्यम था। उदाहरण के लिए 2004 के दौरे को ही लीजिए जब बहुत अच्छा माहौल बन गया था।

भारतीय पिचों पर तीन स्पिनरों के साथ नहीं उतरा जा सकता: मुरलीधरन

मुंबई। श्रीलंका के पूर्व स्पिनर मुथैया मुरलीधरन का मानना है कि आगामी विश्वकप में भारत की अंतिम एकादश में दो स्पिनरों को रखना पर्याप्त होगा तथा वह जबरदस्ती तीसरे विशेषज्ञ स्पिनर को रखने के सख्त खिलाफ हैं। भारत ने विश्व कप की टीम में बाएं हाथ के तीन स्पिनरों रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को रखा है। मुरलीधरन ने पीटीआई से कहा, केवल विविधता की खातिर आप तीन स्पिनरों को नहीं खिला सकते हैं। आप केवल दो स्पिनरों को ही उतार सकते हैं। जडेजा ऑलराउंडर के रूप में खेलेगा और उनके साथ एक अन्य स्पिनर को रखा जाएगा।

टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक 800 विकेट लेने वाले मुरलीधरन का मानना है कि जडेजा और कुलदीप को अंतिम एकादश में रखना आदर्श संयोजन होगा। उन्होंने कहा, आपको यह देखना होगा कि सही संयोजन क्या है। अगर वे जडेजा और कुलदीप के साथ खेलते हैं तो यह अच्छा संयोजन होगा। युज़वेंद्र चहल को टीम में नहीं रखने पर काफी चर्चा हो रही है लेकिन मुरलीधरन ने इसे सही फैसला करार दिया क्योंकि कुलदीप और अक्षर पटेल अच्छी लय में हैं। उन्होंने कहा, मुझे रविचंद्रन अश्विन और चहल की वर्तमान फॉर्म के बारे में पता नहीं है। टी20 की फॉर्म से आकलन नहीं करो क्योंकि टी20 और वनडे दो भिन्न प्रारूप हैं। आपको यह भी देखना होगा कि कुलदीप और अक्षर ने चहल की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है।

गिल और ईशान किशन वनडे में करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर

भाषा। दुबई

शुभमन गिल और ईशान किशन ने मौजूदा एशिया कप में शानदार प्रदर्शन के बूते पर बुधवार को जारी आईसीसी वनडे रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की। गिल ने नेपाल के खिलाफ सोमवार को नाबाद

67 रन की पारी खेली थी जिसके दम पर वह 750 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी तरफ किशन ने 12 पायदान की लंबी छलांग लगाकर 624 रेटिंग अंकों के साथ 24वां स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 82 रन की शानदार पारी खेली थी। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम 882 अंकों के साथ बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। गेंदबाजों में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज 652 रेटिंग अंकों के साथ आठवें स्थान पर हैं। वह भारत के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले गेंदबाज हैं। उनके बाद कुलदीप यादव 12वें और जसप्रीत बुमराह 35वें स्थान पर हैं। गेंदबाजों की सूची में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड शीर्ष पर काबिज हैं। ऑलराउंडरों की सूची में हार्दिक पंड्या शीर्ष 20 में शामिल अकेले भारतीय क्रिकेटर हैं। वह 220 रेटिंग अंकों के साथ दसवें स्थान पर हैं। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन इस सूची में शीर्ष पर काबिज हैं।

छेत्री की गैरमौजूदगी में भारत के सामने इराक की कड़ी चुनौती

किंग्स कप:

भाषा। चिआंग मई (थाईलैंड)

भारत दो महीने के बाद गुरुवार को चार टीम के किंग्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में जब अपने से बेहतर रैंकिंग वाले इराक से भिड़ेगा तो उसे अपने करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री की कमी खलेगी।

इंटरकॉन्टिनेंटल कप और सैफ चैंपियनशिप में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले छेत्री ने अपने बेटे के जन्म के बाद पत्नी के साथ समय बिताने के लिए ब्रेक लिया है। मार्च में इम्फाल में तीन देशों के टूर्नामेंट सहित खिताबी हैट्रिक के बाद इगोर स्टिमक की टीम इस टूर्नामेंट में उतर रही है।

फीफा रैंकिंग में भारत से 29 स्थान बेहतर इराक ने हाल में अरेबियन गल्फ कप का खिताब जीता और वह चार देशों के टूर्नामेंट में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। दो राउंड रोबिन मैचों के विजेता फाइनल में खेलेंगे।

एक अन्य मैच में गुरुवार को ही थाईलैंड की टीम लेबनान से भिड़ेगी। रविवार को होने वाले फाइनल से पहले दो हारने वाली टीमों के बीच कांस्य पदक का मुकाबला खेला जाएगा। भारतीय टीम अब तक छह मैच (चार हार और दो ड्रॉ) में इराक को नहीं हरा पाई है जिससे स्टिमक के मार्गदर्शन में खेलने वाली टीम के सामने की कड़ी चुनौती का पता चलता है। दोनों टीमों के बीच पिछला मैच 2011 एशियाई कप के दौरान खेला गया था। शारजाह में हुए इस मैत्री मैच में भारत को 0-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

स्टिमक ने मैच से पूर्व मीडिया से बात करते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि हम अरेबियन गल्फ कप चैंपियन इराक जैसी मजबूत टीम के खिलाफ कुछ अच्छा करने के लिए मैदान पर अपना सब कुछ झोंक देंगे।

उन्होंने कहा, ओमान, कतर और सऊदी अरब को हराने के बाद आगमी एशियाई कप में वे प्रबल दावेदारों में शामिल हैं। इसलिए हमारे लिए काफी मुश्किल होगी लेकिन उम्मीद करता हूं कि हमारे खिलाड़ी मैच का लुत्फ उठाएंगे। भारत चौथी बार किंग्स कप में हिस्सा ले रहा है। टीम 2019 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में खेल रही है। टीम ने तब सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। भारत ने हालांकि कांस्य पदक के मुकाबले में मेजबान थाईलैंड को।-0 से हराया था। भारतीय टीम पहली बार 1977 में किंग्स कप में खेली थी जहां टीम ने दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और इंडोनेशिया जैसी मजबूत टीमों को हराकर कांस्य पदक जीता था। टीम 1981 में ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में नाकाम रही थी। टूर्नामेंट के बाद टीम के कुछ सदस्य एशियाई खेलों के लिए हांगझोउ जाएंगे।

भारतीय टीम इस प्रकार है:

गोलकीपर: गुरप्रीत सिंह संधू, गुमीत सिंह

डिफेंडर: आशीष राय, निखिल पुजारी, संदेश झींगन, अनवर अली, मेहताब सिंह, लालचुंगनुंगा, आकाश मिश्रा

मिडफील्डर: जैकसन सिंह थोनाओजम, सुरेश सिंह वांगजाम, ब्रेंडन फर्नांडिस, सहल अब्दुल समद, अनिरुद्ध थापा, रोहित कुमार, आशिक कुरुनियन, नाओरेम महेश सिंह, लालियानजुआला चांगटे

फारवर्ड: मनवीर सिंह, रहीम अली, राहुल केपी

गुकेश तीसरे स्थान पर खिसके, प्रज्ञानानंदा की दूसरी हार

भाषा। कोलकाता

भारतीय खिलाड़ियों के लिए बुधवार को यहां टाटा स्टील शतरंज इंडिया में निराशाजनक दिन रहा जब रेपिड ओपन वर्ग में कल तक शीर्ष पर चल रहे डी गुकेश का अजेय अभियान थम गया और वह हमवतन विदित गुजराती के खिलाफ शिकस्त से तीसरे स्थान पर खिसक गए। युवा सनसनी आर प्रज्ञानानंदा को रेपिड वर्ग में एक और हार का सामना करना पड़ा। रेपिड वर्ग के अंतिम दिन अब तीन दौर के मुकाबले और खेले जाने बाकी है। दूसरे दिन के खेल के बाद कोई भारतीय खिलाड़ी शीर्ष पर नहीं है।

गुकेश, प्रज्ञानानंदा और गुजराती तीनों एकल बढ़त बनाने वाले फ्रांस के मैक्सिम वाचिएर लाग्रेव से डेढ़ अंक पीछे हैं। विश्व ब्लिट्ज चैंपियन 2021 वाचिएर लाग्रेव 4.5 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। विश्व कप 2019 विजेता अजरबेजान के तैमूर रादजाबोव के चार अंक हैं। वाचिएर लाग्रेव ने चौथे दौर में जर्मनी के 18 साल के विन्सेंट केमर को हराया जबकि अगले दौर में गुकेश से ड्रॉ खेला। उन्होंने दिन का अंत विश्व रेपिड चैंपियन 2021 उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसतारोव के खिलाफ जीत के साथ किया। विश्व कप के रजत पदक विजेता प्रज्ञानानंदा को अपनी दूसरी हार का सामना करना पड़ा। उन्हें पांचवें दौर में पी हरिकृष्णा ने हराया। मंगलवार को प्रज्ञानानंदा को केमर ने हराया था। प्रज्ञानानंदा ने दिन की शुरुआत नोदिरबेक के खिलाफ जीत के साथ की थी। दिन की अंतिम बाजी में उन्होंने एलेक्जेंडर ग्रिश्चुक से ड्रॉ खेला।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।